


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 17 वाइड, स्लो ओवर रेट, बर्दाश्त नहीं...

शशि थरूर ने लोकसभा चुनाव के लिए... 12



वर्ष : 14 | अंक : 321 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 05 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 20°C

**बाजार**

सोना 71,770

चांदी 80,800

सेंसेक्स 74,227

निफ्टी 22,514

# दुश्मन के एक साथ कई टारगेट तबाह करेगी अग्नि प्राइम, परीक्षण सफल

- उड़ान के दौरान अग्नि प्राइम ने अधिकतम सीमा तक अपने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया
- परमाणु मिसाइल अग्नि प्राइम का परीक्षण करके एयरोस्पेस की दुनिया में भारत का धमाका

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने नई पीढ़ी की परमाणु सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का ओडिशा तट पर बीती आधी रात को सफल परीक्षण किया है। डीआरडीओ में विकसित 2000 किलोमीटर रेंज की इस मिसाइल को जल्द ही सशस्त्र बलों में शामिल किया जाएगा। यह मिसाइल वजन में काफी है, इसलिए इसे पहले से सेवा में शामिल अग्नि-1 की जगह प्रतिस्थापित किये जाने की योजना है। भारत ने अग्नि प्राइम की नाइट लांचिंग करके एयरोस्पेस की दुनिया में धमाका कर दिया है। ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से डीआरडीओ ने यह परीक्षण किया। मिसाइल ने अधिकतम सीमा तक जाकर अपने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया। यह अग्नि सीरीज की आधुनिक, घातक, सटीक और मीडियम रेंज की परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल है। भारत की यह परमाणु मिसाइल एक साथ दुश्मन के कई टारगेट



तबाह कर सकती है। अग्नि प्राइम मिसाइल के तीन सफल विकासात्मक परीक्षणों के बाद उपयोगकर्ताओं की ओर से किया गया यह दूसरा प्री-इंडक्शन नाइट लॉन्च था, जिसने सिस्टम की सटीकता और विश्वसनीयता को मान्य किया। परमाणु मिसाइल का पहला प्री-इंडक्शन नाइट लॉन्च 07-08 जून, 2023 की रात को किया गया था। बीती रात परीक्षण के दौरान उड़ान डेटा को कैप्चर करने के लिए टर्मिनल बिंदु पर दो डाउनरेंज जहाजों सहित विभिन्न स्थानों पर राडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंटेशन तैनात किए गए थे। अग्नि प्राइम मिसाइल ने उच्च स्तर की सटीकता के साथ सभी मिशन उद्देश्यों को पूरा किया। विभिन्न स्थानों पर तैनात राडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंटेशन से मिले डेटा ने मिसाइल सिस्टम के प्रदर्शन को पूरी तरह सफल करार दिया है। सशस्त्र बलों में पहले से शामिल अग्नि-1 मिसाइल की जगह इसे प्रतिस्थापित किये जाने की योजना है। अग्नि परियोजना से जुड़े एक रक्षा अधिकारी ने कहा कि अग्नि-कसिंगल-स्टेज की मिसाइल है, जबकि 'अग्नि प्राइम' दो स्टेज के रॉकेट मोटर पर चलने वाली मिसाइल है, जिसका तीसरा स्टेज मैन्यूवरेबल रीएंट्री व्हीकल है। यानी इससे तीसरे स्टेज को दूर से नियंत्रित करके दुश्मन के टारगेट पर सटीक हमला किया जा सकता है। डबल-स्टेज अग्नि प्राइम में एक कनस्तर संस्करण होगा, जिससे इसे सड़क और मोबाइल लॉन्चर दोनों से फायर किया जा सकता है। इस पर 1500 किलोग्राम से 3000 किलोग्राम वजन के हथियार लगाए जा सकते हैं। 'अग्नि प्राइम' को बीईएमएल-टट्रा ट्रांसपोर्टर इरेक्टर लॉन्चर से दागा जाता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, एसएफसी तथा सशस्त्र बलों को इस सफल परीक्षण के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मिसाइल का सफल विकास और इसकी तैनाती सशस्त्र बलों के लिए एक उत्कृष्ट ताकत साबित होगी। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने इस सफल उड़ान परीक्षण के लिए एसएफसी और डीआरडीओ के प्रयासों की सराहना की।

## संक्षिप्त खबरें

### डाक मतपत्र संबंधी वायरल संदेश भ्रामक : चुनाव आयोग

नई दिल्ली। भारत चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाट्सऐप पर उस वायरल संदेश को भ्रामक और फर्जी बताया है जिसमें कहा गया है कि सरकारी कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से अपना वोट नहीं डाल सकते। आयोग ने एक्स पर लिखा, संदेश भ्रामक और फर्जी है। चुनाव ड्यूटी पर तैनात पात्र अधिकारी एवं कर्मचारी निर्दिष्ट मतदाता सुविधा केंद्र पर डाक मतपत्र के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं।

### वायुसेना का हेलीकॉप्टर लद्दाख में आपात स्थिति में उतरा, पायलट सुरक्षित

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना के एक अपाचे हेलीकॉप्टर को लद्दाख में आपात स्थिति में उतारना पड़ा। दुर्गम इलाके और अधिक ऊंचाई के कारण हेलीकॉप्टर को थोड़ा नुकसान पहुंचा है। वायुसेना ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वायुसेना के अनुसार, घटना बुधवार को हुई और विमान में सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। घटना की कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दे दिए गए हैं। वायुसेना ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, वायुसेना के अपाचे हेलीकॉप्टर को तीन अप्रैल को लद्दाख में एक परिचालन प्रशिक्षण उड़ान के दौरान आपात स्थिति में उतारना पड़ा। इस प्रक्रिया के दौरान असमतल इलाके और अधिक ऊंचाई के कारण हेलीकॉप्चर को थोड़ा नुकसान हुआ है। बयान में कहा गया, हेलीकॉप्टर में सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं और उन्हें निकटतम एयरबेस पर ले जाया गया है। घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया गया है।

### तेजस्वी ने पीएम से पूछे पांच सवाल

पटना। पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया के द्वारा प्रधानमंत्री के जमुई दौरे से पहले पांच सवाल पूछे हैं। तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया के एकाउंट एक्स पर लिखा है- प्रधानमंत्री जी, कृपया रैली में यह बताने का कष्ट करें कि 10 वर्षों में जमुई में कितने कारखाने लगवाए ? 10 वर्षों में जमुई में केंद्र से कितना निवेश आया ? 10 वर्षों में जमुई में कौन सा बड़ा प्रॉजेक्ट दिया ? 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने जमुई के कितने युवाओं को नौकरी दी ? 10 वर्षों में दो बार (2014, 2019) लोकसभा चुनाव प्रचार के अलावा आप जमुई में कभी भी विकास कार्यों के लिए क्यों नहीं आए ? आशा है आप मुद्दों की बात कर, बिहारवासियों को 10 वर्षों का हिसाब-किताब देंगे।

### देश के 6 राज्यों में हीटवेव, 43 डिग्री पहुंचा तापमान

नई दिल्ली। देश के 6 राज्यों में हीटवेव चल रही है। इनमें कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। यहां का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा गया है। भारतीय मौसम विभाग ने केरल, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और लक्षद्वीप में बारिश की संभावना जताई है। इसके अलावा पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी जारी रहने की बात कही है। इनमें जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश शामिल हैं। मौसम विभाग ने कहा कि 7 अप्रैल से मध्यप्रदेश के 18 और बिहार के 9 जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं, झारखंड में 7 अप्रैल तक राज्य में हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया है। मध्यप्रदेश में अप्रैल महीने में आंधी-बारिश का ट्रेंड है। पिछले 10 में से 7 साल बारिश हुई। इस बार भी ऐसा ही मौसम रहेगा। 7 अप्रैल से अगले 2 दिन प्रदेश के कई जिलों में आंधी-बारिश का दौर रहेगा। जबलपुर, भोपाल, शहडोल, रीवा समेत 18 जिलों में बारिश हो सकती है।

# मगध वाला भारत आज घर में घुसकर दुश्मन को मारता है: पीएम मोदी

प्रात : किरण/एजेंसी

जमुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को बिहार के जमुई लोकसभा क्षेत्र से चुनावी अभियान का आगाज किया। जमुई में राजग की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जहां विपक्ष पर जमकर निशाना साधा, वहीं विश्व में बढ़ती भारत की साख पर कहा कि आज का भारत दुश्मन को घर में घुसकर मारता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि याद कीजिए कि 10 साल पहले दुनिया में भारत को लेकर क्या राय होती थी। कांग्रेस के राज में भारत को गरीब और कमजोर देश माना जाता था। छोटे-छोटे देश आज जो आटे के लिए तरस रहे हैं, उनके आतंकी हम पर हमला कर के चले जाते थे और तब की कांग्रेस दूसरे देशों के पास शिकायत लेकर जाती थी, लेकिन मोदी ने कहा कि ऐसे नहीं चलेगा। भारत वही महान पाटलिपुत्र और मगध वाला भारत है। भारत वही चंद्रगुप्त मौर्य वाला भारत है। आज का भारत घर में घुसकर मारता है। मोदी ने कहा कि अब समय आ गया है कि बिहार और तेज गति से विकास करे। इसलिए वर्ष 2024 का चुनाव बिहार और भारत के भविष्य के लिए बहुत ही निर्णायक होने वाला है। यह चुनाव विकसित बिहार के सपनों को पूरा करने का चुनाव है। यह चुनाव विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने का चुनाव है। आज एक तरफ कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियां हैं जिन्होंने अपनी सरकार के समय पूरी दुनिया में देश का नाम खराब किया। दूसरी तरफ भाजपा और एनडीए है जिसका सिर्फ एक ही लक्ष्य है। वह लक्ष्य है विकसित भारत और खुशहाल बिहार का निर्माण करना। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जमुई में उमड़ा यह जनसैलाब बता रहा है कि इस बार जनता का मूड क्या है। जमुई से भाजपा और एनडीए के पक्ष में उठी यह हुंकार बिहार के साथ-साथ पूरे देश में गूंज रही है। जमुई, नवादा, मुंगेर और बांका के साथ-साथ बिहार की सभी 40 सीटें एनडीए के खाते में डालने का बिहारवासियों ने निर्णय कर लिया है। इसके लिए मैं बिहार के लोगों को नमन करता हूं। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज पूरा बिहार कह रहा है, फिर एक बार मोदी सरकार। मैं जब भी आपके बीच आया हूं, आपने मुझे भरपूर प्यार और



अपनापन दिया है। लेकिन आज इस मंच से एक कमी हम सभी को महसूस हो रही है। हमारे लिए यह पहला चुनाव है जब बिहार के बेटे, दलितों, वंचितों के प्रिय और मेरे परम मित्र रामविलास पासवान हमारे बीच नहीं हैं लेकिन मुझे संतोष है कि रामविलास पासवान के विचार को मेरे छोटे भाई चिराग पासवान पूरी गंभीरता से आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की धरती पूरे देश को दिशा दिखाने वाली रही है। बिहार की इस धरती ने आजादी की लड़ाई में और स्वतंत्र भारत की नींव मजबूत करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है लेकिन दुर्भाग्य से बिहार के सामर्थ्य के साथ आजादी के बाद पांच-छह पीढ़ियों के साथ यहां न्याय नहीं हो पाया। राजग गठबंधन ने कठिन परिश्रम करके बिहार को एक बहुत बड़े दलदल से बाहर निकाला है।

### घमंडिया गठबंधन वाले बिहार को लालटेन युग में रखना चाहते हैं

जमुई/नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि घमंडिया गठबंधन वाले बिहार को लालटेन युग में रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस के शासन मॉडल के कारण बिहार में जंगल राज और नक्सलवाद चरम पर रहा है, जिससे दशकों तक राज्य का विकास रुका रहा। लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के जमुई में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा, ₹जमुई का मूड बिहार में एनडीए के पक्ष में सभी 40 सीटों के साथ अब की बार 400 पार को प्रतिबिंबित करता है।₹ उन्होंने बिहार के कल्याण और इसके विकास के लिए समर्पित स्वर्गीय राम विलास पासवान के योगदान के प्रति अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त की। रामविलास पासवान के पुत्र चिराग पासवान को अपना छोटा भाई बताते हुए मोदी ने कहा, ₹मुझे संतोष है कि रामविलास के विचार को मेरे छोटे भाई चिराग पासवान पूरी गंभीरता से आगे बढ़ा रहे हैं। बिहार के लोगों को होने वाले घोर अभाव पर बोलते हुए, मोदी ने कहा कि बिहार की 5-6 से अधिक पीढ़ियों को इंडी गठबंधन के तहत घोर अभाव और अविकसितता का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन ने कभी भी बिहार के लोगों की क्षमता और प्रतिभा को सशक्त नहीं बनाया। मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में, बिहार ने सभी स्तरों पर सुधार देखा है और इसे जारी रखने के लिए, बिहार के लोगों को अपने समृद्ध भविष्य को ध्यान में रखते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव में हमें वोट देना चाहिए। उन्होंने कहा, आपको विकसित बिहार और विकसित भारत के लिए एन.डी.ए. को वोट देना चाहिए।

# सोनिया गांधी ने ली राज्यसभा सदस्यता की शपथ, मल्लिकार्जुन खड़गे ने दी बधाई

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने गुरुवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। वह राजस्थान से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुई हैं। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें शपथ दिलाई। राज्यसभा सदस्य के तौर पर सोनिया के अपनी नई पारी शुरू करने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। खड़गे ने एक्स पर लिखा, प्रतिकूल परिस्थितियों और उथल-पुथल के मद्देनजर उनका साहसी लचीलापन और गरिमामय अनुग्रह हमारी संसदीय रणनीति का मार्गदर्शन करता रहेगा। उन्होंने लोकसभा में सेवा करते हुए 25 वर्ष पूरे कर लिए हैं और अब मैं और मेरे साथी सदस्य उच्चसदन में उनकी



उपस्थिति का इंतजार कर रहे हैं। मैं उनके सफल कार्यकाल की कामना करता हूं। सोनिया गांधी के शपथ के मौके पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और रॉबर्ट वाड्रा भी मौजूद रहे। राज्यसभा सदस्य के तौर पर 77 वर्षीय सोनिया गांधी का यह पहला कार्यकाल है। सोनिया रायबरेली लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। वह अब लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। वर्ष 1999 में कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभालने के बाद वह पहली बार लोकसभा सदस्य चुनी गई थीं। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बाद सोनिया गांधी राज्यसभा में प्रवेश करने वाली गांधी परिवार की दूसरी सदस्य हैं। इंदिरा गांधी अगस्त 1964 से फरवरी 1967 तक राज्यसभा की सदस्य थीं।

# सुबह-सुबह कांग्रेस से इस्तीफा दिया गौरव वल्लभ ने, दोपहर में थामा भाजपा का दामन

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने बृहस्पतिवार को सुबह-सुबह पार्टी से इस्तीफा दे दिया और फिर दोपहर में भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। वल्लभ के अलावा कांग्रेस की बिहार इकाई के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने भी पार्टी महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। वल्लभ ने यह कहते हुए कांग्रेस से इस्तीफा दिया कि वह सनातन विरोधी नारे नहीं लगा सकते तथा वेल्थ क्रिएटर्स को



गाली नहीं दे सकते। वल्लभ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखा त्यागपत्र सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किया। उन्होंने कहा कि पार्टी जिस तरह से दिशाहीन होकर आगे बढ़ रही है, उसे देखते हुए वह खुद को सहज महसूस नहीं कर पा रहे थे। वल्लभ कई महीनों से पार्टी की ओर से टेलीविजन कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो रहे थे और लंबे समय से उनकी कोई प्रेस वार्ता भी नहीं हुई थी। वल्लभ ने त्यागपत्र में यह दावा भी किया कि वर्तमान में आर्थिक मामलों पर कांग्रेस का रुख हमेशा 'वेल्थ क्रिएटर्स' को नीचा दिखाने वाला रहा है तथा देश में होने वाले हर विनिवेश पर पार्टी का नजरिया नकारात्मक रहा है। उनका कहना है कि आर्थिक मुद्दों पर पार्टी के रुख को लेकर भी वह घुटन महसूस कर रहे थे।

# कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने संघ और भाजपा पर साधा निशाना

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया एक बैठक में शामिल होने मैसूर पहुंचे। यहां बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वह भाजपा में कभी भी शामिल नहीं होंगे, चाहे इसके लिए उन्हें पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री पद का लालच ही क्यों दिया जाए। इसके साथ सिद्धारमैया ने लोकसभा उम्मीदवार एम. लक्ष्मण भारी मतो से विजयी बनाने की अपील की। कर्नाटक के मैसूर में कांग्रेस कार्यालय में आयोजित एससी-एसटी कार्यकताओं और नेताओं की बैठक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि वह भाजपा में किसी भी कीमत पर शामिल नहीं होंगे, चाहे उन्हें पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री पद की पेशकश ही क्यों न की जाए।

# हेमा मालिनी पर सुरजेवाला की टिप्पणी को भाजपा ने बताया महिलाओं का अनादर

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। हेमा मालिनी पर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला की टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा ने कांग्रेस को महिलाओं का अनादर करने वाला बताया है। गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा भारतीय



राजनीति में महिलाओं की गरिमा का अनादर और अपमान करने का एक नया स्टेटस है। ऐसा लगता है कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री को लोगों से मिल रहे अपार जनसमर्थन से विपक्ष ने अपना मानसिक संतुलन खो दिया है। एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी, जिन्होंने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव, जहां भारत उतरने वाला पहला देश बना, को 'शिव-शक्ति' बिंदु का नाम दिया और दूसरी तरफ कांग्रेस नेता का बयान महिलाओं के प्रति उनकी पार्टी की सोच दर्शाती है।

# राहुल गांधी को धराशायी करने में जुटी हैं स्मृति ईरानी

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। भाजपा का दिग्गज नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी,कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पीछे पड़ी है। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी में अपनी जीत के बाद भी राहुल गांधी का पीछा नहीं छोड़ा है। उन्होंने कई बार वायनाड का भी दौरा किया। अब खबर आ रही है कि वह राहुल गांधी के खिलाफ मैदान में उतरे भाजपा कैंडिडेट के नॉमिनेशन में शिरकत करेंगी। भाजपा और स्मृति ईरानी की कोशिश है कि वायनाड को गांधी परिवार के लिए आसान सीट नहीं बनने दिया जाए। कभी कांग्रेस कांग्रेस का गढ़ रही अमेठी लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व संजय गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी कर चुके हैं।

# हर कीमत पर चंदा लेने के लिए चुनावी बॉण्ड योजना को आगे बढ़ाया गया: कांग्रेस

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि हर कीमत पर चंदा वसूलने की भारतीय जनता पार्टी की चाह के चलते चुनावी बॉण्ड योजना को आगे बढ़ाया गया जिसकी कीमत पूरे देश को चुकानी पड़ी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इस मामले में हर गुजरते दिन के साथ भ्रष्टाचार और स्पष्ट होता जा रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, "चुनावी बॉण्ड मामले में चार मुख्य तरीकों से भ्रष्टाचार हुआ है। हर गुजरते दिन के साथ ऐसे उदाहरण सामने आ रहे हैं जिनसे भ्रष्टाचार की और अधिक स्पष्ट



रूप से पुष्टि होती है।" रमेश ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रोत्साहन से हुए इस भ्रष्टाचार ने पूरे देश को अपने चपेट में ले लिया है। उनका कहना था, "सात वर्षों (2016-17 से 2022-23) में कर अदायगी के बाद नकारात्मक या लगभग शून्य लाभ वाली 33 कंपनियों ने भाजपा को 434.2 करोड़ का चंदा दिया। इन 33 कंपनियों का कुल शुद्ध घाटा एक लाख करोड़ रुपये से अधिक था। इन 33 कंपनियों में से 16 ने कुल मिलाकर शून्य या नकारात्मक प्रत्यक्ष कर का भुगतान किया है। ऐसी आशंका है कि इन 33 कंपनियों में से अधिकतर धनशोधन के उद्देश्य से बनाई गई शेल (फर्जी) कंपनियां हैं।" रमेश ने दावा किया कि भाजपा को छह ऐसी कंपनियों द्वारा 601 करोड़ रुपये का चंदा मिला, जिनका 2016-17 से 2022-23 तक कुल मिलाकर सकारात्मक शुद्ध लाभ था, लेकिन उनका चुनावी बॉण्ड का चंदा उनके कुल शुद्ध लाभ से काफी अधिक है।

**आदेश** पूरा मामला चारों जिलों में रेत खनन स्थलों से जुड़ा है

# जांच एजेंसी किसी भी सूचना के लिए किसी को भी पूछताछ के लिए तलब कर सकती है: सुप्रीम कोर्ट

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। तमिलनाडु के रेत खनन मामले में ईडी ने चार जिला कलेक्टरों को तलब किया था। ईडी उचित दस्तावेजों के साथ कलेक्टरों से पूछताछ करना चाह रही थी। लंबा समय बीतने के बाद भी वेल्लोर, अरियालुर, कर्नूर और तिरुचि के कलेक्टर ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। अंततः मामला सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की पीठ में पहुंच गया। मामले की सुनवाई के दौरान तमिलनाडु की तरफ से उपस्थित



वकील कपिल सिब्बल ने अपनी दलील देते हुए कहा कि चारों जिले के कलेक्टर न तो गवाह हैं और न ही आरोपी हैं, ऐसे में क्या ईडी इस तरह से किसी को भी तलब कर सकती है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हांञ्जांच एजेंसी किसी भी सूचना के लिए किसी को भी पूछताछ के लिए तलब कर सकती है। साथ ही शीर्ष अदालत ने चारों जिलों के कलेक्टर्स को ईडी के समक्ष पेश होने का आदेश दिया। पूरा मामला चारों जिलों में रेत खनन स्थलों से जुड़ा है। तमिलनाडु के चारों कलेक्टर्स ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि प्रदेश में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान है और वे इसकी तैयारियों में जुटे हैं। लिहाजा, जांच एजेंसी के समक्ष सशरीर पेश होने में असमर्थ हैं। साथ ही उन्हें सूचना इकट्ठा करने के लिए भी वक्त चाहिए। चारों जिलों के जिलाधीशों ने कोर्ट को बताया कि जांच एजेंसी ने उनसे जो सूचनाएं मांगी हैं, वे जिले के अन्य विभाग से संबंधित हैं। ऐसे में उन्हें एकत्र कर उनका पुष्टि करना जरूरी है। हालांकि, कोर्ट ने उनकी इस दलील को खारिज कर दिया। मामले की सुनवाई कर रही जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि उनका (चारों जिलों के कलेक्टर) यह व्यवहार सुप्रीम कोर्ट के 27 फरवरी के आदेश के प्रति बहुत ही कम सम्मान को दर्शाता है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 05 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### पीएम नरेंद्र मोदी ने 16 बार लिया कांग्रेस का नाम, देश को तोड़ने वाली पार्टी करार दिया

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** रुद्रपुर में पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण को जनमन की आवाज देने का प्रयास किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मोदी मैदान में उमड़ी भीड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऐसा गदगद किया कि अपने भाषण को जनमन की आवाज देने का प्रयास किया। उनके भाषण में विकास के सब्जबाग भी थे और गारंटियों की भरमार भी। विपक्षी दल कांग्रेस के लिए आक्रामक अंदाज था। कांग्रेस को निशाने पर ऐसा लिया कि अपने भाषण में 16 बार कांग्रेस का नाम लिया। उसे देश को तोड़ने वाली पार्टी करार दिया। मोदी ने अपने दस साल को ट्रेलर बताया। कहा कि हमारी सरकार में दस साल में जो हुआ है, पहले वालों से बहुत ज्यादा हुआ है। हर कोई मानता है लेकिन मोदी नहीं मानता। मोदी कहता है दस साल में हुआ विकास सिर्फ टेलर है। अभी बहुत कुछ करना है। अभी तो हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है। तब तक न रुकना है न थकना है..। पिछले चुनावों में आम आदमी पार्टी को गारंटी देने वाला दल माना जाता था लेकिन अब अन्य दलों ने भी जनता तक सीधे पहुंच बनाने के लिए गारंटी का मंत्र पकड़ा है। पीएम ने इस रैली में भी कई गारंटियों से जनता से सीधे जुड़ाव की कोशिश की।

### जिला चिकित्सालय में बढ़ गए मरीज

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जिले के अस्पतालों में तैनात चिकित्सकों का अनुबंध समाप्त होने से लोगों के साथ ही स्वास्थ्य विभाग की दिक्कत बढ़ गई है। गांवों के अस्पताल खाली होने से जिला अस्पताल में मरीजों का दबाव बढ़ गया है। मंगलवार को ओपीडी में 600 रोगी पहुंचे जबकि सोमवार को इनकी संख्या 390 थी। सोमवार को जिले के अस्पतालों में तैनात 150 चिकित्सकों का अनुबंध समाप्त हो गया है और वे सेवा से बाहर हो गए हैं। उनकी सेवा छोड़ने से अस्पताल खाली हो गए हैं। दूरस्थ क्षेत्रों के अस्पतालों में तैनात चिकित्सकों का अनुबंध समाप्त होने से यहां के मरीज उपचार के लिए भटकते हुए जिला मुख्यालय की दौड़ लगाने के लिए मजबूर हैं। भीड़ अधिक होने से पर्ची काउंटर से लेकर चिकित्सकों के कक्ष के बाहर मरीजों की भीड़ उमड़ी रही। ऐसे में उन्हें पर्ची काटने और उपचार के लिए अपनी बारी का घंटों इंतजार करना पड़ा।

### गर्मी की दस्तक के साथ लोगों की पसंद बना काफल, बिक रहा 300 रुपये किलो

**भवाली, एजेंसी।** गर्मी शुरू होने के साथ ही पहाड़ी फल काफल बाजार में दस्तक दे रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों को सीजनल आय देने वाला काफल बाजार में 300 रुपये किलो बिक रहा है। भवाली मंडी में काफल इस बार पाडली गांव से पहुंचा है। जबकि नगर की घनश्याम बिष्ट एंड कंपनी की मंडी में काफल 350 रुपये किलोग्राम बिक रहा है। आमतौर पर उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में काफल अप्रैल से जून तक स्वत उगने वाला फल है। इस दौरान ग्रामीण काफल को तोड़कर बजार में बेचकर अपनी मासिक आजीविका भी चलाते हैं। आढ़ती ज्ञानी बिष्ट ने बताया कि इस सीजन में पहली बार काफल पहुंच चुका है। पाडली के ग्रामीण हरीराम मंडी में काफल लेकर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि मंडी में काफल 350 रुपये किलो तो औल फुटकर में 450 रुपये तक बिक रहा है। भवाली वन क्षेत्राधिकारी विजय मलकानी ने बताया कि काफल के पेड़ों का हर वर्ष कृषिकरण कर भवाली रेंज में 500 से 1000 पेड़ प्रति वर्ष लगाए जा रहे हैं।

# हल्द्वानी हिंसा: मलिक, बेटा मोईद और पत्नी साफिया तीनों की ईद अब जेल में मनेगी





**नैनीताल, एजेंसी।**
हल्द्वानी हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक, उसका बेटा अब्दुल माईद और पत्नी साफिया को पुलिस 54 दिन में पकड़कर जेल भेजने में कामयाब रही। अब अब्दुल मलिक के परिवार के तीन लोग नैनीताल और हल्द्वानी जेल में हैं।

हल्द्वानी हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक, उसका बेटा अब्दुल माईद और पत्नी साफिया को पुलिस 54 दिन में पकड़कर जेल भेजने में कामयाब रही। अब अब्दुल मलिक के परिवार के तीन लोग नैनीताल और हल्द्वानी जेल में हैं। इस ईद में बाप-बेटे साथ जेल में ही ईद मनाएंगे। उधर साफिया अकेले हल्द्वानी जेल में रहेगी। हालांकि बनभूलपुरा हिंसा के अन्य सभी आरोपी हल्द्वानी जेल में बंद हैं।

हल्द्वानी हिंसा आठ फरवरी को मलिक के बगीचे के कारण हुई थी। इसलिए पुलिस ने अब्दुल मलिक और उसके बेटे को मोस्ट वांटेड बताया। उधर साफिया मलिक ने मरे हुए व्यक्ति के झूठे शपथ पत्र लगाकर और मरे व्यक्ति के नाम पर हाईकोर्ट में रिट डालकर सरकारी जमीन को हड़पने का प्रयास किया। साफिया मलिक के खिलाफ नगर निगम की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया था।

बनभूलपुरा हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई थी और 150 लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने बनभूलपुरा हिंसा के पीछे अब्दुल मलिक का हाथ बताया और कहा कि वो ही हिंसक भीड़ का नेतृत्व कर रहा था। आठ मार्च को हुई हिंसा के 16 दिन बाद यानी 24 फरवरी को पुलिस ने मलिक को गिरफ्तार कर लिया। जिस जमीन से हिंसा भड़की वह जमीन मलिक के कब्जे में थी। उस पर मलिक ने अवैध मदरसा और धार्मिक स्थल बनाया था। वहीं जमीन को छोटे-छोटे प्लाट में 50 से 100 रुपये के स्टांप में बेच रहा था। जब हिंसा से पूर्व निगम की टीम अवैध अतिक्रमण तोड़ने गई थी तो मलिक की नगर आयुक्त से तीखी बहस भी हुई थी। वह बचने के लिए राजस्थान, हिमांचल, दिल्ली सहित कई जगह भागा। पुलिस ने उसे दिल्ली से गिरफ्तार किया था।

बेटा अब्दुल मोईद 29 फरवरी को हुआ गिरफ्तारमोईद बनभूलपुरा हिंसा के 21 दिन बाद हुआ गिरफ्तार हुआ था। अब्दुल मलिक और अब्दुल मोईद की गिरफ्तारी दिल्ली से हुई थी। पुलिस ने अब्दुल मोईद पर भी हिंसा भड़काने, लोगों को फंड उपलब्ध कराने के आरोप लगाए हैं। अब्दुल मोईद की गिरफ्तारी भी दिल्ली से हुई थी। वह उससे पहले राजस्थान, गुजरात सहित कई जगह भागा।

हल्द्वानी हिंसा को लेकर पुलिस ने तीन एफआईआर घटना के दूसरे दिन ही दर्ज की। 22 फरवरी को नगर निगम की तहरीर पर पुलिस ने अब्दुल मलिक, उसकी पत्नी साफिया और चार अन्य लोगों के खिलाफ हल्द्वानी पुलिस स्टेशन में धारा 420, 417 और 120-बी (आपराधिक साजिश) के तहत एक अन्य मुकदमा दर्ज किया। जिसमें उन पर आपराधिक साजिश करते हुए मृत व्यक्ति के नाम का उपयोग करके कथित तौर पर अवैध प्लॉटिंग, अवैध निर्माण और भूमि का अवैध हस्तांतरण करने का आरोप लगाया गया। साथ ही मृत व्यक्ति के नाम से शपथ पत्र बनाने, कोर्ट में रिट डालने का भी आरोप लगाया गया। बनभूलपुरा क्षेत्र में आठ फरवरी की शाम को उस वक्त हिंसा भड़क गई थीं, जब हल्द्वानी नगर निगम और नैनीताल प्रशासन के कर्मचारियों ने दो निर्माणों को इस आधार पर गिराने गया था कि वे नजूल की भूमि पर अवैध रूप से बनाए गए हैं। 22 साल पुराने इन निर्माणों को गिराए जाने से नाराज स्थानीय लोगों ने कई वाहनों समेत बनभूलपुरा पुलिस स्टेशन में आग लगा दी थी।

## रामनगर में भाजपा नेता के घर पर फायरिंग, बाइक सवार बदमाशों ने की गोलीबारी

**रुड़की, एजेंसी।** गंगनहर कोतवाली क्षेत्र स्थित रामनगर में भाजपा नेता रॉबिन चौधरी का घर है। बताया जा रहा है कि रात करीब 11ः30 बजे एक बाइक पर तीन नकाबपोश बदमाश उनके घर के बाहर पहुंचे और दो राउंड फायरिंग कर दी। रुड़की में भाजपा नेता के घर पर हमला हुआ है। बाइक सवार तीन बदमाशों ने भाजपा नेता के घर दो राउंड फायरिंग की। फायरिंग से हड़कंप मच गया है। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर दौड़े और मामले की जानकारी ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास के सीसीटीवी खंगाले गए हैं। पुलिस ने तहरीर के अधार पर केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, गंगनहर कोतवाली क्षेत्र स्थित रामनगर में भाजपा नेता रॉबिन चौधरी का घर है। बताया जा रहा है कि रात करीब 11ः30 बजे एक बाइक पर तीन नकाबपोश बदमाश उनके घर के बाहर पहुंचे और दो राउंड फायरिंग कर दी। एक गोली उनकी कर में जाकर लगी। जबकि दूसरी गोली उनके घर के गेट पर जाकर लगी। गोली की आवाज सुनकर भाजपा नेता और उनके परिवार के लोग घर से बाहर आए तो बाइक सवार बदमाश मौके से फरार हो गए। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी गोविंद कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि बदमाशों की तलाश के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। साथ ही तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में जानकारी जुटाई जा रही है कि भाजपा नेता की किसी से रंजिश तो नहीं है।



## रामनगर का सरकारी अस्पताल पीपीपी मोड़ से हटा, चार साल बाद अब हॉस्पिटल को सरकार चलाएगी




**रामनगर, एजेंसी।** रामनगर का सरकारी अस्पताल चार साल से पीपीपी मोड पर संचालित हो रहा था। जिसे अब पीपीपी मोड से हटा दिया गया है। पीपीपी मोड संचालक को पत्र जारी करते हुए जुलाई तक अस्पताल को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया गया है। चार साल से रामनगर का सरकारी अस्पताल पीपीपी मोड पर संचालित हो रहा था। जिसे अब पीपीपी मोड से हटा दिया गया है। पीपीपी मोड संचालक को पत्र जारी करते हुए जुलाई तक अस्पताल को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया गया है। सात जुलाई 2020 को प्रदेश सरकार की ओर से रामनगर के रामदत्त जोशी संयुक्त चिकित्सालय को उत्तर प्रदेश की शुभम सर्वम कंपनी को दे दिया था। तब से अस्पताल पीपीपी मोड के अंतर्गत शुभम सर्वम कंपनी ही चला रही थी। पीपीपी मोड पर अस्पताल संचालित होने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं आया और अब भी यह अस्पताल केवल रैफरल सेंटर के रूप में संचालित हो रहा है। डॉक्टरों व स्टॉफ द्वारा अभद्रता करने और गलत व्यवहार को लेकर आए दिन यहां पर जनप्रतिनिधि धरना-प्रदर्शन करते रहते थे। जब भी प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री यहां पर निरीक्षण करने पहुंचते है, उस समय यहां की स्थानीय जनता उनसे अस्पताल को पीपीपी मोड से हटाने की गुहार लगाती रही है। उत्तराखंड हेल्थ सिस्टम डेवलपमेंट प्रोजेक्ट की ओर की ओर चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के महानिदेशक को एक अप्रैल को पत्र जारी हुआ। पत्र में लोक निजी सहभागिता अंतर्गत संचालित रामदत्त जोशी चिकित्सालय रामनगर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिकियासैण, सामुदायिक केंद्र बिरौंखाल को अनुबंधावधि 6 जुलाई 2024 को पूर्ण हो रही है। ऐसे में 6 जुलाई तक पीपीपी मोड संचालक को अस्पताल हस्तांतरित करना होगा। ताकि 7 जुलाई से सरकार की ओर से अस्पताल संचालित हो सके। उत्तराखंड हेल्थ सिस्टम डेवलपमेंट प्रोजेक्ट की ओर की पत्र प्राप्त हुआ है। पत्र के अनुसार रामदत्त जोशी चिकित्सालय को पीपीपी मोड संचालक को 6 जुलाई तक हस्तांतरित करना है। इसके लिए पीपीपी मोड संचालक को तीन माह का समय दिया गया है।

## वकील समेत 10 लोगों पर हत्या के प्रयास का मुकदमा

**रूड़की, एजेंसी।** कोर्ट परिसर में वकील और दूसरे पक्ष के बीच मारपीट हो गई। आरोप है कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

गंगनहर कोतवाली पुलिस को जावेद फारुख एडवोकेट ने तहरीर देकर बताया कि वह रामनगर सिविल कोर्ट में बतौर वकील प्रैक्टिस करते हैं। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे वह अपनी मुवक्किल रुबी के मुकदमे में पैरवी करने जा रहे थे। उनके साथ अहकाम और विकास भी थे। आरोप है कि तभी मोहम्मद सलीम जावेद व उसके पिता मतलूब ने कोर्ट के बाहर उन्हें पकड़ लिया और गाली-गलौज करते हुए पीटकर नीचे गिरा दिया। आरोप है कि दोनों ने जान से मारने की नीयत से उनका गला दबा दिया और किसी नुकीली चीज से हमला कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने उन्हें बचाया। उधर, सलीम जावेद निवासी पुरानी तहसील ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह कोर्ट में तारीख पर गए थे। इस बीच कुछ लोगों ने उन्हें व उनके पिता मतलूब अहमद को घेर लिया और जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। इसमें उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें गंभीर हालत में हायर सेंटर में भर्ती कराया गया है। कोतवाली प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि जावेद फारुख एडवोकेट की तहरीर पर सलीम जावेद और मतलूब अहमद के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया गया है। सलीम जावेद की तहरीर पर रूबी, रिजवान, रियाज अहमद, समीर अहमद, जावेद फारुख एडवोकेट और तीन अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## 324 डाकघरों में कामकाज ठप, चार लाख उपभोक्ता परेशान; 30 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ प्रभावित

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जिले के अल्मोड़ा और रानीखेत मंडल के अंतर्गत 324 डाकघर संचालित हैं, इनसे चार लाख से अधिक उपभोक्ता जुड़े हैं। एक अप्रैल को सॉफ्टवेयर में आई दिक्कत के चलते सभी डाकघरों में कामकाज ठप हो गया जो आज तक शुरू नहीं हो सका है।

अल्मोड़ा में सॉफ्टवेयर में दिक्कत के चलते जिले भर के डाकघरों में कामकाज ठप है, इससे चार लाख से अधिक उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। लेनदेन न होने से उपभोक्ता न तो अपने खातों में पैसा जमा कर पा रहे हैं और न ही उन्हें अपनी जमा पूंजी मिल पा रही है। तकनीकी दिक्कत से इन डाकघरों में अब तक 30 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार प्रभावित हुआ है।

जिले के अल्मोड़ा और रानीखेत मंडल के अंतर्गत 324 डाकघर संचालित हैं, इनसे चार लाख से अधिक उपभोक्ता जुड़े हैं। एक अप्रैल को सॉफ्टवेयर में आई दिक्कत के चलते सभी डाकघरों में कामकाज ठप हो गया जो आज तक शुरू नहीं हो सका है। सबसे अधिक दिक्कत लेनदेन में आ रही है। बुधवार को भी जिला मुख्यालय के प्रधान डाकघर में दूर-दराज से बढ़ी संख्या में लोग लेनदेन के लिए पहुंचे। लंबे इंतजार के बाद भी उन्हें राहत नहीं मिल सकी और उन्हें बैरंग लौटना पड़ा। इन डाकघरों में हर रोज 10 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होता है। सॉफ्टवेयर में दिक्कत के चलते तीन दिनों में 30 करोड़ से अधिक का कारोबार प्रभावित हुआ है।

15 अप्रैल के बाद वैवाहिक सीजन शुरू होगा। लोग अपने बेटे-बेटी के विवाह की तैयारियों में जुटे हैं।

## मरीजों के प्राथमिक चरण में हो सकेगी कैंसर की पहचान

**ऋषिकेश, एजेंसी।** एम्स को जल्द ही पीईटी सीटी मशीन (पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी और कम्प्यूटरीकृत टोमोग्राफी) उपलब्ध हो जाएगी। जिससे यहां प्रारंभिक चरण में ही कैंसर रोग की पहचान हो सकेगी। उक्त अत्याधुनिक मशीन को लगाने और खरीदने की परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड) मुंबई से एम्स प्रशासन को पिछले वर्ष अनुमति मिल चुकी है। सरकारी एजेंसी के माध्यम से मशीन खरीद के लिए आर्डर दे दिया है। एम्स प्रशासन का कहना है कि एक-दो माह के भीतर मशीन उपलब्ध हो जाएगी। पीईटी सीटी से कैंसर के रोगियों की जांच और उपचार करने वाला एम्स उत्तराखंड का पहला सरकारी चिकित्सा संस्थान होगा। एमआरआई और सीटी स्कैन की जांच में 40 से 45 फीसदी मरीजों में प्रारंभिक चरण में कैंसर का पता नहीं लग पाता है। पीईटी सीटी मशीन प्रारंभिक चरण में कैंसर का पता लगाने में मदद करता है। इस मशीन से एमआरआई की अपेक्षा कैंसर की जांच व पहचान जल्दी होती है। अभी तक एम्स में एमआरआई और सीटी स्कैन से ही कैंसर रोगियों की जांच होती है। इस मशीन से उपचार का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह मशीन उपचार के दौरान केवल उसी कोशिका को टारगेट करती है जो कैंसर से प्रभावित है।

## मतदान केंद्र पहुंचने से पहले ही फूलने लगी सांसें, चुनाव ड्यूटी से बचने के लिए बीमारी का बहाना

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव की तिथि नजदीक आते ही मतदान कर्मियों की सांस फूलने लगी है। अंदाजा लगाया जा सकता है मतदान कर्मी ड्यूटी से बचने के लिए बीमारी का बहाना करते हुए ड्यूटी निरस्त करने के लिए आवेदन कर रहे हैं। अब तक 88 मतदान कर्मियों ने जिला अस्पताल पहुंचकर बीमारी का हवाला दिया है। कई कर्मी बीमार मिल रहे हैं तो कई स्वस्थ।

अल्मोड़ा जिले के 920 मतदान केंद्रों में 19 अप्रैल को देश की सरकार बनाने के लिए मतदान होगा। इन मतदान केंद्रों में 3680 मतदान कर्मियों पर निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने की जिम्मेदारी होगी। चुनाव तिथि नजदीक आते ही कई मतदान कर्मी बीमारी का हवाला देकर इस जिम्मेदारी से बचने की कोशिश करने लगे हैं। मतदान कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए जिला अस्पताल में तीन चिकित्सकों के दल की तैनाती की गई है। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक अब तक 88 मतदान कर्मियों ने बीमारी का हवाला दिया है। स्वास्थ्य परीक्षण में तीन कर्मचारी स्वस्थ मिले जबकि अन्य कर्मी बीमारी से ग्रसित मिले हैं।

बीमारी का बहाना करने वाले मतदान कर्मियों का निर्वाचन आयोग स्वास्थ्य परीक्षण करा रहा है। चिकित्सकों के दल की तरफ से जांच के बाद बीमार मिलने पर ही मतदान कर्मियों को चुनाव ड्यूटी से हटाया जाएगा।

बहाना बनाने वाले मतदान कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई भी होगी।

## डेढ़ माह के शिशु के सिर को सर्जरी से दिया गोल आकार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** एम्स के चिकित्सकों ने क्रानियोसिनेस्टोसिस से पीड़ित नवजात डेढ़ माह के बच्चे के सिर का सफल ऑपरेशन किया है। नवजात अब पूर्ण रूप से स्वस्थ है। दावा किया कि पूरे देश में एम्स ऋषिकेश ही एकमात्र सरकारी संस्थान है जहां यह सुविधा उपलब्ध है।

एम्स के चिकित्सकों के मुताबिक नवजात बच्चे का सिर गोल आकार में न होकर बेडौल था। बच्चा हरिद्वार का रहने वाला है। इसका जन्म एम्स ऋषिकेश में ही हुआ है। आमतौर पर यह सर्जरी न्यूनतम चार महीने के शिशु की ही जाती है, लेकिन इतनी छोटी उम्र के बच्चे के सिर की सर्जरी कर उसके बेडौल सिर को सामान्य आकार देने का एम्स में यह पहला मामला है।प्लास्टिक चिकित्सा विभाग की सर्जन डॉ. देवब्रती चटोपाध्याय ने बताया कि स्प्रिंग असिस्टेड क्रैनियोप्लास्टी तकनीक से नवजात का उपचार किया गया।

टीम में शामिल रहे न्यूरो सर्जन और न्यूरो सर्जरी विभाग के हेड प्रो. रजनीश अरोड़ा ने बताया कि बच्चे का सिर का साइज बहुत छोटा और बेडौल था। यदि यह सर्जरी नहीं की जाती तो उम्र बढ़ने पर उसके सिर और मस्तिष्क का विकास नहीं हो पाता है। यह सर्जरी बेहद संवेदनशील और जोखिम भरी थी। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. संजीव कुमार मित्तल ने इस तकनीक को सर्जरी के क्षेत्र में मील का पत्थर बताया और डॉक्टरों की टीम की सराहना की।

बर्न एवं प्लास्टिक शल्य चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विशाल मागो ने बताया कि क्रानियोसिनेस्टोसिस जन्मजात विकृति है। जिसमें बच्चे की खोपड़ी की हड्डियां बहुत जल्दी एक साथ जुड़ जाती हैं। इससे सिर पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो पाता है। जिससे मस्तिष्क पर दबाव ज्यादा हो जाता है। बच्चे के विकास में बाधा आती है। बच्चे का मस्तिष्क बढ़ने के साथ सिर अधिक विकृत हो जाता है। एम्स ऋषिकेश में अब तक ऐसे छह बच्चों की सर्जरी की जा चुकी है।

# एक महीने मजार में छिपी रही साफिया मलिक, पुलिस ने बरेली से पकड़ा; दो दिन में विदेश जाने वाली थी



**नैनीताल , एजेंसी।**
पुलिस साफिया की खोज में दिल्ली, मुंबई, हरियाणा व बिहार तक गई। वह बरेली की एक मजार में एक महीने तक छिपी रही। सूत्रों के अनुसार साफिया सात दिन पहले अपने मामा के घर बरेली आ गई थी।

फर्जी शपथ पत्र लगाकर जमीन कब्जाने की आरोपी साफिया मलिक पत्नी अब्दुल मलिक को पुलिस ने बरेली से गिरफ्तार कर लिया है। साफिया बरेली में सात दिन से अपने मामा के घर रह रही थी। बनभूलपुरा में जिस जमीन को लेकर बवाल हुआ, उसकी मुख्य आरोपित साफिया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश करने के बाद हल्द्वानी जेल भेज दिया है।

आठ फरवरी को बनभूलपुरा में सरकारी नजूल भूमि से अतिक्रमण हटाने पर बवाल हुआ था। उपद्रव में पांच लोगों की मौत हो गई थी। जिस जमीन पर अब्दुल मलिक अपना दावा कर रहा था। निगम की जांच में वह गलत साबित हुआ था। 22 फरवरी को नगर निगम के सहायक आयुक्त गणेश भट्ट ने अब्दुल मलिक, उसकी पत्नी साफिया, अख्तरी बेगम, नबी रजा खां, गौस रजा खां और अब्दुल लतीफ के खिलाफ धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में प्राथमिकी कराई थी। इन पर मृत व्यक्ति के दस्तावेज लगाकर फर्जी तरीके से जमीन कब्जाने व उसे खुर्द-बुर्द करने का आरोप है। मुकदमा दर्ज होने के बाद कोतवाली के एसएसआई महेंद्र प्रसाद को मामले की विवेचना सौंपी गई।

उधर साफिया मलिक ने अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी। उधर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि साफिया बरेली के बिहारीपुर में अपने मामा के घर में छिपी है। मंगलवार को पुलिस व एसओजी ने साफिया को ग्राम बिहारीपुर जिला बरेली उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी टीम में एसएसआई महेंद्र प्रसाद, एसओजी प्रभारी, संजीत राठौर, हेड कांस्टेबल ललित कुमार, कांस्टेबल महबूब अली व राजेश्वरी नेगी शामिल रहे।

पुलिस साफिया की खोज में दिल्ली, मुंबई, हरियाणा व बिहार तक गई। वह बरेली की एक मजार में एक महीने तक छिपी रही। पुष्ट सूत्रों के अनुसार साफिया सात दिन पहले अपने मामा के घर बरेली आ गई थी। साफिया मामा के घर से विदेश भागने की फिराक में थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि साफिया ने पूछताछ में बताया है कि वह दो दिन में विदेश जाने वाली थी। उसने वीजा के लिए आवेदन किया था। पुलिस ने साफिया के लिए लुक आउट नोटिस जारी नहीं किया था। जिन लोगों ने साफिया को पनाह दी, वह पुलिस की राडार पर आ चुके हैं।

## इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले पर मिलेगी चारों धामों के मौसम की जानकारी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** इस बार चारधाम तीर्थ यात्रियों को ट्रांजिट कैंप में चारों धामों में मौसम की अपडेट जानकारी इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले पर दिखाई देंगी। इसके लिए कैंप परिसर में छह एलईडी लगाई जाएंगी। इन एलईडी पर चार धामों से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी उपलब्ध होंगी।

मई माह से चारधाम यात्रा शुरू हो जाएगी। चारधाम यात्रा प्रशासन इसकी तैयारियों में जुट गया है। चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप में व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं। संभावना जताई जा रही है कि 8 या 9 अप्रैल से चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण शुरू कर दिए जाएंगे। ट्रांजिट कैंप प्रबंधन का कहना है कि कैंप परिसर में कुछ व्यवस्थाओं के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी होनी है। लेकिन चुनाव के चलते यह जारी नहीं हो पाई हैं। चुनाव समाप्त होते की विभिन्न सुविधाओं के लिए टेंडर जारी कर दिए जाएंगे।

25 अप्रैल तक ट्रांजिट कैंप में सभी सुविधाएं चाक-चौबंद कर दी जाएंगी। तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए पूरे परिसर में छह एलईडी लगाई जाएंगी। दो वेटिंग रूम और चार बाहर परिसर में लगाई जाएंगी। इन सभी एलईडी पर चार धामों में मौसम की स्थिति व अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। जिससे तीर्थ यात्रियों को कैंप परिसर में ही मौसम के बारे में स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी।

पिछले वर्ष चारधाम यात्रा पर करीब 56 लाख तीर्थ यात्री आए थे। यात्रा प्रशासन ने संभावना जताई है कि इस बार यह आंकड़ा 60 लाख के पार जाएगा। तीर्थ यात्रियों की संख्या को देखते हुए प्रशासन चारधाम ट्रांजिट कैंप परिसर में व्यवस्थाएं जुटाने का प्रयास कर रहा है।

चारधाम यात्रा प्रशासन को पिछले वर्ष ट्रांजिट कैंप कर सौगात मिली थी। करीब 22 करोड़ की लागत से तीन मंजिला भवन बना है। इस भवन में यात्रा से संबंधित सभी विभागों के कैंप कार्यालय हैं।

## केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की दूसरी याचिका भी खारिज

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब नीति में कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) नेता अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद से हटाने का निर्देश देने की मांग वाली दूसरी जनहित याचिका भी गुरुवार को खारिज कर दी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की याचिका पर यह कहते हुए विचार करने से इनकार कर दिया कि यह उपराज्यपाल या राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र में आता है।

न्यायालय ने हालांकि टिप्पणी की कि यह मुख्यमंत्री पर निर्भर करता है कि उन्हें अपने पद पर रहना चाहिए या नहीं। पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा, कभी-कभी व्यक्तिगत हित को राष्ट्रीय हित के अधीन होना पड़ता है, लेकिन यह उनका (केजरीवाल का) व्यक्तिगत फैसला है।

पीठ ने कहा वह सिर्फ इतना कह सकती है कि इस मुद्दे पर वह फैसला नहीं कर सकती और इस मामले में पर फैसला लेना दिल्ली के उपराज्यपाल या भारत के राष्ट्रपति पर निर्भर है।

न्यायालय ने आगे कहा, हम यह कैसे घोषित कर सकते हैं कि सरकार काम नहीं कर रही है? उपराज्यपाल इस पर निर्णय लेने में पूरी तरह सक्षम हैं। उन्हें (उपराज्यपाल) हमारे मार्गदर्शन की आवश्यकता नहीं है। हम उन्हें सलाह देने वाले कोई नहीं हैं। उन्हें जो भी करना होगा वह कानून के अनुसार करेंगे। अदालत के इस रुख पर याचिकाकर्ता की ओर से याचिका वापस लेने की गुहार लगाई गई, जिसे मंजूर कर लिया गया। याचिकाकर्ता ने कहा कि वह अब उपराज्यपाल के समक्ष इस मुद्दे को उठाएंगे।

इससे पहले 28 मार्च को उच्च न्यायालय की इसी पीठ ने अपने को किसान और सामाजिक कार्यकर्ता होने का दावा करने वाले दिल्ली निवासी सुजीत सिंह यादव की याचिका यह कहते हुए ठुकरा दी थी कि इस मुद्दे की जांच करना कार्यपालिका और राष्ट्रपति का काम है। अदालत इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती। श्री यादव ने याचिका में दावा किया था कि वित्तीय घोटाले के आरोपी केजरीवाल को मुख्यमंत्री जैसे सार्वजनिक पद पर बने रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। श्री केजरीवाल को केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। एक अप्रैल से विरोध अदालत ने उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। ईडी ने श्री केजरीवाल पर दिल्ली शराब नीति 2021-2022 (विवाद के बाद रद्द कर दी गई थी) के माध्यम से गलत तरीके से करोड़ों रुपए हासिल करने के लिए मुख्य भूमिका निभाने वाला साजिशकर्ता होने का आरोप लगाया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने 21 मार्च 2024 को दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और उनसे पहले 15 मार्च को भारत राष्ट्र समिति की नेता के. कविता को गिरफ्तार किया था। दोनों न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 17 अगस्त 2022 को वर्ष 2021-22 की उत्पाद शुल्क नीति (शराब नीति) बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए एक आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 2022 को मामला दर्ज किया था। ईडी का दावा है कि आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया सहित अन्य ने अवैध कमाई के लिए साजिश रची थी। गौरतलब है कि इस मामले में आप सांसद संजय सिंह को उच्चतम न्यायालय ने दो अप्रैल को राहत दी। शीर्ष अदालत ने उन्हें जमानत की अनुमति दी थी और विशेष अदालत से उसकी शर्तें तय करने का निर्देश दिया था। इस आदेश के मद्देनजर राऊज एवेन्यू स्थित काबेरी बावेजा की विशेष अदालत ने चार अप्रैल को सशर्त तिहाड़ जेल से रिहा करने का आदेश पारित किया था। इसके बाद वह गुरुवार रात में ही रिहा कर दिए गए।

## मार्च में ही निकले जेल से फिर शुरू किया सड़क पर उत्पात

- सरेआम साउथ दिल्ली में लूटने लगे लोगों से मोबाइल
- 40 वारदात में शामिल 2 बदमाशों सहित 3 गिरफ्तार

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



चितरंजन पार्क थाना की पुलिस टीम ने स्नैचिंग और मोबाइल लूट सहित कई वारदात करने वाले दो शातिर बदमाश को उसके रिसीवर साथी के साथ गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान मुकेश साहू, हिमांशु और उनके रिसीवर साथी चिंटू के रूप में हुई है। यह तीनों संगम विहार और गोविंदपुरी एक्सटेंशन इलाके के रहने वाले हैं। इनके पास से वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल और लूटा गया मोबाइल भी बरामद किया गया है।

डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि मुकेश पहले से 11 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। यह 2 मार्च को ही जेल से छूटकर बाहर आया था। जबकि हिमांशु दिल्ली पुलिस का घोषित बीसी है और नेबसराय सहित कई थाने में इस पर 22 आपराधिक मामले चल रहे हैं। यह भी 11 मार्च को जेल से छूटकर बाहर आया था। इनका तीसरा साथी चिंटू रिसीवर है, जो इनसे छीना गया और चुराया गया मोबाइल खरीदता है। यह भी पहले से सात आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

इन्हें चितरंजन पार्क एसीपी नीरज टोकस की देखरेख में एसएचओ योगेश्वर सिंह की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से पता लगा करके गिरफ्तार किया है। जब 26 मार्च को सीआर पार्क थाना इलाके में मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों द्वारा एक शख्स का मोबाइल लूट लिया गया था। उस मामले की शिकायत पीड़ित ने पुलिस ने की थी। एफआईआर दर्ज करके छानबीन शुरू की गई थी।

जिस जगह पर मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था उस रूट पर लगे सीसीटीवी को चेक किया गया, साथ ही जेल से बेल पर रिलीज हुए बदमाशों के डोजीयर से जानकारी निकाली गई। फिर दोनों को मिलान करके और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पुलिस टीम ने पता लगाया। जिसमें जानकारी मिली कि 30 से ज्यादा वारदातों में शामिल दो बदमाश ने इस वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस टीम ने फिर कई जगह रेड किया और आखिरकार संगम विहार इलाके से पकड़ने में कामयाब हुई। इनसे पूछताछ के बाद उनके रिसीवर साथी को भी पकड़ा गया।

## अप्रैल से गर्मी की हुई राजधानी दिल्ली में फिर से शुरूआत

- फिनलैंड, आस्ट्रिया, जर्मनी, मेक इन इंडिया गाड़ियों के साथ
- आग बुझाने को हैं 3200 फायर फाइटर की टीम तैयार
- छुट्टियों पर लगा रिस्ट्रिक्शन, स्टेशनों की संख्या पहुंचा 64
- मौसम विभाग ने कहा अप्रैल से जून तक पड़ेगी भीषण गर्मी
- साल भर में 31 हजार कॉल, 16 हजार अकेले आग के

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



अप्रैल महीने की शुरूआत होते ही राजधानी दिल्ली में गर्मी की भी आधिकारिक शुरूआत हो गई है। वही इस बार तो मौसम विभाग ने अप्रैल से लेकर जून तक के तीन महीने में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना भी जाता दी है। ऐसे में गर्मियों के मौसम में आग लगने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए दिल्ली फायर ब्रिगेड ने भी कमर कस ली है। इसके लिए आग बुझाने वाली गाड़ियों से लेकर अधिक से अधिक फायरकर्मियों की तैनाती भी सुनिश्चित की जा रही है। आग बुझाने वाली गाड़ियों में मेक इन इंडिया से लेकर फिनलैंड ऑस्ट्रिया और जर्मनी टेक्नोलॉजी की गाड़ी भी फायर ब्रिगेड के बेड़े में मौजूद है।

**64 फायर स्टेशन अलग-अलग इलाकों में स्थापित**

फायर ब्रिगेड के डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर डॉक्टर संजय तोमर ने बताया कि दिल्ली में इस समय 64 फायर स्टेशन आग बुझाने के लिए अलग-अलग इलाकों में स्थापित हैं। जिनमें 150 सौ से ज्यादा आग बुझाने वाली गाड़ियां रेडी की गई हैं। साथ ही लगभग 3200 फायर कर्मियों की टीम भी फायर सर्विस के पास मौजूद है। जिनमें से 2000 के लगभग हर वक्त फायरकर्मी आग बुझाने के लिए मौजूद रहते हैं। इस बार फायर स्टेशनों की संख्या 63 से बढ़कर 64 इसलिए हो गई है, क्योंकि द्वारका के यशोभूमि में एक और फायर स्टेशन की शुरूआत की गई है।

**3000 से लेकर 12,000 लीटर वाली गाड़ी उपलब्ध**

आग बुझाने के लिए 3000 लीटर वाला छोटा फायर टेंडर से लेकर 12,000 लीटर वाला वाटर बाऊजर भी फायर ब्रिगेड के पास प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। इसके अलावा मल्टी आर्टी कुलेटेड स्नेक लैडर, बैकपैक बाइक, रोबोट से लेकर योद्धा गाड़ियों की तैनाती ने इस बार फायर ब्रिगेड को और भी मजबूत कर दिया है। जो स्नेक लैडर है वह जर्मनी टेक्नोलॉजी के आधार पर बनी हुई गाड़ी है जबकि बड़े वाला रोबोट ऑस्ट्रिया से मंगवाया गया था। हैजमेट वैन गाड़ी फिनलैंड की बनी हुई है। टीटीएल गाड़ी (टर्न टेबल लेडर) जो कनॉट प्लेस में उपलब्ध है, वह जर्मनी की बनी हुई है। जिसका इस्तेमाल फायर फाइटिंग और रेस्क्यू दोनों में बखूबी किया जाता है और इससे ऑपरेशन काफी फास्ट होता है। कंपैक्ट छोटी जगह में भी यह एडजस्ट होने वाली गाड़ी है।

**साल भर में 16,000 से ज्यादा मिली आग की कॉल**

इसके साथ-साथ फायर ब्रिगेड में योद्धा गाड़ियों की संख्या बढ़कर इस बार 26 हो गई है। जिसका इस्तेमाल मल्टी यूटिलिटी के रूप में किया जाता है। मेन पावर से लेकर सामान पहुंचाने के लिए मौके पर इसका उपयोग होता है। फायर डायरेक्टर अतुल गर्ग ने बताया कि हर साल लगभग आग लगने की घटनाएं 15000 से ज्यादा होती है। जबकि कुल कॉल जो फायर कन्ट्रोल रूम को मिलता है आमतौर पर 30 हजार या उससे ज्यादा होता है। इस बार एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक के एक साल में कुल 31 हजार से ज्यादा काल आए। जिसमें 16 हजार से ज्यादा आग लगने की दर्ज की गई। गर्मी के मौसम में फायर कर्मियों की छुट्टी जरूरी होने पर ही दी जाती है जिससे कि इनकी संख्या लगातार बनी रहे।

## जेल से रिहा होने के एक दिन बाद संजय सिंह ने दिल्ली के मंदिर में की पूजा

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

तिहाड़ जेल से रिहा होने के एक दिन बाद आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सासंद संजय सिंह ने बृहस्पतिवार को अपनी पत्नी के साथ दिल्ली के कनॉट प्लेस में स्थित हनुमान मंदिर में पूजा की। सिंह को अब खत्म हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को जमानत दे दी। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद ने राजघाट जा कर महात्मा गांधी को भी श्रद्धांजलि दी। बाद में वह जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और वरिष्ठ आप नेता सत्येंद्र जैन के परिवार से मिलेंगे। बुधवार को तिहाड़ से रिहा होने के बाद सिंह और उनकी पत्नी अनीता ने केजरीवाल की पत्नी सुनीता से उनके आवास पर मुलाकात की। संजय सिंह ने मंदिर में पूजा करने के बाद कहा भगवान हनुमान के आशीर्वाद से मुझे जमानत मिल गई। मैं अपनी पत्नी के साथ यहां हनुमान जी के दर्शन करने आया था। मैंने आप के अन्य नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के जल्द जेल से बाहर आने के लिए प्रार्थना की है। सिंह 13 अक्टूबर, 2023 से यहां उच्च सुरक्षा वाली तिहाड़ जेल में बंद थे। बुधवार को जैसे ही वह जेल से बाहर आए आप कार्यकताओं ने उन्हें माला पहनाई। इसके बाद वह अपने समर्थकों का अभिवादन करने के लिए अपने वाहन के ऊपर चढ़ गए।

उन्होंने अपने आवास से बाहर निकलते समय संवाददाताओं से कहा ह्य आप कार्यकताओं के बीच कल रात का उत्साह यह दशार्ता है कि वर्तमान स्थिति में जब अन्याय और अत्याचार की सभी सीमाएं पार हो गई हैं और एक तानाशाही सरकार ने एक मुख्यमंत्री को सलाखों के पीछे डाल दिया है, जिसे दिल्ली के दो करोड़ निवासियों द्वारा चुना गया था आप के सभी मंत्री, विधायक और नेता अपने नेता अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े हैं।

## होटल के 3 बाउंसर डबल बैरल बंदूक के साथ दबोचे

- वाटिका में कुआं पूजन के दौरान रेड करके तीनों को दबोचा
- ऑन डिमांड पार्टी - फंक्शन - क्लब में भी जाते थे
- राइफल नुमा डबल बैरल के 03 बंदूक बरामद

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




कापसहेड़ा थाना की पुलिस टीम ने क्लब के तीन बाउंसरों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से डबल बैरल के तीन बंदूक भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार यह तीनों वसंत कुंज के होटल ग्रांड में बाउंसर का काम करते थे। यह दिल्ली एनसीआर में डिमांड के आधार पर क्लब में, पार्टी में और फंक्शन में भी जाते थे। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए बाउंसरों की पहचान जुनैद, सचिन पाराशर और इम्तियाज के रूप में हुई है। यह तीनों गाजियाबाद, दिल्ली के करावल नगर और संगम विहार के रहने वाले हैं। इनसे तीन हथियार भी बरामद कर लिया गया है।

एसीपी सत्यजीत सरीन की देखरेख में एसएचओ नवीन कुमार, एसआई कमलकांत, हेड कांस्टेबल राज कुमार और प्रदीप की टीम ने गिरफ्तार किया है। जब पुलिस को एक इनफार्मेशन मिली थी की बिजवासन पालम रोड पर भव्या मैरिज हॉल में तीन लोग घूम रहे हैं। उन्होंने ब्लैक सूट पहन रखा है और उनके पास हथियार हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची वहां पर उस गार्डन में कुआं पूजन का कार्यक्रम चल रहा था। उस फंक्शन के दौरान तीन लोग वहां पर पुलिस को मिले जो ब्लैक सूट में थे और उनके पास हथियार थे। पुलिस टीम ने एक एक करके उन तीनों की पहचान की और उनसे तीन हथियार को जप्त कर लिया। जो डबल बैरल के रायफल नुमा बंदूक थे। पुलिस ने उनके पास मौजूद हथियार के बारे में लाइसेंस और कागजात मांगे लेकिन वे कुछ भी नहीं दिखा पाए।

जब आगे की पूछताछ हुई तब उन्होंने बताया कि वह होटल में बाउंसर का काम करते हैं। उन्हें कुआं पूजन के कार्यक्रम में यहां पर हायर करके बुलाया गया था और जो हथियार उनके पास था वह हर्ष नाम के एक शख्स ने उपलब्ध कराया था। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया और आगे की कारवाई कर रही है। जिसने हथियार उपलब्ध कराया था उसका भी पता लगाया जा रहा है।

## 39 की उम्र में लगा दी वारदात की हाफ सेंचुरी

- रात में पुलिस को देख यू टर्न लेना पड़ा भारी

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



तिलक नगर थाना की पुलिस टीम ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। जो स्कूटी चोरी सहित कई तरह की वारदात को अंजाम देता था। इसकी पहचान संजय उर्फ राजू मिश्रा के रूप में हुई है। यह पश्चिम विहार इलाके का रहने वाला है। इसके पास से बरामद दोनों स्कूटी विकासपुरी और निहाल विहार थाना इलाके से चुराई गई थी। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि यह वैसे दिखाने के लिए केशवपुर सब्जी मंडी में लेबर का काम करता है। लेकिन यह शातिर बदमाश है, ऑटो लिफ्टिंग के साथ-साथ स्नेचिंग की भी वारदात को अंजाम दे चुका है। इसकी उम्र 39 साल है और इसके ऊपर 50 मामले चल रहे हैं।

एसीपी सुरेंद्र सिंह राठी की देखरेख में एसएचओ विनीत कुमार पांडे की टीम ने रात में तिलक विहार शहीदी पार्क के पास से इसे पकड़ा। जब यह स्कूटी से घूम रहा था, लेकिन पुलिस को देखकर इसने अपनी स्कूटी को मोड़कर यू टर्न लिया और वहां से भागने लगा। जिसपर पुलिस को शक हो गया और इसे कुछ दूर पीछा करके पकड़ा। जिस स्कूटी से यह भाग रहा था, वह विकासपुरी थाना इलाके से चोरी की निकली। फिर उससे पूछताछ के बाद इसकी निशानदेही पर एक और स्कूटी बरामद की गई जो निहाल विहार से चोरी थी। डिटेल चेक करने पर पता चला कि यह 50 मामलों में शामिल बदमाश है।

## दिल्ली: मेट्रो स्टेशन पर सीआईएसएफ के जवान ने खुद को मारी गोली

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 36 वर्षीय कांस्टेबल ने बृहस्पतिवार को पश्चिम विहार (पश्चिम) मेट्रो स्टेशन पर अपनी सर्विस राइफल से गोली मारकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना सुबह करीब छह बजकर 40 मिनट पर हुई। उन्होंने बताया कि जवान सहारे किशोर सामराव का शव ह्यएक्स-रे बैगेज स्कैनरह्न के पास से बरामद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि कांस्टेबल 2014 में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में भर्ती हुआ था और 2022 में उसे सीआईएसएफ (दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन) में तैनात किया गया था। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि जवान ने अपनी सर्विस राइफल से आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि जवान महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले का रहने वाला था और अपने परिवार के साथ दिल्ली के नरेला इलाके में रहता था। अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली पुलिस के अलावा अर्धसैनिक बल मामले की जांच कर रहा है।

## बदमाशों ने खड़ी कारों को क्षतिग्रस्त किया, लोगों में दहशत




नई दिल्ली। नेताजी सुभाष पैलेस की शकूरबस्ती में बीती रात बदमाशों ने खड़ी तीन कारों को क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ितों का कहना है कि उनके वाहनों को कुछ दिन पहले भी क्षतिग्रस्त किया गया था। बदमाशों के बारे में पुलिस से बोलने और शिकायतकर्ता के बारे में पता होने के बाद बदमाश उनको भी नहीं छोड़ते हैं। इसलिये जल्दी कोई उनकी शिकायत नहीं करता है। रात में गश्त नहीं होने के कारण बदमाश भी मनमानी करके दहशत फैला रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक शकूरपुर बस्ती में रहने वाले शिकायतकर्ता ने बताया कि उसका अपना कारोबार है। बीती रात उसकी और उसके भाईयों की आई-10, डिजायर और ईरिक्स कार जी ब्लॉक शकूरपुर बस्ती स्थित चौपाल की फुटपाथ पर खड़ी थी। सुबह जब वे उठे, उनको स्थानीय लोगों ने तीनों कारों के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी दी। एक कार का आगे का शीशा जबकि दो कारों के बोनट को क्षतिग्रस्त किया हुआ था। पास ही बड़े पत्थर पड़े हुए थे। जिसके बाद स्थानीय पुलिस के आला अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि अक्सर वारदातें रात के वक्त आसपास रहने वाले तीन से चार बदमाश ही करते हैं। जो कई बार जेल भी जा चुके हैं। रात के वक्त शराब पीने के बाद लोगों में दहशत मचाने और इलाके में वर्चस्व कायम करने के लिये इस तरह से नुकसान करते है।

## स्पा सेंटरों में जारी रहेगा क्रॉस-जेंडर मसाज

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में स्पा या मसाज केंद्रों में क्रॉस-जेंडर मसाज पर प्रतिबंध लगाने की मांग संबंधी याचिका को दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत सिंह अरोड़ा की पीठ ने कहा कि एकल न्यायाधीश के समक्ष मामला विचाराधीन है, ऐसे में जनहित याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता है। याचिकाकर्ता अनुज मल्होत्रा ने जनहित याचिका दायर करके दिल्ली सरकार को स्पा या मसाज केंद्रों की रिकॉर्डिंग नियमित आधार पर दिल्ली महिला आयोग के साथ साझा करने का निर्देश देने की भी मांग की गई थी। मल्होत्रा ने कहा कि स्पा/मसाज केंद्रों के संचालन के लिए तय किए गए दिशानिर्देश का उल्लंघन करते हुए बंद कमरों में इस तरह की मसाज दी जा रही थी

## केजरीवाल ने तिहाड़ से दिया संदेश : आप विधायक रोज अपने निर्वाचन क्षेत्रों का दौरा करें

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल से एक संदेश भेजकर आम आदमी पार्टी (आप) के सभी विधायकों को अपने निर्वाचन क्षेत्रों में रोजाना जाने और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि लोगों को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। डिजिटल ब्रीफिंग में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने संदेश में कहा कि भले ही वह जेल में हैं, लेकिन दिल्ली के दो करोड़ लोग उनका परिवार हैं और उन्हें कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। सुनीता ने दिल्ली के मुख्यमंत्री का संदेश देते हुए कहा, हमें सरकारी कामकाज के अलावा उनकी समस्याओं का भी समाधान करना होगा। अब समाप्त कर दी गई दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में हैं।

## तिहाड़ जेल में ज्यादातर वक्त किताबें पढ़ने, योग करने और ध्यान लगाने में बिता रहे हैं केजरीवाल

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**






दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल की अपनी कोठरी में अपना ज्यादातर वक्त ध्यान लगाने, किताबें पढ़ने और योग करने में बिता रहे हैं। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एशिया की सबसे बड़ी जेल में बंद देश के पहले मौजूदा मुख्यमंत्री केजरीवाल को तिहाड़ की जेल संख्या दो के जनरल वार्ड संख्या तीन में 14 फुट लंबी और आठ फुट चौड़ी कोठरी में रखा गया है।

उन्हें आबकारी नीति मामले में एक अदालत द्वारा न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद तिहाड़ जेल लाया गया था। जेल के सूत्रों के अनुसार, केजरीवाल दिन में ज्यादातर समय किताबें पढ़ते हैं और योग करते हैं तथा हर दिन दो बार ध्यान लगाते हैं। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, वह हर दिन सुबह और शाम करीब डेढ़ घंटे योग करते हैं और ध्यान लगाते हैं।

जेल में उन्हें जो किताबें उपलब्ध करायी गयी है उनमें हिंदू महाकाव्य रामायण और महाभारत और हाऊ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड शामिल हैं। सूत्र ने बताया, उन्हें अक्सर अपनी कोठरी में कुर्सी पर बैठकर इन किताबों को पढ़ते और कुछ लिखते हुए देखा जाता है। जेल के एक अधिकारी ने बताया कि केजरीवाल कैदियों के लिए बने पुस्तकालय में उपलब्ध किताबें भी पढ़ सकते हैं। लेकिन अभी उन्होंने कोई और किताब नहीं मांगी है। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री को उनकी कोठरी में एक टीवी उपलब्ध कराया गया है जिसमें 20 चैनल हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन वह टीवी देखना ज्यादा पसंद नहीं करते हैं।

उन्होंने बताया कि अदालत के निर्देश पर केजरीवाल को एक मेज, एक कुर्सी और बिजली से चलने वाली एक केतली मुहैया करायी गयी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री को अपनी कोठरी की सफाई के लिए एक झाड़ू, एक बाल्टी और कपड़े का एक टुकड़ा भी उपलब्ध कराया गया है जो जेल नियमावली के अनुसार सभी कैदियों को दिया जाता है।

अधिकारियों ने बताया कि तिहाड़ जेल के अधिकारी कोठरी में लगाए गए दो सीसीटीवी कैमरों से 24 घंटे उन पर नजर रख सकते हैं। उनकी कोठरी के बाहर एक छोटी-सी जगह (लॉबी) है जहां वह चहलकदमी कर सकते हैं। सुरक्षा कारणों से केजरीवाल को अन्य कैदियों से मिलने की अनुमति नहीं है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और तमिलनाडु विशेष पुलिस कर्मियों का एक त्वरित प्रतिक्रिया बल (क्यूआरटी) चौबीसों घंटे उनके वार्ड के बाहर तैनात है। एक सूत्र ने बताया, जब भी वह अपने वकील से मिलने जाते हैं, जो कि रोज होता है, तो क्यूआरटी कर्मी उनकी सुरक्षा में तैनात रहते हैं। एक अधिकारी ने बताया कि अभी केजरीवाल को रोज चाय और घर से लाया गया भोजन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, केजरीवाल ने अभी के लिए कुछ और नहीं मांगा है।

## करोलबाग रेस्टोरेंट के पास सरेआम लूट लिया था मोबाईल

करोलबाग थाना की पुलिस टीम ने दो मोबाइल लुटेरे को गिरफ्तार किया है। इनके पास से मोबाइल और स्कूटी भी बरामद किया गया है। इनकी पहचान गौरव सोनी और मिहिर के रूप में हुई है। यह दोनों दिल्ली के देव नगर इलाके के रहने वाले हैं। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि गौरव पहले से राजेंद्र नगर और गुलाबी बाग के तीन मामलों में शामिल रहा है। जबकि मिहिर पर भी गुलाबी बाग में मामला चल रहा है। इन्हें एसीपी अजय कुमार सिंह की देखरेख में एसएचओ दीपक कुमार मलिक की टीम ने गिरफ्तार किया है। जब एक अप्रैल को मोबाइल लूट की वारदात करोल बाग इलाके में हुई थी। द ढाबा जंक्शन रेस्टोरेंट के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने एक शख्स का मोबाइल लूट लिया था। पुलिस टीम ने छानबीन शुरू की थी और वारदात वाली जगह पर सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो दोनो उसमें नजर आए। इस फुटेज के आधार पर पुलिस टीम छानबीन करती हुई इन बदमाशों तक पहुंचने में कामयाब हो गई। उनसे लूट गया मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी को बरामद कर लिया गया।

## जल बोर्ड धनशोधन मामला: अदालत ने आरोपियों को आरोप पत्र की प्रति देने का ईडी को निर्देश दिया

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली जल बोर्ड के ठेके देने में कथित अनियमितताओं से संबंधित धनशोधन मामले में आरोपियों को आरोप पत्र की एक प्रति प्रदान करने का प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को बृहस्पतिवार को निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान दो आरोपियों बोर्ड के पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश अरोड़ा और ठेकेदार अनिल अग्रवाल को बुधवार को पारित अदालत के आदेशों के अनुसार, जेल अधिकारियों द्वारा अदालत के समक्ष पेश किया गया। वे वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं।

बुधवार को आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए अदालत द्वारा जारी किए गए समन के अनुपालन में, एक अन्य आरोपी तेजिंदर सिंह भी अदालत के सामने पेश हुए जबकि चौथे आरोपी एनबीसीसी के पूर्व महाप्रबंधक डी के मित्तल ने आज व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया।

अदालत ने दस्तावेजों की जांच के लिए मामले की सुनवाई 20 अप्रैल को तय की है।

एजेंसी ने 28 मार्च को अदालत में आठ हजार पन्नों की अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) दायर की थी। ईडी ने आरोप लगाया है कि बोर्ड की ओर से दिए गए ठेके के बदले रिश्वत ली गई और यह पैसा दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को चुनावी कोष के रूप में दिया गया था।

एजेंसी ने मामले में पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी बुलाया था, लेकिन वह उसके सामने पेश नहीं हुए। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश कुमार अरोड़ा ने एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड नामक कंपनी को बोर्ड का 38 करोड़ रुपये का ठेका दिया था। यह ठेका इस तथ्य के बावजूद दिया गया था कि कंपनी तकनीकी पात्रता मानदंडों को ह्यपूरा नहीं करतीह्न है। ईडी के मामले का यही आधार है।

ईडी ने कहा कि ठेके का मूल्य 38 करोड़ रुपये था और इस पर सिर्फ 17 करोड़ रुपये खर्च किए गए और शेष राशि का विभिन्न फर्जी खर्चों की आड़ में गबन कर लिया गया। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने एक प्रेस वार्ता में आरोपों से इनकार किया था और दावा किया था कि यह मामला आम आदमी पार्टी और उसके नेताओं की छवि खराब करने का एक और प्रयास है।

## संक्षिप्त खबरें

### मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

मुजफ्फरपुर।केन्द्रीय विद्यालय, गन्नीपुर, मुजफ्फरपुर में आज 3200 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में 1600 पीठासीन पदाधिकारी तथा द्वितीय सत्र में 1600 पीठासीन पदाधिकारी प्रशिक्षणार्थी के रूप में शामिल हुए। प्रशिक्षण में सभी पीठासीन पदाधिकारी को सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया के सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक पहलू के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही ई.वी.एम./वी.वी.पैट का हैण्ड्स आन ट्रेनिंग भी दिया गया। सभी पीठासीन पदाधिकारी को मतदान केन्द्रों पर होने वाले लाईव बेवकास्टिंग के दौरान बरती जानेवाली सावधानी के बारे में बताया गया। इस संबंध में क्या करें एवं क्या नहीं करें संबंधी तथ्यों की जानकारी दी गई।

# अगलगी की घटना में लगभग 4 बीघा गेंहू का फसल जलकर हुआ राख

प्रात : किरण, संवाददाता



मधेपुरा जिले के पुरैनी प्रखंड क्षेत्र के सपरदह बहियार में बुधवार की दोपहर को अचानक आग लगने से 4 बीघा गेहूं का फसल जलकर राख में तब्दील हो गया, पीड़ित किसान घटना को लेकर हथप्रभ है। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर को एन एच 106 के पूर्व बगल बगीचा बहियार में अचानक अगलगी की घटना घट गई। इस घटना में सबसे पहले आग सपरदह निवासी श्रीनिवास यादव के गेहूं के खेत में लगी, जिसके बाद गेहूं पके होने की वजह से और तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलता चला गया। खेतों में काम करने वाले किसानों ने हल्ला मचाया तो गांव के लोग भी घटनास्थल पर पहुंचे और आसपास के खेतों में चल रहे बोरिंग के पानी के सहारे व अन्य चीजों से बहुत ही मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना की सूचना समाजसेवी सह पत्रकार अभिषेक आचार्य ने फायर ब्रिगेड की टीम व अधिकारियों को दी। बताया जा रहा है कि अगलगी कि घटना में श्रीनिवास यादव का आठ कट्ठा गेंहू, वासुदेव यादव का 10 कट्ठा, आनंद यादव का 15 कट्ठा, रौशन कुमार का डेढ बीघा, पंकज यादव का 5 कट्ठा गेहूं जलकर खाक हो गया इसके अलावा अन्य भी किसानों को हल्की नुकसान पहुंची है।

# सड़क दुर्घटना में आर्मी जवान की हुई मौत

प्रात : किरण, संवाददाता



मधेपुरा जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत दुलार गांव के समीप बुधवार की रात एक आर्मी जवान की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान पिपराही वार्ड 4 निवासी सूर्यनारायण यादव के बेटे अरुण कुमार (29 वर्ष) के रूप में हुई। हादसा घर से करीब डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर रात करीब साढ़े 9 बजे हुआ। मृतक के पिता सूर्यनारायण यादव ने बताया कि अरुण 11 साल पहले आर्मी में भर्ती हुआ था। वह कश्मीर के बरमुला में तैनात था और छुट्टी पर घर आया था। बुधवार की रात वह स्कूटी से अपने ससुराल जीवछपुर जा रहा था। घर से करीब डेढ़ किलोमीटर आगे निकलने पर दुलार में वह दुर्घटना का शिकार हो गया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही अरुण की मौत हो गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और परिजनों को दी। पुलिस अरुण के शव को सदर अस्पताल लेकर पहुंची। अरुण शादीशुदा था और एक बेटा यश राज (6 वर्ष) और एक बेटी आस्था प्रिया (8 वर्ष) है। वह 11 साल पहले आर्मी में भर्ती होकर परिवार को संभाल रहा था।

फौजी की मौत की सूचना मिलने के बाद गांव में हर किसी की आंखें नम हो गई। पत्नी व मां मौत की खबर सुनकर सदमे में है। गांव का माहौल पूरी तरह गमगीन है। गम्हरिया थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# शांति समिति की बैठक महनार थाना पर आयोजित



प्रात : किरण, संवाददाता

महनार - ईद उल फितर,चैत्र नवरात्र,रामनवमी एवं चैती छठ को लेकर शांति समिति की बैठक महनार थाना पर आयोजित की गई।इस बैठक में लोगों से प्रेम शांति और सौहार्द के साथ सभी त्योहारों को मनाने की अपील की गई।बैठक में कहा गया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत कई स्थानों पर चैत्र दुर्गा पूजा के अवसर पर मूर्ति की स्थापना कर पूजा अर्चना की जाती है।सभी पूजा समितियां से अनिवार्य रूप से लाइसेंस लेने को कहा गया।साथ ही कहा गया की ईद के अवसर पर सभी ईदगाहों में जहां नमाज पढ़ी जाएगी वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।चैती छठ को लेकर कहा गया कि जिन-जिन घाटों पर छठ किया जाता है वहां नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत नगर परिषद प्रशासन साफ सफाई एवं रौशनी का इंतजाम करेगा।साथ ही घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी तैयारी की जाएगी।बताया गया कि इस दौरान घाटों पर गोताखोरों की भी तैनाती रहेगी।रामनवमी पर निकलने वाले शोभायात्रा को लेकर विशेष चर्चा की गई।कहा गया कि महनार में भव्य तरीके से रामनवमी शोभा यात्रा का आयोजन किया जाता है।इसको लेकर शोभायात्रा आयोजन समिति से जुड़े सदस्यों के साथ रूट को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।सभी से कहा गया कि पर्व त्यौहार हमें प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं।इसलिए सभी मिलजुल कर पर्व को संपन्न करें।बैठक मैं सभी से कहा गया कि अभी चुनाव आचार संहिता लागू है।इसलिए सभी पर्व त्यौहार के आयोजन के दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन ना हो यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।बैठक में महनार थाना अध्यक्ष विश्वरंजन सिंह,रत्नेश मोहन,मृत्युंजय कुमार सिंह उर्फ गुल्लू सिंह,गणेश सिंह,कुमार वेद प्रकाश,आदित्य यादव आदि सहित दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# दावत-ए-इफ्तार पार्टी में शामिल रोजेदारों ने मांगी सुख शांति और अमन चैन की दुआएं

प्रात : किरण, संवाददाता



महुआ। रमजान के पवित्र महीने को लेकर जगह-जगह पर मुस्लिम भाइयों के द्वारा दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन लगातार जारी है गंगा जमुना तहजीब का नजारा थी देखा जा रहा है इसी कड़ी में महुआ नगर परिषद के पूर्व वार्ड पार्षद हाफिज तौकीर सैफी के आवासीय परिसर में बुधवार को दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।इस मौके क्षेत्र के सैकड़ों राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों ने उपस्थित होकर उक्त कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। दावते इफ्तार पार्टी में शामिल रोजेदारों ने कहा की रमजान का महीना नेमतों और बरकतों का पवित्र महीना होता है।इस मौके पर अल्लाह से मांगी गई दुआ अवश्य ही कबुल होती है। इफ्तार पार्टी मे डॉ.आसमां परवीन ,महुआ नगर परिषद के सभापति नवीन चन्द्र भारती, पूर्व प्रखंड उपप्रमुख सत्येन्द्र कुमार,तकमील सैफी (सब्बू ), संजय गुप्ता,पूर्व वार्ड पार्षद श्रीभगवान चौधरी , मो इम्तेयाज ,वार्ड पार्षद मो परवेज, मो उर्फी ,राजीव सिंघानिया ,मो.असगर अली ,डॉ. शमीम अंसारी,समोद कुमार, मुकेश ठाकुर, प्रभात जायसवाल, महमूद आलम,विनय कुमार (तेज प्रताप) मो इजहार, मो नजीर बाबू, मनोज जायसवाल, संजय गुप्ता,अभय गुप्ता,मो नैयर साहेव,मो फारुख,मो इरफान, मनीष शुक्ला,राज कमल सहित सैकड़ों गणमान्य लोगों ने शिरकत की।

## डीएम,एसपी द्वारा स्ट्रॉग रूम, काउटिंग हॉल तथा कलेटिंग सेंटर का किया गया निरीक्षण



प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिला पदाधिकारी, वैशाली श्री यशपाल मीणा तथा पुलिस अधीक्षक, वैशाली श्री हर किशोर राय द्वारा संयुक्त रूप से लोक सभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर स्ट्रॉग रूम, काउटिंग हॉल तथा कलेक्टिंग सेंटर का स्थल निरीक्षण किया साथ ही रूट चार्ट का भी सत्यापन किया गया। साथ ही उन्होने आर० एन० कॉलेज के 18 वर्ष से ऊपर के छात्र-छात्राओं से वोट करने के लिए प्रेरित किये। यहाँ उपस्थित पदाधिकारियों को उन्होंने ससमय सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। स्थल निरीक्षण में उनके साथ अपर समाहर्त्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, डी०पी०आर०ओ०, कार्यपालक अभियंता, वैशाली भवन प्रमंडल हाजीपुर तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# बिजली करंट से दादी को बचाने गए पोते की मौत



प्रात : किरण, संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा) थाना क्षेत्र के दिग्घी पंचायत वार्ड तीन भेलाही टोला में गुरूवार को करीब नौ बजे बिजली करंट से दादी को बचाने के क्रम में चपेट में आए पोते की झुलस कर मौत हो गयी। बताया गया कि स्वीच ऑन करने के दौरान अधेड़ महिला बिजली की चपेट में आए। इस बीच दादी को बचाने के क्रम में पोते का झुलस कर मौत हो गया। परिजन ने बताया कि बिजली करंट से झुलसने के कारण गंभीर हालत में सीएचसी पहुंचाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर जितेंद्र कुमार ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के क्रम में मौत हो गया। मृतक किशोर भेलाही वार्ड तीन निवासी संतोष कुमार सुमन का छोटा पुत्र सत्यम सोनू (17) की बिजली करंट से मौत हुई है। हालांकि सूचना पर मुरलीगंज थाना द्वारा चौकीदार को भेज कर शव की पोस्टमार्टम कराकर पीड़ित परिवार को सौंप दिया गया। इधर घटना को लेकर गांव में मातमी माहौल गमगीन बना है। पीड़ित परिवार का रो रोकर बुराहाल है। थानाध्यक्ष मंजू कुमारी ने बताया कि सूचना पर शव को पोस्टमार्टम कराकर पीड़ित परिवार को सौंप दिया गया है। आवेदन प्राप्त होने पर कार्रवाई की जाएगी२

# स्विप गतिविधि कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं को जागरूक एवं प्रेरित करने हेतु स्विप गतिविधि कार्यक्रम जिला स्तर से लेकर अनुमंडल,प्रखण्ड, एवं पंचायत स्तर पर सतत रूप से जारी है। इस क्रम में मतदाता जागरूकता अभियान को गति प्रदान करने तथा उसे सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने हेतु जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन द्वारा जिला स्तर पर दइवसवआर कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित किया गया है जो निम्नवत है एवं इसे तय कार्यक्रम के अनुसार जिला/अनुमंडल/प्रखण्ड,पंचायत स्तर पर लगातार क्रियान्वित किया जा रहा है।इस क्रम में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं जीविका दीदियों के द्वारा नये एवं युवा मतदाताओं को घर घर भ्रमण कर उन्हें पोलिंग बूथ, केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं, मतदान की तिथि आदि की जानकारी दी गई तथा मतदान तिथि को अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। यह अभियान सतत एवं प्रभावी रूप से नियमित रूप से जारी है। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आईसीडीएस एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक जीविका को संचालित कार्यक्रमों का प्रखंडवार प्रतिवेदन प्राप्त करने एवं नियमित रूप से प्रभावी मानिटरिंग का सख्त निर्देश दिया है।

# मुस्कान ने यूथ गेम्स नेशनल चैम्पियनशिप में की गोल्ड मेडल प्राप्त

## गोल्ड मेडल प्राप्त कर जिले एवं राज्य का किया नाम रौशन

प्रात : किरण, संवाददाता



मधेपुरा जिला मुख्यालय के वार्ड 18 निवासी स्व. प्रमोद साह एवं शिरोमणि देवी की पुत्री कुमारी मुस्कान ने उत्तराखंड के हरिद्वार में आयोजित यूथ गेम्स नेशनल चैम्पियनशिप 2024 में एक सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त कर जिले एवं राज्य का नाम रौशन किया है। बता दें कि पिछले दिनों उत्तराखंड के गुरूकुल कांगरी विश्वविद्यालय हरिद्वार में 29 एवं 31 मार्च तक उक्त प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। स्वर्णपदक पाकर जहाँ मुस्कान और उसका परिवार खुशियाँ मना रहा है वहीं मुस्कान को संकल्प मैत्री फाउंडेशन परिवार सहित जिले भर के लोगों के द्वारा बधाई और शुभकामनाएँ भी मिल रही है। इससे पूर्व नेपाल के काठमांडू में आयोजित यूथ गेम में भी मुस्कान गोल्ड मेडल प्राप्त कर चुकी है। मुस्कान के कोच शंभू कुमार ने बताया कि आर्थिक कमी से जूझ रही कुमारी मुस्कान ने इस मुकाम को हासिल करने के लिए कई तरह की चुनौतियों का सामना किया है। आर्थिक तंगी के कारण इस बार भी उसे यूथ गेम्स में जाने के लिए पैसे नहीं थे। प्रशासन व खेल विभाग के द्वारा किसी तरह का सहयोग मुस्कान को नहीं मिलने के बावजूद मुस्कान हर मुसीबत का सामना करते हुए इस प्रतियोगिता में शामिल हुई। मालूम हो कि जनवरी माह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ह्लमेडल लाओ नौकरी पाओह्व योजना की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि अच्छे खिलाड़ियों को स्कॉलरशिप दी जाएगी जिसकी सहायता से उक्त युवा अपना पूरा ध्यान खेल पर लगा सकेंगे। पुलिस सहित अन्य विभागों में खेल कोटा के रिक्त पदों पर प्राथमिकता के आधार पर खिलाड़ियों की नियुक्ति की जाएगी। मुस्कान बताती है कि वो दो बार गोल्ड मेडल जीत चुकी है लेकिन अभी तक न तो जिला प्रशासन के लोग उनसे मिलने पहुँचे और न ही सरकार की ओर से कोई लाभ मिल सका है। उन्होंने कहा कि अब देखना यह होगा कि मुख्यमंत्री अपनी घोषणा पर कहाँ तक अमल करते हैं, या फिर घोषणा सिर्फ घोषणा ही बन कर ही रह जाएगी।

# पूर्व प्रधानाध्यापक रामबाबू राय की नौवीं पुण्यतिथि मनाई

प्रात : किरण, संवाददाता



बिदुपुर ।प्रखंड अंतर्गत नावानगर पंचायत के बिहवारपुर निवासी पूर्व प्रधानाध्यापक रामबाबू राय की उनके परिवार जनों द्वारा उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर नौवीं पुण्यतिथि मनाई गई। स्व. राय शिक्षा विद के साथ साथ समाजसेवी भी थे ! स्व. रामबाबू राय के दो बेटे और बेटियां पांच पोते तीन पोतियों का भरा पूरा परिवार अपने पीछे छोड़ कर आज ही के दिन नौ वर्ष पूर्व इस दुनिया को छोड़ चले गए। बड़े बेटे पूर्व सरपंच कामेश्वर प्रसाद का पिछले वर्ष हृदय गति रुकने से निधन हो गया जबकि छोटे बेटे राजेश्वर प्रसाद मुकेश जनता दल यूनाईटेड बिदुपुर प्रखंड के लंबे समय से अध्यक्ष के पद पर विराजमान हैं। गोपगुट शिक्षक संघ के संस्थापक रहे स्व. राय समाज को जोड़ने की हर संभव प्रयास करते रहे जिसका फलस्वरूप उनके चार पोते भारतीय सेना में शामिल हैं वही एक पोते अभियंता और एक पोती उच्च विद्यालय में शिक्षिका है, बड़ी बहू भी मध्य विद्यालय में प्राणाध्यापिका है जबकि छोटी बहु स्वयं अपनी निजी विद्यालय चलाती है और दोनों बेटियां गृहिणी है। चार नाती अभियंता और एक नितनी अभियंता और एक नतिनी डॉक्टर है। दोनों दामाद भी अभियंता के पद से सेवानिवृत है। इतनी खुशहाल परिवार की संरचना उन्होंने की जिससे समाज को भी प्रेरणा मिलती है। ऐसे अभिभावक को चले जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। स्व. राय के नौवीं पुण्यतिथि पर उनकी धर्मपत्नी सुंदरपति देवी, छोटे बेटे राजेश्वर प्रसाद मुकेश, छोटी बहु सरिता कुमारी, बड़े दामाद सतीश चन्द्र राय, बड़ी बेटी मीना राय, पोता शुभम कुमार एवं अभिनव कुमार ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# आयुष्मान भारत फाउंडेशन ने सीतामढ़ी में आयोजित किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



प्रात : किरण संवाददाता

सीतामढ़ी, राष्ट्र का अग्रणी युवा संगठन आयुष्मान भारत फाउंडेशन ने सीतामढ़ी जिला अंतर्गत गुरु महेश चिकित्सा एवं शिक्षा संस्थान, भगवानपुर चौक, मण्डल टोला वाला हनुमान मंदिर के नजदीक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बृहस्पतिवार को किया। यह आयोजन संगठन अपने परियोजना ह्यआयुष्मान मोबाइल हेल्थ क्लिनिकह्न के तत्वाधान में किया था। उक्त जानकारी आयुष्मान भारत फाउंडेशन डाक्टर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर कबीर मत के अनुयायी एवं शिक्षक महेश मास्टर साहेब के पुण्य स्मृति के अवसर पर आयोजित किया गया था। शिविर के मुख्य अतिथि आयुष्मान भारत फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर के गुप्ता थे। डॉ गुप्ता ने बताया कि शिविर में चर्म रोग चिकत्सक डॉ आर के गुप्ता के साथ जनरल फिजीसीयन व शिशु रोग बिशेषज्ञ डॉ राजीव कुमार, नेत्र रोग बिशेषज्ञ डॉ पी के राय एवम जनरल फिजीसियन डॉ रविन्द्र कुमार चंद्र शामिल थे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का संयोजन डॉ राजा बाबू थे। शिविर में आस-पास के क्षेत्रो से लगभग दो सौ लोगो का निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवम दवाएं दी गई। डॉ गुप्ता ने बताया कि ह्यसमर्पण से सेवा तकह्न हम सब का लक्ष्य है ' शिविर के माध्यम से हम सब का हमेशा यह प्रयास रहता है की लोगो को निःशुल्क और बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं निःशुल्क और आसानी से मिल सके। संगठन उत्तर प्रदेश और बिहार के अनेक स्थानों पर बेहतर और अनुभवी चिकत्सक पैनल के साथ अनवरत अपनी सेवाएं दे रहे है। डॉ गुप्ता ने बताया कि शिविर की सफलता के लिए आयुष्मान भारत फाउंडेशन के चेयरमैन अमरनाथ द्विवेदी एवम अजित कुमार सिंह ने संगठन के चिकित्सा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर के गुप्ता और प्रदेश कार्यकारिणी को अपनी शुभकामनाएं दी ' शिविर मे पूर्व मुखिया वंशलाल भगत एवं उनकी धर्मपत्नी, सरपंच हरपुरवा पंचायत, राजेश्वर चौधरी, रामदयाल पासवान, सुखदेव, संजय, राजेश, नथुनी, भगवान लाल, सभी ग्रामवासी व क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति शिविर में उपस्थित थे।

## चैत्र नवरात्र नौ से,सुबह 5 बजे से कलश स्थापना

गिद्धौर /जमुई चैत्र मात्र के चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा 09 अप्रैल को है।इसी दिन से हिंदू नववर्ष कलेंडर का शुभारंभ हो जाएगा।इसी दिन कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र की शुरूआत होगी।हिंदू नववर्ष के शुरू होने पर मंदिरों में उस दिन अत्याधिक भीड़ होती है ।शारदीय नवरात्र की तरह चैत्र नवरात्र में भी श्रद्धालु फलाहार पर रहते है और माता का नित्य दिन पाठ करते है ।नौ अप्रैल को सुबह पांच बजे से सूर्यास्त तक कलश स्थापना की जा सकती है ।चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्र शुरू हो जाती है ।हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि आठ अप्रैल की रात 11 बजकर 55 मिनट से शुरू हो जाएगी,जिसका समापन नौ अप्रैल की रात नौ बजकर 43 मिनट पर होगा ।उदया तिथि के आधार पर चैत्र नवरात्र नौ अप्रैल से शुरू होगी ।वही,नौ अप्रैल को अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11 बजकर 33 मिनट से 12 बजकर 24 मिनट तक रहेगा ।अभिजीत मुहूर्त में किसी भी तरह का कोई भी शुभ कार्य किया जा सकता है।

# 8 वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को दी गई समारोह पूर्वक विदाई







प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः- प्रखंड अंतर्गत मौरा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंधौरा में गुरूवार को अष्टम वर्ग की परीक्षा पास कर चुके छात्र-छात्राओं के लिए विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक रंजीत शर्मा की अध्यक्षता में विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ बंधौरा गांव के ग्रामीणों के उपस्थिति में किया गया ।विद्यालय के छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर और स्वागत गीत के साथ प्रधानाध्यापक द्वारा स्वागत भाषण के साथ ग्रामीणों का स्वागत किया गया ।बाल संसद के अनेक मंत्रियों एवं ऊर्जावान छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार कि ओर से प्रगति पत्र,कलर,कलम देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में आगत अतिथियों ने अपने-अपने विचारों से बच्चों को प्रोत्साहित और प्रेरित करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी ।सप्तम वर्ग की छात्राओं द्वारा गाए गये विदाई गीत ने उपस्थित जन समूह को भाव-विभोर कर दिया ।इस मौके पर रंजीत शर्मा,हेमलता सिन्हा,कुमकुम भारती,कुमार राजीव रंजन,मंटू मंडल बबीता कुमारी सहित दर्जनों छात्र-छात्राओं मौजूद थे।

# पर्यवेक्षिका के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली




प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान दरभंगा : कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड बाल विकास परियोजना के तत्वावधान में गुरुवार को कुशेश्वरस्थान पूर्वी नगर पंचायत में आंगनबाड़ी सेविका सहायिका ने महिला पर्यवेक्षिका प्रतिभा कुमारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। आंगनबाड़ी सेविका सहायिका को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षिका प्रतिभा कुमारी ने कहा कि मतदान करना सभी मतदाताओं का मौलिक अधिकार है। मतदाता के एक एक मत से केन्द्र में सरकार बनती है। इसलिए अपना बहुमूल्य मत को बर्बाद नहीं करें। इस दौरान रैली में शामिल सेविका सहायिका ने अपने अपने पोषक क्षेत्र के लाभार्थी के घर घर जाकर 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में बूथ पर जाकर अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट देने का अपील किया। कहा कि आपके एक वोट से सरकार बनेगी।अपना वोट बेकार नहीं जाने दे। सेविका सहायिका ने खेतों में काम कर रहे किसान मजदूर के पास जाकर मतदान करने के लिए जागरूक किया। साथ ही मतदाता जागरूकता से संबंधी स्लोगन को दिवाल पर लिखा। रैली में शामिल सेविका सहायिका ने लोकतंत्र में हिस्सेदारी - हम सब की है जिम्मेदारी, लोकतंत्र का सम्मान करेंगे-निर्भय होकर मतदान करेंगे,जाति पर न धर्म पर - वोट करेंगे कर्म पर,पहले मतदान फिर जलपान,हम सब का है यही पुकार, मतदान करना सब का अधिकार जैसे मतदाता जागरूकता नारे लगाए। मौके पर निरो रानी, सुनैना कुमारी, नीलम कुमारी देवी, पुष्पांजलि देवी,तारा देवी, सहित भारी संख्या में सेविका सहायिका उपस्थित थे।

# एईएस समन्वय समिति की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में ए.ई.एस. समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने जिला मुख्यालय से लेकर प्रखण्ड मुख्यालय तक के सभी चिकित्सा पदाधिकारी एवं कर्मियों को पूरी जवाबदेही एवं तत्परता से मिशन मोड में कार्य करने तथा पंचायतों से संबद्ध पदाधिकारी को संबंधित पंचायत में प्रत्येक शनिवार को आयोजित संध्या चैपाल में जागरूकता कार्यक्रम को गति प्रदान करने हेतु बच्चों के प्रति मानवीय आधार पर संवेदनशील होकर निश्चित रूप से भाग लेने का निर्देश दिया। साथ ही इस महत्वपूर्ण कार्य से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों का वेतन स्थगित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रखण्डों में ए.ई.एस. वार्ड को पूरी तौर पर तैयार रखने को कहा तथा कर्तव्य से अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सा कर्मी के विरूद्ध कार्रवाई करने को कहा। सिविल सर्जन को सभी प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी एवं चिकित्सा कर्मियों की उपस्थिति एवं उसके कार्यों की सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग करने एवं जिलाधिकारी को अवगत कराते रहने का निदेश दिया। बच्चों के रेफरल सिस्टम को मजबूती प्रदान करने हेतु प्रखण्डों में वाहनों का पंचायत स्तर पर टैगिंग किया गया है, जिसमें दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों को तैयार अवस्था में रखने तथा सरकारी स्तर पर दूरी के अनुसार भुगतान की समुचित व्यवस्था करने का निदेश दिया। जिलाधिकारी ने प्रखण्ड स्तर के सभी अधिकारियों को अपने मुख्यालय में ही बने रहने तथा ए.ई.एस. कार्य के प्रति सक्रिय एवं तत्पर रहने को कहा। उन्होंने आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सेविका सहायिका को पारासिटामोल एवं ओ.आर.एस. का कीट उपलब्ध कराने तथा वितरण से संबंधित प्रखण्डवार रिपोर्ट प्राप्त करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिला स्तर पर गठित कन्ट्रोल रूम से नियमित अनुश्रवण कर सूचना प्राप्त करने तथा उससे अवगत कराने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अपदा प्रबंधन, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था, सिविल सर्जन, डी.पी.ओ. आई.सी.डी.एस., डी.पी.एम. जीविका सहित कई अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। तथा प्रखण्डों से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी, प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, जीविका सहित अन्य अधिकारीगण विडियो कॉन्फ्रेसिंग से जुड़े थे।

# विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शुक्रवार, 05 अप्रैल, 2024

सम्पादकीय

## चुनावी बॉन्ड से चंदे पर शेयरधारक क्यों अंधेरे में?

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने पिछले दिनों चुनावी बॉन्ड पर दो दस्तावेज में जानकारियां सौंपी। चुनावी बॉन्ड खरीदना पूरी तरह कंपनियों एवं उद्यमियों की इच्छा पर निर्भर था मगर प्रश्न यह है कि कोई कंपनी या इकाई अपनी मेहनत की कमाई स्वार्थ सिद्धि करने वाले राजनीतिज्ञों को क्यों दे? कंपनियां तभी ऐसा करती हैं जब उन पर दबाव डाला जाता है या कोई विशेष प्रोत्साहन दिया जाता है। चुनावी बॉन्ड के जरिये आया स्वैच्छिक चंदा अधिक नहीं माना जा सकता। ऐसा इसलिए भी कहा जा सकता है कि बड़ी कंपनियों के नाम चंदा देने वाली इकाइयों की सूची से नदारद थे। इन दिनों भारत के उद्योग जगत की ज्यादातर बड़ी कंपनियां शेयर बाजार में सूचीबद्ध हैं। मगर कुछ क्षेत्रों की लगभग 100 कंपनियों ने चुनावी बॉन्ड के जरिये राजनीतिक दलों को चंदा दिया। चंदा देने वाली कंपनियों की सूची में कुछ ही बड़ी कंपनियां (निफ्टी 200 शेयर) शामिल थीं। दानकर्ता कंपनियों की सूची में वेदांत (400 करोड़ रुपये से अधिक), भारती एयरटेल (198 करोड़ रुपये), टॉरंट पावर (106 करोड़ रुपये) और यूनाइटेड फॉस्फोरस (60 करोड़ रुपये) शामिल हैं। मगर इसमें शामिल ज्यादातर कंपनियों ने अपने मुनाफे की तुलना में काफी कम रकम चंदे के तौर पर दी है। उदाहरण के लिए सन फार्मास्युटिकल्स ने पिछले साल 8, 900 करोड़ रुपये शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था मगर उसने मात्र 31.50 करोड़ रुपये (महज 0.3 प्रतिशत) राजनीतिक दलों को चुनावी बॉन्ड के जरिये दिए। महिंद्रा ऐंड महिंद्रा ने लगभग इतनी ही रकम (25 करोड़ रुपये) चंदे के रूप में दी। अन्य कंपनियों में बजाज फाइनैंस (20 करोड़ रुपये), बजाज ऑटो (18 करोड़ रुपये), हीरो मोटर्स (20 करोड़ रुपये), टीवीएस मोटर्स (26 करोड़ रुपये), अल्ट्राटेक (35 करोड़ रुपये), मारुति सुजूकी (20 करोड़ रुपये) और पीरामल एंटरप्राइजेज (48 करोड़ रुपये) के नाम सूची में दर्शाए गए हैं। इससे अधिक दिलचस्प बात यह है कि सूचीबद्ध बड़ी कंपनियों में एक बड़ी संख्या उनकी है जिन्होंने चुनावी बॉन्ड के जरिये चंदा नहीं दिया। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, कोटक बैंक, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, टाइटन और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस), इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, विप्रो जैसी कंपनियां शामिल हैं। इस सूची में किसी भी बहुराष्ट्रीय कंपनी का नाम नहीं है और न ही निर्माण क्षेत्र की दिग्गज कंपनी लार्सन ऐंड टुब्रो दिखाई देती है। यह अलग बात है कि निर्माण क्षेत्र की कुछ कंपनियों ने चुनावी बॉन्ड के जरिये चंदा दिया है। एक और प्रश्न यह है कि जिन कंपनियों ने चंदा दिया है उन्होंने शेयरधारकों को इसकी स्पष्ट जानकारी दी है या नहीं? मौजूदा समय में बाजार नियामक और स्टॉक एक्सचेंज अधिक से अधिक पारदर्शिता पर जोर दे रहे हैं जिसे देखते हुए चंदा देने वाली कंपनियों को स्पष्टीकरण के साथ इससे जुड़ी जानकारी अनिवार्य रूप से अपने शेयरधारकों को देनी चाहिए। महिंद्रा ऐंड महिंद्रा, सिप्ला, भारती एयरटेल, पीरामल एंटरप्राइजेज जैसी बड़ी कंपनियों की वित्त वर्ष 2022-23 की सालाना रिपोर्ट का विश्लेषण करें तो इनमें चुनावी बॉन्ड का कहीं जिक्र नहीं है। वेदांत ने चंदे में दी रकम को अन्य व्यय में दिखाया है मगर एक फुटनोट लिखा है जिससे यह पता चलता है कि रकम चुनावी बॉन्ड खरीदने पर खर्च की गई है। शेयरधारकों के समक्ष पूरी पारदर्शिता बरतना उन कंपनियों के मामले में और भी आवश्यक हो जाता है जो आरोपों या किसी जांच का सामना कर रही हैं। कई बड़ी कंपनियों के नाम चंदा देने वाली इकाइयों की सूची में नहीं हैं मगर दिलचस्प है कि सभी सूचीबद्ध दवा कंपनियां और कई अन्य गैर-सूचीबद्ध कंपनियां के नाम सूची में शामिल हैं। इनमें कई कंपनियां कर वंचना, खराब गुणवत्ता वाली दवाओं या अधिक कीमत वसूलने के लिए कार्रवाई (कुछ वाजिब तो कुछ कथित रूप से गैर-वाजिब) का सामना कर रही हैं। चुनावी बॉन्ड से चंदा देने वाले बड़े नामों में दिवीज लैबोरेट्रीज (55 करोड़ रुपये), सिप्ला (39.20 करोड़ रुपये), एल्केम लैबोरेटरीज (15 करोड़ रुपये), डॉ. रेड्डीज (84 करोड़ रुपये), सन फार्मा और मैनकाइंड फार्मा (24 करोड़ रुपये) शामिल हैं। इनमें किसी भी कंपनी ने चुनावी बॉन्ड के बारे में अपने शेयरधारकों के समक्ष बड़े खुलासे नहीं किए हैं। चुनावी बॉन्ड के गहन विश्लेषण से पता चलता है कि कंपनियां डर या किसी तरह के फायदे-प्रोत्साहन (ठेका, परियोजना या ऑर्डर मिलने में सहूलियत) के लिए चंदा दे रही हैं।

## 2024 के चुनाव में विपक्षी चेहरा की कमी

वर्तमान सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव बनाने का जूनून भी देश को राजनीती से दूर रहकर विकसित भारत के निर्माण का संकल्प है आजादी से पहले भारत की आर्थिक स्थिति बड़ी दयनीय थी, यहाँ विकास की धारा 1951 से विधिवत एवं एक फ्रेमवर्क के तहत शुरू हुआ, देश के आर्थिक विकास को लेकर तमाम तरह की योजनाएं बनाई गई। विगत 76 सालों में भारत ने प्रत्येक क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की हैं। आजादी के बाद से भारत ने सभी क्षेत्रों में खुद को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सार्थक कदम उठाएं हैं। आधुनिक तकनीक तथा अपने संसाधनों के संतुलित उपयोग के जरिये नई सम्भावनाओं को भी तराशा हैं। कृषि तथा उद्यानिकी में साठ के दशक में शुरू हुई हरित क्रांति ने तेजी से खाद्यान्न के क्षेत्र में हमने आत्मनिर्भरता हासिल की। 2024के लोकसभा चुनाव में मोदी जी को तीसरा टर्म देना उचित है इसका कारण यह है कि विपक्ष के पास प्रधानमंत्री उम्मीदवार का कोई चेहरा सही नहीं है मोदी के ऊपर कोई आरोप नहीं है और कुल मिलाकर देश में अच्छा शासन रहा क्योंकि इसमें कोई आतंकवादी घटना नहीं हुई देखिए दूसरी पार्टी में लगभग सभी प्रधानमंत्री के उम्मीदवार है और बाद में प्रधानमंत्री बनाने, बनने का क्रम ना चलता रहे इससे योजना पर असर होता है क्योंकि हर सरकार अपने अनुसार देश को चलाना चाहती है जहाँ तक ईडी व सी बी आई का सबाल है देखिये पार्टी चलाना में खर्चा होता है और इससे भ्रष्टाचार बढ़ता है चोरी चाहे 1रुपए की हो या 1करोड़ की कानून के अनुसार दोनों सेक्शन 378के अंतर्गत आरोपी है आम आदमी पार्टी कहीं ना कहीं अपनी विचारधारा से हटी और दुर्घटना घटी जिसका परिणाम देखने को मिला है अतः इसमें राजनीति एक्सपीरियंस की कमी है पुरे देश में देखा जाए तो दिल्ली व पंजाब के अलावा दूसरे राज्यों में 50-100 वोट भी मिलना मुश्किल हो जाता है अतः उसके लिए अति उत्तम है कांग्रेस में विलय कर लेना इससे दोनों को फायदा हो सकता है क्योंकि आमआदमी पार्टी से कोई नहीं तो केजरीवाल जी प्रधानमंत्री के उम्मीदवार के रूप में ठीक होगा क्योंकि आईआईटी पास है अच्छा बोल लेते है इसलिए तो शराब में इतना बड़ा डील सफल रहा अब सबाल यह हैं कि कुछ ज्यादा उत्साह होने से फंस गए देखिये चोरी बहुत लोग करते हैं लेकिन जब पकड़े जाते तो घोटाला के रूप दोषी पाए जाते हैं राम मंदिर भी एक सपना से कम नहीं था और जम्मू से आर्टिकल 370हटाना व विज्ञान में विकास सर्जिकल स्ट्राइक, कोरोना में देश को अच्छी तरीके से निकाल देना भी सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धि है शिक्षा में नवाचार, प्रशिक्षण की व्यवस्था एवं आधुनिक स्तर के विद्यालय महाविद्यालय स्थापित कर शिक्षा के शिक्षा में भी पर्याप्त उंचाइयो तक पहुंचे। विज्ञान और तकनीकी और सदुपयोग से हमने डिजिटल भारत जैसे अभियानों से प्रत्येक गाँव के व्यक्ति तक आधुनिक संचार की सुख सुविधाएं प्रदान की हैं। आज चिकित्सा के फील्ड में एल्लोपैथी, आयुर्वेदिक, योगा व होम्योपैथी की बेहतरीन चिकित्सा पद्धतियाँ हमारे देश में हैं। आजादी के बाद से ही भारत के विकास की धारा गाँव से शुरू की गई, गाँवों को भारत की आत्मा कहा गया हैं। इस कारण अपने संसाधनों का उपयोग गाँवों में भी उसी स्तर पर किया हैं अतः मोदीजी को एक टर्म मिला तो ठीक नहीं तो जनता ही मालिक है। लेकिन इतना जरूर है 2024 के चुनाव में विपक्षी चेहरा की कमी है इसलिए बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार ने इंडि गठबंधन से बाहर हो गए। सत्ता का लोभ मनुष्य के जीवन का ऐसा मानसिक विकार है, जो उसके उत्कर्ष में बाधा डालता है लेकिन मजबूरी है कि कौन सबों में अच्छा विकल्प है।

## बेहतर उत्पादन हेतु अप्रैल माह पपीता लगाने के लिए सर्वोत्तम

**पपीते के पौधों को सहारा देने और तेज हवाओं में गिरने से बचाने के लिए उन्हें सहारा दें। पौधों के चारों ओर हवा के संचार को बेहतर बनाने और सीधी वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए किसी भी साइड शूट और सकर को हटा दें। खुली छतरी बनाए रखने और फलों के विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए भीड़भाड़ वाली शाखाओं को काटें। अत्यधिक धूप या ठढ़क से पौधों को बचाए धूप से झुलसने और गर्मी के तनाव को रोकने के लिए तीव्र गर्मी की अवधि के दौरान छाया जाल लगाएं या अस्थायी छाया प्रदान करें। अचानक तापमान गिरने या पाले की घटनाओं के दौरान पौधों को प्लास्टिक शीट या रो कवर से ढक दें। पोषक तत्वों की कमी, कीटों या बीमारियों के संकेतों के लिए नियमित रूप से पौधों का निरीक्षण करें।**





प्रोफेसर (डाक्टर) एस के सिंह
लेखक

पपीता का वैज्ञानिक नाम कैरिका पपाया है । यह एक अल्पकालिक वनस्पति है, जो पृथ्वी के लगभग हर हिस्से में उगाया जाता है। ब्राजील, इंडोनेशिया, नाइजीरिया और मैक्सिको के बाद भारत पपीता का सबसे बड़ा उत्पादक राष्ट्र है। पपीते में मुख्यतः तीन प्रकार के पौधे होते हैं, नर पौधे केवल पराग का उत्पादन करते हैं, इस पर कभी फल नहीं लगता है । मादा पौधे एवं उभयलिंगी ( हेमैंफ्रोडाइट) पौधे जिसमे फल पैदा होते है। पपीता में परागण हवा एवं कीटों द्वारा होता है। उभयलिंगी ( हेमैंफ्रोडाइट) पौधों में स्व-परागण होता हैं। लगभग सभी वाणिज्यिक पपीता की किस्मों में केवल उभयलिंगी ( हेमैंफ्रोडाइट) पौधों होते हैं। भारत में प्रमुखता से उगाई जाने वाली किस्म रेड लेडी भी उभयलिंगी ( हेमैंफ्रोडाइट) किस्म है । कुछ किसान सोलो टाइप पपीते की भी खेती कर रहे हैं, जिसमे नर एवं मादा पुष्प अलग अलग पौधों पर होते है । पपीता उगाने और उपज के लिए आदर्श तापमान 21 डिग्री सेंटीग्रेट से लेकर 36 डिग्री सेंटीग्रेट का तापक्रम सर्वोत्तम होता है । पपीता की फसल गर्म मौसम में नमी और ठंडे मौसम की स्थिति में शुष्क प्रकृति के साथ मिट्टी में अच्छा फूल आता है। अत्यधिक कम तापमान के संपर्क में पत्तियों को नुकसान हो सकता है और यहां तक कि पौधे भी मर सकते है।

बिहार सहित उत्तर भारत में पपीते की खेती के लिए अप्रैल का महीना सर्वोत्तम है।पपीता की रोपाई के दौरान, ध्यान देने की विशेष आवश्यकता होती है। नर्सरी से मुख्य खेत में पपीते के पौधों की रोपाई के लिए स्वस्थ विकास और अधिकतम उपज सुनिश्चित करने के लिए सर्वोत्तम अभ्यासों का पालन करने की आवश्यकता होती है। उत्तर भारत में पपीते की रोपाई के लिए सर्व प्रथम भूमिके चयनपर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।इसके लिए दोमट मिट्टी और अच्छी धूप के संपर्क में आने वाला एक अच्छी तरह से सूखा हुआ क्षेत्र चुनें। सुनिश्चित करें कि जड़ सड़न को रोकने के लिए साइट जलभराव से मुक्त हो। यदि पपीता के खेत में पानी 24 घंटे से ज्यादा लग गया तो पपीता को बचा पाना बहुत मुश्किल होता है।। तेज हवाओं से सुरक्षित स्थान चुनें, क्योंकि पपीते के पौधों की जड़ें उथली होती हैं और उन्हें आसानी से नुकसान पहुँच सकता है। पपीता लगाने से एक महीना पहले ही खेत के चारों तरफ बॉर्डर क्रॉप जैसे बहुवर्षीय ढैचा या सुबाबुल लगाया जा सकता है। पोषक तत्वों के स्तर और पीएच को निर्धारित करने के लिए मिट्टी का परीक्षण कराना चाहिए।

मिट्टी की उर्वरता और संरचना को बेहतर बनाने के लिए खाद या अच्छी तरह से सड़ी हुई खाद जैसे कार्बनिक पदार्थ डालें। मिट्टी को कम से कम 12 इंच की गहराई तक ढीला करके उचित मिट्टी का वातन सुनिश्चित करें।खेत में प्रचुरता से कार्बनिक पदार्थ होने से पपीता में विषाणुजनित रोग कम लगता है । रोपण के लिए भूमि की तैयारी के लिए आवश्यक है कि भूमि को बार-बार जुताई और गुड़ाई के माध्यम से अच्छी तरह से तैयार किया जाय और अंत में 1.0 फीट ७ 1.0 फीट ७ 1.0 फीट के गड्ढे खोदे जाते हैं। खोदे हुए गड्ढों को कम से कम 15 दिनों तक धूप में सूखने दें, इसके बाद मुख्य क्षेत्र में पौधे रोपे जा सकते हैं। रोपण से कम से कम 15 दिन पहले 5 ग्राम कार्बोफ्यूरान एवं 25-30 ग्राम डीएपी के साथ खुदाई की गई मिट्टी के साथ खोदे गए गड्ढे का आधा हिस्सा भरा जा सकता है। प्रतिष्ठित नर्सरियों से स्वस्थ, रोग-मुक्त पौध चुनें। पौध को तब रोपें जब उसमें 3-4 स्वस्थ पत्ते आ जाएं और वह 6-8 इंच लंबा हो जाए। रोपाई के झटके को कम करने के लिए रोपाई से एक दिन पहले पौध को अच्छी तरह से पानी दें।

नर्सरी में तैयार पौधों को मिट्टी एवं जड़ के साथ , कवर को हटा दिया जाता है और आधा मिट्टी से भरे गड्ढे के केंद्र में रखा जाता है, और आधी बची मिट्टी से ढंक दिया जाता है। रोपण के तुरंत बाद हल्की सिंचाई देनी चाहिए।यदि डीएपी 15 दिन पहले खोदे गए गड्ढों में नही डाल पाए हो तो रोपाई के समय रासायनिक खाद नहीं डालना चाहिए , क्योकि इससे जड़ो को नुकसान हो सकता है। पौधे से पौधे एवं पंक्ति से पंक्ति के बीच 1.8 ७ 1.8 मीटर की दूरी रखने से बेहतर पैदावार प्राप्त होता है । पौधों पर तनाव कम करने के लिए सुबह जल्दी या दोपहर बाद शाम के समय रोपाई करें।

नए रोपे गए पौधों को मुरझाने से बचाने के लिए पर्याप्त पानी दें। अधिक पानी देने से बचें, क्योंकि इससे जड़ सड़ सकती है और अन्य बीमारियाँ हो सकती हैं। पानी को सीधे जड़ क्षेत्र में पहुँचाने और पानी की बबार्दी को कम करने के लिए ड्रिप सिंचाई का उपयोग करें।अप्रैल में लगाए गए पपीता के लिए पानी की उपलब्धता अनिवार्य है। मिट्टी की नमी को संरक्षित करने और खरपतवार की वृद्धि को रोकने के लिए पौधों के आधार के चारों ओर पुआल या सूखे पत्तों जैसे जैविक मल्च की एक परत लगाएँ।मल्चिंग मिट्टी के तापमान को नियंत्रित करने और कटाव को रोकने में भी मदद करती है।

पपीता की अच्छी खेती के लिए लगातार अंतराल पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करना महत्वपूर्ण है। उचित फलन के लिए संतुलित कार्बनः नाइट्रोजन अनुपात होना भी आवश्यक है । अच्छी तरह से सड़ी 25 -30 किलोग्राम गोबर की खाद जिसमे बायोफर्टिलाइजर मिश्रण मिला हो , फसल की वृद्धि और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक होते है। पपीता की खेती में , प्रति वर्ष 1-2 किग्रा प्रति पौधा नीम केक/जैवउर्वरक/ वेर्मीकम्पोस्ट में से कोई एक या तीनों का मिश्रण तीन से चार बार जब रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करते है ,उसी समय देने से अच्छी उपज प्राप्त होती है । अकार्बनिक उर्वरक यथा नाइट्रोजन-200-250 ग्राम, फास्फोरस-200-250 ग्राम, पोटेशियम 200-250 ग्राम प्रति वर्ष प्रति पौधा, दो दो महीने के अंतर पर , चार बार या तीन तीन महीने के अंतर पर तीन बार उर्वरकों के प्रयोग से अधिकतम लाभ मिलता है । कीट और रोग प्रबंधन एफिड्स, व्हाइटफ़्लाइज और फ्रूट फ़्लाइज जैसे कीटों के संकेतों के लिए पौधों की नियमित रूप से निगरानी करें। कीटों के संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए प्राकृतिक शिकारियों या जैविक कीटनाशकों का उपयोग करें। फसल चक्र का उपयोग करें।बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए किसी भी संक्रमित पौधे के मलबे को हटा दें। बिहार में पपीता की सफल खेती के लिए आवश्यक है की पपीता लगने से पूर्व डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित तकनीक को अवश्य ध्यान में रक्खे।अखिल भारतीय फल परियोजना एवं डॉ राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा ने नई तकनीक विकसित किया है,उसके अनुसार खड़ी पपीता की फसल में विभिन्न विषाणुजनित बीमारियों को प्रबंधित करने के लिए निम्नलिखित उपाय करना चाहिए क्पपीता को पपाया रिंग स्पॉट विषाणु रोग से बचाने के लिए आवश्यक है कि 2% नीम के तेल जिसमे 0.5 मिली प्रति लीटर स्टीकर मिला कर एक एक महीने के अंतर पर छिड़काव आठवे महीने तक करना चाहिए कउच्च क्वालिटी के फल एवं पपीता के पौधों में रोगरोधी गुण पैदा करने के लिए आवश्यक है।

## आप की दुर्दशा से विपक्ष के लिये सबक

**भाजपा की दिलचस्पी ही नहीं, बल्कि नाक का भी सवाल है कि वह दिल्ली लोकसभा की सारी सीटें जीते। आप के हाथों विधानसभा चुनावों में मिली दो-दो बार की पराजयों के भी मद्देनजर वह आहत है तथा अगला विधानसभा चुनाव जीतने के लिये उसे यहां से बड़ी जीत चाहिये जिसके आसार काफी कम हैं। यह बात सामने आ चुकी है कि जांच एजेंसियां भाजपा के वे हथियार हैं जिनके बल पर वह ह्यऑपरेशन लोटसह्ल के नाम से निर्वाचित सरकारों को गिराती है, अल्पमत में होकर भी अपनी सरकारें बनाती है, विरोधियों को उनका डर दिखाकर अपने खेमे में करती है, अपने लिये चुनावी चंदा बटोरने में उसका सहयोग लेती है।**





संजय धमोरा
लेखक

एक तरफ तो देश लोकसभा चुनाव के मुहाने पर खड़ा है वहीं दूसरी तरफ जो अनेक घटनाक्रम जारी हैं उनमें राजनैतिक बयानों, सीटों के तालमेल, प्रचार सभाओं, प्रेस कांफ्रेंसों आदि के अलावा जिस विषय की सर्वाधिक चर्चा है, वह है आम आदमी पार्टी के नेताओं पर कथित शराब घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रोज गिरती गाज। पिछले लगभग एक पखवाड़े के भीतर दो बार ईडी की हिरासत (पहले 6 एवं बाद में 4 दिनों की) में रहने के बाद मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेजे गये दिल्ली के मुख्यमंत्री व आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अब दिल्ली हाईकोर्ट में जमानत पाने हेतु संघर्षरत हैं। दूसरी ओर करीब 6 माह जेल में गुजारने के बाद पार्टी के सांसद संजय सिंह जमानत पाने में सफल हो चुके हैं। हालांकि उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रहे सत्येन्द्र जैन अब तक सलाखों के पीछे हैं। इतना ही नहीं, आप सरकार की मंत्री आतिशी व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज मुख्य रूप से सीधे तौर पर कहें तो ईडी के और परोक्ष रूप से भारतीय जनता पार्टी के निशाने पर हैं। कोई दावे से नहीं कह सकता कि आप के कितने मंत्री, विधायक या नेता भी जांच एजेंसी के रडार पर हैं। यह साफ हो जाने के बाद कि इसे करोड़ों का घोटाला बतलाकर दो साल से इसकी जांच कर रही ईडी न तो एक पैसा बरामद कर सकी और न ही यह बतला पाई है कि इसका पैसा किसे मिला है, न तो जांच पूरी हो सकी है और न ही गिरफ्तारियां रुक रही हैं। अब तो यह भी साफ हो चला है कि भाजपा का उद्देश्य जो पहले आप को कमजोर करना था, अब वह चाहती है कि पार्टी नेताओं का ज्यादा से ज्यादा समय कोर्ट-कचहरियों में उलझकर बर्बाद होता रहे ताकि वे पार्टी का प्रचार न कर सकें। आप की दिल्ली के अलावा पंजाब में बड़ी उपस्थिति है परन्तु भाजपा की वहां कोई बड़ी दावेदारी नहीं है। भाजपा की दिलचस्पी ही नहीं, बल्कि नाक का भी सवाल है कि वह दिल्ली लोकसभा की सारी सीटें जीते। आप के हाथों विधानसभा चुनावों में मिली दो-दो बार की पराजयों के भी मद्देनजर वह आहत है तथा अगला विधानसभा चुनाव जीतने के लिये उसे यहां से बड़ी जीत चाहिये जिसके आसार काफी कम हैं। यह बात सामने आ चुकी है कि जांच एजेंसियां भाजपा के वे हथियार हैं जिनके बल पर वह ह्यऑपरेशन लोटसह्ल के नाम से निर्वाचित सरकारों को गिराती है, अल्पमत में होकर भी अपनी सरकारें बनाती है, विरोधियों को उनका डर दिखाकर अपने खेमे में करती है, अपने लिये चुनावी चंदा बटोरने में उसका सहयोग लेती है। अब जबकि मतदान कुछ ही दिनों की दूरी पर रह गया है, आप का कांग्रेस के साथ दिल्ली में गठबन्धन हो चुका है, सीटों के बंटवारे पर मुहर लग चुकी है, वह कांग्रेस के नेतृत्व में बने इंडिया गठबन्धन का हिस्सा भी बन चुका है (यह निर्णय भी उसने काफी देर से लिया) तथा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया के सभी दलों ने एक विशाल रैली भी की थी- तो भी यह उन दलों व नेताओं के मंथन का मुफीद अवसर है जो अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के चलते देश व लोकतंत्र पर छाये उस बड़े खतरे से आंखें मूंदे हुए हैं जो एक बहुत बड़े रूप में सबके समक्ष है। पिछले 10 वर्षों में, खासकर भाजपा के 2019 से जारी दूसरे कार्यकाल के दौरान जिस प्रकार से सरकार निरंकुश बनी है, उसमें प्रमुख हमला विपक्ष पर हो रहा है। 2014 में तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस मुक्त भारत का ही नारा दिया था लेकिन अब वह ह्यविपक्ष मुक्त भारतह्ल का सपना न केवल देख रही है बल्कि उसे साकार भी कर रही है। उसका ऑपरेशन लोटस तथा विपक्ष को तोड़ने में जांच एजेंसियों का निर्लज्ज इस्तेमाल इसी अभियान के माध्यम व उपकरण हैं। हाईकोर्ट में केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी कह चुके हैं कि भाजपा आप को पूरी तरह से खत्म करना चाहती है। यह समय इस बात को याद करने का भी है कि आप लम्बे समय तक भाजपा की ह्यबीह्ल टीम के रूप में काम करती रही है। राजनैतिक महत्वाकांक्षा कोई बुरी बात नहीं और यह सभी का हक भी है कि वह जिस प्रकार से चाहे अपना विस्तार करे, लेकिन आम आदमी पार्टी के बहुत से निर्णय भाजपा को मजबूत करने के हुए हैं। जनांदोलन तथा सिविल सोसायटियों से निकली पार्टी यह समझ नहीं पाई- यह आश्चर्य है। उसने कई ऐसे राज्यों में चुनाव लड़े जहां उसका अस्तित्व तक नहीं था। अब भी पंजाब में वह कांग्रेस से अलग चुनाव लड़ रही है। आप की जो मौजूदा दुर्दशा है उसके लिये वह खुद बड़े पैमाने पर जिम्मेदार है और उसकी इस हालत से उन दलों को सबक लेना चाहिये जो भाजपा के विरोध में तो हैं पर विपक्षी मत विभाजन के भी जिम्मेदार हैं।

## अधिक सयाने नेता ना घर के रहे ना घाट के

कहते हैं राजनीति संभावनाओं का खेल है। इसमें कब क्या हो जाए किसी को पता नहीं रहता है। राजनीति में जरा सा चूकने पर खेल ऐसा बिगड़ जाता है कि फिर सुधरे भी नहीं सुधर पाता है। देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के दौरान कुछ राजनीतिक दलों व उनके नेताओं के साथ भी कुछ ऐसी घटनाएं घट गई जो ना उनसे निगलते बन रही है ना ही उगलते। बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के नेता व केंद्र में मंत्री रहे पशुपति पारस अपने भतीजे चिराग पारस कि एनडीए से बगावत के वक्त खुलकर एनडीए के साथ रहकर अपना मंत्री पद बचा ले गए थे। उसे वक्त उनके साथ पार्टी के 6 में से पांच सांसद भी थे। मगर समय का चक्र देखिए आज पशुपति पारस के पास ना तो मंत्री पद बचा है ना ही लोकसभा की सीट बच पाई है। चिराग पासवान के एनडीए में वापस आने के चलते सीट शेयरिंग में उन्हें पांच सीट दे दी गई। जबकि उनके विरोधी चाचा पशुपति पारस वाली लोक जनशक्ति पार्टी को एनडीए में एक भी सीट नहीं दी गयी। इससे नाराज होकर पशुपति पारस लालू यादव नीत महागठबंधन में शामिल होने की घोषणा कर केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया था। मगर राजनीति के चतुर खिलाड़ी लालू यादव ने पशुपतिनाथ पारस को घास नहीं डाला और उनकी पार्टी को गठबंधन में एक भी सीट नहीं दी। इससे पशुपति पारस की स्थिति बहुत ही हास्यास्पद हो गई। और वह फिर से एनडीए में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुणगान करने लगे हैं। पशुपति पारस के चक्कर में उनके दूसरे भतीजे प्रिंस राज भी इस बार बिना टिकट ही रह गए। उन्हें भी किसी गठबंधन में शामिल नहीं किया गया है। कहां जा रहा है कि भाजपा द्वारा पशुपति पारस को चिराग पासवान का समर्थन करने के बदले राज्यपाल का पद व प्रिंस राज को बिहार सरकार में मंत्री बनाने का ऑफर दिया गया था। मगर उन्होंने उस ऑफर को छोड़कर महागठबंधन से सीट लेने के चक्कर में केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा देते हुये एनडीए के खिलाफ बयानबाजी कर दी थी। अब देखते हैं चुनाव के बाद आगे पशुपति पारस व उनके भतीजे प्रिंस राज का फिर से राजनीतिक पुनर्वास होता है या वह राजनीति के बियाबान में खो जाते हैं। इसका पता तो लोकसभा चुनाव नतीजे के बाद ही लग पाएगा। फिलहाल तो पशुपति पारस ना घर के रहे ना घाट के रहे वाली स्थिति में है।

खुद को सन ऑफ मल्लाह कहलाने वाले विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी के साथ भी कुछ ऐसा ही वाकया हुआ है। कभी मुंबई की फिल्में इंडस्ट्री में काम कर पैसे कमाने वाले मुकेश सहनी की फितरत एक जगह टिकने की नहीं रही है। वह बिहार में बड़ी राजनीति करने का सपना देखते रहते हैं। इसी चक्कर में वह अलग-अलग गठबंधनों में शामिल होकर चुनाव लड़ते रहे हैं। मगर कभी चुनाव नहीं जीत पाए हैं।

पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होंने बिहार के एनडीए गठबंधन में शामिल होकर 13 सीटों पर अपनी पार्टी को चुनाव लड़वाया था और उनकी पार्टी के चार विधायक जीते थे। उनका स्वयं को भी नीतीश कुमार की सरकार में मंत्री बनाया गया था। मगर अपनी फितरत के मुताबिक वह अधिक समय तक गठबंधन में नहीं टिक पाए। तब भाजपा ने उनके विधायकों को तोड़ लिया और वह अकेले रह गए। अब उनका विधान परिषद का कार्यकाल भी पूरा हो गया है। इस बार के लोकसभा चुनाव में उन्होंने फिर से भाजपा के एनडीए व लालू प्रसाद यादव के महागठबंधन में शामिल होकर लोकसभा चुनाव लड़ने का प्रयास किया था। मगर उनके मांग पत्र व सीटों की संख्या देखकर किसी भी गठबंधन ने उनसे तालमेल करना मुनासिब नहीं समझा। दोनों ही गठबंधन उन्हें बातों में उलझाए रखा और अंत में किसी ने भी उनके साथ तालमेल नहीं किया। आज मुकेश सहनी यदि लोकसभा चुनाव लड़ते हैं तो उन्हें अपने ही दम पर चुनाव मैदान में उतरना पड़ेगा।

पूर्णिया के पूर्व सांसद पप्पू यादव किसी समय बिहार में चर्चित युवा नेता होते थे। कम उम्र में ही कई बार सांसद, विधायक बनने वाले पप्पू यादव की बाहुबली वाली छवि के चलते उन्हें चुनाव जीतने में कोई दिक्कत नहीं होती थी। एक समय उन्होंने शरद यादव जैसे दिग्गज नेता को भी हरा दिया था। मगर अब समय का फेर देखिए आज वही पप्पू यादव एक टिकट के लिए मारे मारे घूम रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू यादव से अपने संबंध सुधारने के लिए उनके आवास पर जाकर हाजिरी भी दे दी थी। फिर उन्होंने अपनी जन अधिकार पार्टी का दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में जाकर कांग्रेस में विलय कर दिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### हेमा मालिनी ने मथुरा सीट से ड्डारा नामांकन

उत्तर प्रदेश की मथुरा सीट से ड्डारतीय जनता पार्टी (ड्डाजपा) की उम्मीदवार हेमा मालिनी ने बृहस्पतिवार को नामांकन दाखिल किया। मथुरा से वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव में सांसद चुनी गई हेमा मालिनी को पार्टी ने लगातार तीसरी बार इस सीट से उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने दो बार में दो अलग-अलग सेट में नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ ड्डाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सरकार में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यसड्डा सदस्य चौधरी तेजवीर सिंह, महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी, विधायक राजेश चौधरी और पूरन प्रकाश उपस्थित थे। नामांकन से पहले संवाददाताओं से बातचीत में हेमा मालिनी ने कहा, मैं यही कहूंगी कि जनता के लिए और अधिक विकास कार्य करने के वास्ते मैं यहां पर तीसरी बार आई हूं और जो-जो काम रह गये हैं उन सड्डी को पूरा करूंगी। सबके साथ मिलकर यहां का विकास होगा। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसड्डा चुनाव में मथुरा में यमुना की सफाई का काम पूरा करना, 84 कोसी परिक्रमा मार्ग का निर्माण और रेल पटरी का निर्माण जैसे मुद्दे प्रमुख हैं। इस सवाल पर कि पिछले 10 साल में यमुना साफ क्यों नहीं हो पाई, हेमा मालिनी ने कहा, यह इतना आसान नहीं है। 50 साल में ड्डी तो किसी ने नहीं कियाङ्क. 10 साल में करना मुश्किल है। 10 साल क्या है, इसके लिए और ड्डी 50 सालों की जरूरत है। फिर ड्डी हम लोग हैं, मोदी जी हैं, योगी जी हैं, हम सब मिलकर जल्दी से यह काम कर लेंगे। मथुरा सीट पर लोकसड्डा चुनाव के दूसरे चरण में आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख चार अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच पांच अप्रैल को होगी जबकि आठ अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

### आंध्र प्रदेश के 130 मंडल में लू की चेतावनी

आंध्र प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एपीएसडीएमए) ने बृहस्पतिवार को राज्य भर के 130 मंडल में लू की चेतावनी जारी की है। प्राधिकरण ने एक मंडल में भीषण लू चलने का भी अनुमान जताया है। एपीएसडीएमए के प्रबंध निदेशक आर. कुमार्नाध ने बुधवार रात एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 130 मंडल में से विजयनगरम व नंदयाला जिलों के 19-19 मंडल, एनटीआर में 14 मंडल, अनाकापल्ली में 13 मंडल और पार्वतीपुरम मान्यम जिले के 12 मंडल में लू की आशंका है। एपीएसडीएमए के पूवार्नुमान के अनुसार, पार्वतीपुरम मान्यम जिले के कोमरदा में बृहस्पतिवार को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहेगा जबकि कई अन्य जगहों पर पारा 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार सिधौट, वोंटीमिट्टा और कडपा शहर में बुधवार को तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया था। कुमार्नाध ने लोगों से जहां तक संभव हो घरों के अंदर रहने का आग्रह किया और बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं व स्तनपान कराने वाली महिलाओं से सावधानी बरतने का आह्वान किया। इसके अलावा, उन्होंने लोगों को शरीर में पानी की कमी से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी।

### राजस्थान के पूर्व विधायक ने आत्महत्या कीः पुलिस

राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में कांग्रेस के एक पूर्व विधायक विवेक धाकड़ ने बृहस्पतिवार को सुबह कथित तौर पर अपने हाथ की नसें काटकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। भीलवाड़ा के पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने कहा कि धाकड़ (45) को उनके परिवार के सदस्य अस्पताल ले गए जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने कहा, ह्यह्लएफएसएल की टीम उस स्थान की जांच कर रही है जहां उन्होंने अपनी नसें काटी थीं। आत्महत्या के कारण अभी स्पष्ट नहीं हैं और मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवा दिया गया है। धाकड़ 2018 में भीलवाड़ा की मांडलगढ़ सीट पर उपचुनाव में कांग्रेस विधायक चुने गए थे। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित अनेक नेताओं ने धाकड़ के निधन पर शोक जताया है। गहलोत ने सोशल मीडिया मंच क्स पर लिखा, माँडलगढ़, भीलवाड़ा के पूर्व विधायक विवेक धाकड़ का असामयिक निधन अत्यंत दुखद है। आपका अचानक इस तरह हम सबसे दूर चले जाना पार्टी व समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

# बिहार में 1984 के चुनाव में सर्वाधिक 48 सीट पर जीती कांग्रेस चार दशक से दहाई अंक के लिये तरसी

**पटना, एजेंसी**



बिहार में वर्ष 1984 में हुये लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक 48 सीट जीतने वाली कांग्रेस पिछले चार दशक से दहाई अंक पार करने के लिये तरस गयी है। वर्ष 1984 में कांग्रेस का प्रदर्शन बिहार में सबसे बेहतर साबित हुआ। इस वर्ष कांग्रेस ने 54 सीट पर चुनाव लड़ा। श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या से उपजी सहानुभूति की लहर में बिहार में कांग्रेस के 48 प्रत्याशी निर्वाचित हुये। वहीं, वर्ष 1977 में आपातकाल के बाद हुये आम चुनाव में बिहार में कांग्रेस का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। कांग्रेस को सभी 54 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। जनता पार्टी की लहर में बिहार की 54 सीट में भारतीय लोक दल (बीएलडी) को 52 सीट मिली। इस चुनाव में जनता पार्टी के प्रत्याशी ने बीएलडी के बैनर तले चुनाव लड़ा था। झारखंड पार्टी एवं निर्दलीय को एक-एक सीट पर सफलता मिली थी।

देश के सबसे पुराने और प्रमुख राजनीतिक दलों में से एक कांग्रेस का कभी बिहार की सत्ता में वर्चस्व था। बिहार में कांग्रेस का एकछत्र राज था। बिहार में कांग्रेस का जनाधार 1989 के भागलपुर कौमी दंगे के बाद लगातार गिरता ही गया। बिहार में क्षेत्रीय पार्टियों के दबाव में अपने अस्तित्व को लेकर कांग्रेस जद्दोजहद कर रही है। इससे पहले हुए चुनाव में कांग्रेस का सितारा बुलंदी पर रहा है। कांग्रेस बदलते समय के साथ लोगों की आकांक्षाओं को पहचानने में कांग्रेस चूक गई और लोकसभा 2019 चुनाव में वह महज एक सीट पर सिमटकर रह गयी।

पिछले कुछ दशको से कांग्रेस भले ही अपने खोए वजूद को तलाशने के लिए बिहार में गठबंधन का सहारा लेती रही है, लेकिन मतदाताओं की कसौटी पर खरी नहीं उतर रही है।कांग्रेस का बिहार में ग्राफ गिरता जा रहा है। 1984 के बाद से कांग्रेस बिहार के लोकसभा चुनाव में अबतक दहाई अंक में भी नहीं पहुंच पायी है। चार दशक से कांग्रेस बिहार में अपना वजूद बचाने की जद्दोजहद कर रही है।

वर्ष 1952 के पहले आम चुनाव में कांग्रेस ने बिहार में 54 सीट में से 45 सीट पर जीत हासिल की। इसके बाद दूसरे आम चुनाव 1957 में कांग्रेस को 41 सीट मिली। वर्ष 1962 में कांग्रेस ने 39,1967 में 34,1971 में 39 सीट पर जीत हासिल की। वर्ष 1977 में कांग्रेस एक भी संसदीय सीट पर जीत हासिल नहीं कर सकी थी। वर्ष 1980 में कांग्रेस का प्रदर्शन सुधरा । कांग्रेस ने 54 सीट पर चुनाव लड़ा, जिसमें उसे 30 सीट पर जीत मिली। वर्ष 1984 में कांग्रेस का प्रदर्शन बिहार में सबसे बेहतर साबित हुआ। वर्ष 1984 में कांग्रेस ने बाउंस बैक किया और उसके 48 प्रत्याशी निर्वाचित हुये, लेकिन अपनी इस सफलता को कांग्रेस बाद में बरकरार नहीं रख पाई और लगातार धरातल की ओर गिरती गयी।

वर्ष 1989 के आम चुनाव में लालू प्रसाद यादव ने बिहार में अपना सिक्का जमा लिया। मुसलमानों और यादवों के बीच लालू यादव प्रख्यांत नेता के रूप में उभरे। उस दौरान ज्याऔदातर मुसलमान कांग्रेस के समर्थक हुआ करते थे, लेकिन लालू ने वह वोट बैंक तोड़ दिया। दूसरा फैक्ट र जिसने लालू के पक्ष में काम किया वह वर्ष 1989 में भागलपुर हिंसा थी। श्री यादव की पार्टी जनता दल ने ने मुसलमान और यादव यानी माई के समीकरण दम पर बिहार शानदार राजनीतिक पारी खेली और बिहार में 32 सीटों पर कब्जा जमा लिया वहीं कांग्रेस 48 से घटकर महज 04 सीट पर सिमट कर रह गयी।

बिहार में 1990 का दशक पिछड़ा वर्ग के उभार के लिये जाना जाता है। इस दशक में जब मंडल राजनीति ने जोर पकड़ी तो कांग्रेस ऊहापोह में रही,न तो वह सवर्णों का खुलकर साथ दे पाई और न ही पिछड़े और दलित समुदाय को साध पाई। इसी दौरान लालू प्रसाद यादव, राम विलास पासवान, नीतीश कुमार जैसे नेताओं के राजनीतिक कद को नया आकार मिला। इस बदलाव के दौर से पहले तक बिहार की सत्ता में कांग्रेस का ही वर्चस्व था, लेकिन बदलते वक्त को शायद पहचानने में कांग्रेस चूक गई। कांग्रेस का जनाधार लगातर घटता चला गया और वर्ष 1991 के आम चुनाव में कांग्रेस महज एक सीट पर सिमट कर रह गयी।कांग्रेस ने मात्र एक सीट बेगूसराय से जीत हासिल की । कांग्रेस की दिग्गज कृष्णा साही बेगूसराय सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार ललिता सिंह को पराजित किया।

वर्ष 1996 के आम चुनाव में कांग्रेस ने 54 में दो सीट कटिहार और राजमहल(सु) से जीत हासिल की। कटिहार से तारिक अनवर और राजमहल (सु) से थॉमस हांसदा निर्वाचित हुये। वर्ष 1998 में कांग्रेस ने पांच सीट मधुबनी,कटिहार, बेगूसराय,सिंहभूम (सु) और लोहरदगा(सु) से जीत हासिल की। वर्ष 1999 में कांग्रेस ने चार सीट राजमहल (सु),बेगूसराय, औरंगाबाद और कोडरमा पर अपना कब्जा जमाया।

# आंध्र प्रदेश में पेंशन वितरण कार्यों में स्वंयसेवकों पर रोक लगाने से मचा सियासी बवाल

**आंध्र प्रदेश, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग ने हाल ही में एक आदेश जारी कर आंध्र प्रदेश सरकार से जुड़े स्वयंसेवकों पर चुनाव कर्तव्यों का पालन करने और कल्याणकारी योजनाओं का संचालन करने पर रोक लगा दी, जिसको लेकर सत्तारूढ़ युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) और विपक्षी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के बीच विवाद छिड़ गया है। राजग में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनसेना शामिल है। वाईएसआरसीपी सरकार ने 2019 में विकेंद्रीकृत शासन वितरण तंत्र के तहत एक वार्ड और ग्राम स्वयंसेवक प्रणाली शुरू की थी। इस प्रणाली के अंतर्गत एक स्वयंसेवक को लाभार्थी को उसके घर पर जाकर कल्याणकारी पेंशन प्रदान करनी होती है और उसके दायरे में 50 से 60 घर आते हैं। निर्वाचन आयोग ने 30 मार्च को स्वयंसेवकों को सरकारी योजनाएं, कल्याणकारी लाभों और अन्य संबंधित सेवाएं प्रदान करने से प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए, जिससे मासिक पेंशन वितरण प्रक्रिया रुक गयी, जो एक अप्रैल को शुरू होनी थी। मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने अन्नामय्या जिले में चुनाव प्रचार करते हुए एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मुझे उम्मीद है कि आपने देखा होगा कि चंद्रबाबू (नायडू) किस हद तक गिर गए हैं। उन्होंने अपने सहयोगियों के जरिये निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई कि वे स्वयंसेवकों को एक अप्रैल से घर तक पेंशन पहुंचाने से रोकने के आदेश जारी करें।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि लाखों लाभार्थी पीड़ा से गुजर रहे हैं, जिनमें बुजुर्ग, विशेष रूप से दिव्यांग, विधवाएं और ऐसे लोग शामिल हैं, जो अपना पेट नहीं भर सके क्योंकि उन्हें महीने के पहले दिन अपनी पेंशन नहीं मिली। वहीं रेड्डी के आरोपों से इनकार करते हुए तेदेपा प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि तेदेपा ने न तो पेंशन वितरण पर आपत्ति जताई और न ही निर्वाचन आयोग से उसे रोकने के आदेश जारी करने की शिकायत की।

नायडू ने मंगलवार को ह्यएक्सह्ल पर एक पोस्ट में कहा, ह्लपेंशन को लेकर एक बड़ा राजनीतिक विवाद जारी है।जैसे ही हम सत्ता में आएंगे, हम पेंशन को बढ़ाकर चार हजार रुपये कर देंगे और उन्हें घर तक पहुंचाएंगेङ्क..। निर्वाचन आयोग के आदेश जारी होने के तुरंत बाद नायडू ने पेंशन वितरण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए आंध्र प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और मुख्य सचिव को पत्र लिखा। प्रधान सचिव के अनुसार, कुल 14,994 में से 13,699 वार्ड और ग्राम सचिवालयों ने पहले ही पेंशन वितरित करने की कवायद शुरू कर दी है और बुधवार को 25 लाख से अधिक लाभार्थियों को उनकी पेंशन प्राप्त हुई। अधिकारी के मुताबिक, गर्मी के दिनों को देखते हुए जिलाधिकारियों को बृहस्पतिवार सुबह सात बजे से ही पेंशन वितरण शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

# सांप पर भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर नहींः ममता

**कूचबिहार, एजेंसी**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर लोकसभा चुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का पालन नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जहरीले सांप पर भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर नहीं। कूचबिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए, बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच एजेंसियां, बीएसएफ और सीआईएसएफ भाजपा के इशारे पर काम कर रही हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग से इस पर गौर करने और सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा, आप एक जहरीले सांप पर भरोसा कर सकते हैं, आप इसे पाल भी सकते हैं, लेकिन आप भाजपा पर कभी भरोसा नहीं कर सकते भाजपा देश को बर्बाद कर रही है। उन्होंने कहा उनकी पार्टी टीएमसी केंद्रीय एजेंसियों की धमकी के आगे नहीं झुकेगी। बनर्जी ने कूबिहार में महिलाओं से आग्रह किया कि अगर 19 अप्रैल को होने वाले चुनावों से पहले ह्यबीएसएफ द्वारा स्थानीय लोगों पर अत्याचार करने की घटनाएं होती हैं तो वे पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं। टीएमसी प्रमुख ने कहा, केंद्रीय जांच एजेंसियां एनआईए, आयकर विभाग, बीएसएफ और सीआईएसएफ भाजपा के लिए काम कर रही हैं। हम विनम्रतापूर्वक निर्वाचन आयोग से सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने का अनुरोध करेंगे। बनर्जी ने कहा कि भाजपा केवल एक राष्ट्र, एक पार्टी के सिद्धांत का पालन करती है। उन्होंने निसिथ प्रमाणिक के संदर्भ में कहा, ह्ययह शर्म की बात है कि जिस व्यक्ति के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं, उसे गृह राज्य मंत्री बनाया गया।

# सपा ने मेरठ से बदला अपना प्रत्याशी : अब अतुल प्रधान की जगह पूर्व महापौर सुनीता वर्मा को टिकट

**लखनऊ, एजेंसी**

समाजवादी पार्टी (सपा) ने मुरादाबाद की तर्ज पर मेरठ में ड्डी नामांकन के अंतिम दिन बृहस्पतिवार को अपना उम्मीदवार बदल दिया। पार्टी ने अब अतुल प्रधान की जगह पूर्व महापौर सुनीता वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। सपा के प्रान्तीय प्रवक्ता फखरुल हसन ने बताया कि पार्टी ने अतुल प्रधान का टिकट काटकर पूर्व महापौर सुनीता वर्मा को उम्मीदवार बनाया है। मेरठ की सरधना सीट से सपा के विधायक प्रधान ने बुधवार को ही नामांकन दाखिल किया था। सूत्रों के मुताबिक, प्रधान अपना टिकट काटे जाने से नाराज थे लेकिन पार्टी नेतृत्व के समझाने पर उन्होंने इस निर्णय को स्वीकार कर लिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ह्वजो राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी का निर्णय है, वह स्वीकार है ! जल्द ही साथियों से बैठकर बात करेंगे। अतुल प्रधान को पूर्व में घोषित अधिवक्ता ड्डानु प्रताप सिंह का टिकट काटकर उम्मीदवार बनाया गया था लेकिन अब उनके स्थान पर सुनीता वर्मा को टिकट दिया गया है। सपा ने इससे पहले मुरादाबाद लोकसड्डा सीट के लिये ड्डी नामांकन के अंतिम दिन गत 27 मार्च को मौजूदा सांसद एस.टी. हसन का टिकट काटकर वरिष्ठ सपा नेता आजम खां की करीबी सहयोगी पूर्व विधायक रुचि वीरा को उम्मीदवार बनाया था। इस बीच, राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष जयंत चौधरी ने सपा में प्रत्याशी बदले जाने पर चुटकी ली है। उन्होंने एक्स पर कहा, विपक्ष में कि स्मत वालों को ही कुछ घंटों के लिए लोकसड्डा चुनाव का टिकट मिलता है ! और जिनका टिकट नहीं कटा, उनका नसीब ।

# कांग्रेस नेतृत्व में जबरदस्त अहंकार : पूर्व सांसद संजय

**मुंबई, एजेंसी**




कांग्रेस से निष्कासित किये जाने के एक दिन बाद पूर्व सांसद संजय निरुपम ने बृहस्पतिवार को पार्टी पर निशाना साधा और दावा किया कि पार्टी नेतृत्व में जबरदस्त अहंकार है। मुंबई में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए निरुपम ने कहा कि कांग्रेस इतिहास बन चुकी है और उसका कोई भविष्य नहीं है। निरुपम ने कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) तीन ह्यबीमार इकाईयोंह्ल का एक विलय है। विपक्षी एमवीए में कांग्रेस, शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद चंद्र पवार (राकांपा-एसपी) शामिल है। निरुपम ने आरोप लगाया, कांग्रेस नेतृत्व में जबरदस्त अहंकार है। कांग्रेस की मुंबई इकाई के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि जो लोग अपने राजनीतिक मृत्युलेख लिखना चाहते हैं उन्हें चार जून के बाद अपनी जमीन खिसकती हुई महसूस होगी। आगामी लोकसभा चुनावों के लिए मतगणना चार जून को होगी। अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी बयानों पर संज्ञान लेते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार देर रात को निरुपम के निष्कासन को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दे दी थी। निरुपम को छह वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित किया गया है। उन्होंने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने जनता के बीच जो कहा, वह कांग्रेस के खिलाफ नहीं था बल्कि वह पार्टी से शिवसेना-यूबीटी के सामने आत्मसमर्पण नहीं करने को कह रहे थे। उन्होंने कहा, धर्मनिरपेक्षता का मतलब अपने धर्म की अवहेलना करना नहीं है। निरुपम ने दावा किया, नेहरूवादी धर्मनिरपेक्षता, जो धर्म का विरोध करती थी और वामपंथियों के प्रभाव में थी, समाप्त हो चुकी है।

# प्रधानमंत्री जमुई रैली के दौरान राजग और अपनी पार्टी में व्याप्त परिवारवाद का भी जिक्र करें : तेजस्वी

**पटना, एजेंसी**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार में, जमुई संसदीय क्षेत्र में एक रैली के साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लोकसभा चुनाव अभियान की शुरूआत किए जाने से पहले बृहस्पतिवार की सुबह, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने राजग में राजनीतिक घरानों से शामिल राजनेताओं की एक सूची जारी करते हुए उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री इस परिवारवाद का भी जिक्र करेंगे। पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्ल पर लिखा, ह्यह्लप्रधानमंत्री मोदी जी आज बिहार में प्रथम चरण के चुनाव वाली चार सीटों के लिए प्रचार करने आएंगे। चारों सीटों पर विशुद्ध सौ प्रतिशत परिवारवादी उम्मीदवार हैं। इनमें से दो कथित क्षेत्रीय परिवारवादी पार्टियों के तथा दो उम्मीदवार देश की सबसे बड़ी परिवारवादी एवं वंशवादी नेताओं से भरी पड़ी भाजपा पार्टी के है। यादव ने अपने पोस्ट में राजग के उम्मीदवारों के बारे में विस्तार से बताते हुए लिखा है, ह्यह्लजमुई से अरुण भारती पूर्व विधान पार्षद ज्योति पासवान के सुपुत्र एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवगंत रामविलास पासवान के दामाद एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसद व वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष के जीजा जी हैं। औरंगाबाद से सांसद (भाजपा उम्मीदवार) सुशील कुमार सिंह पूर्व सांसद राम नरेश सिंह के बेटे हैं। उन्होंने कहा ह्यह्लगया से उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम माँझी हैं। वह बिहार के मंत्री व एमएलसी संतोष सुमन के पिता तथा हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष की विधायक सास ज्योति देवी के समधी है। नवादा से विवेक ठाकुर भाजपा उम्मीदवार हैं। वह पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व सांसद सीपी ठाकुर के बेटे हैं। अभी तक घोषित उम्मीदवारों में कुछ अन्य भी विशुद्ध परिवारवादी उम्मीदवार है। आशा है प्रधानमंत्री इस परिवारवाद के बारे में भी जिक्र करेंगे। यादव ने राजग के जिन अन्य उम्मीदवारों का जिक्र अपने अपने पोस्ट में किया है उनमें पटना साहिब से रविशंकर प्रसाद (पूर्व मंत्री व विधायक ठाकुर प्रसाद के बेटे), सासाराम से शिवेश राम (पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व सांसद मुन्नी लाल के बेटे), हाजीपुर से चिराग पासवान (पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व सांसद दिवगंत रामविलास पासवान जी के बेटे), समस्तीपुर से शांभवी चौधरी (बिहार के मंत्री व विधान पार्षद अशोक चौधरी की बेटी और पूर्व मंत्री व विधायक दिवंगत महावीर चौधरी की पौत्री), शिवहर से लवली आनंद (पूर्व सांसद आनंद मोहन की पत्नी तथा वर्तमान विधायक चेतन आनंद की माता), वाल्मीकिनगर से सुनील कुमार (पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद वैद्यनाथ महतो के बेटे), पश्चिम चंपारण से संजय जायसवाल (पूर्व सांसद मदन जायसवाल के बेटे), मधुबनी से अशोक यादव (पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद हुकुमदेव यादव के बेटे), वैशाली से वीणा देवी (जदयू एमएससी दिनेश सिंह की पत्नी) और सीवान से विजय लक्ष्मी (पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा की पत्न ी) के नाम शामिल हैं। यादव ने बुधवार को कहा था कि चाहे प्रधानमंत्री हों या कोई अन्य नेता, चुनाव प्रचार अभियान में शामिल सभी राजग नेताओं से बिहार के लोग जानना चाहते हैं कि पांच साल पहले राजग को मिले भारी समर्थन के बदले में उन्हें क्या मिला है। यादव ने आरोप लगाया था, पिछले लोकसभा चुनाव में बिहार की 40 में से 39 सीटें राजग के खाते में गईं। लेकिन अब लोगों को लगता है कि उन्हें धोखा दिया गया है।ह्लह्ल हालांकि वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पलटवार करते हुए कहा था, जमुई में अपने भाषण में प्रधानमंत्री अपनी उपलब्धियों को गिनाएंगे और भविष्य के लिए अपना दृष्टिकोण साझा करेंगे। दूसरी ओर विपक्ष के पास बताने के लिए कुछ भी नहीं है। वे मोदी का अपमान करने में व्यस्त हैं।

# सपा ने मेरठ से बदला अपना प्रत्याशी : अब अतुल प्रधान की जगह पूर्व महापौर सुनीता वर्मा को टिकट

**लखनऊ, एजेंसी**

समाजवादी पार्टी (सपा) ने मुरादाबाद की तर्ज पर मेरठ में भी नामांकन के अंतिम दिन बृहस्पतिवार को अपना उम्मीदवार बदल दिया। पार्टी ने अब अतुल प्रधान की जगह पूर्व महापौर सुनीता वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। सपा के प्रान्तीय प्रवक्ता फखरुल हसन ने बताया कि पार्टी ने अतुल प्रधान का टिकट काटकर पूर्व महापौर सुनीता वर्मा को उम्मीदवार बनाया है। मेरठ की सरधना सीट से सपा के विधायक प्रधान ने बुधवार को ही नामांकन दाखिल किया था। सूत्रों के मुताबिक, प्रधान अपना टिकट काटे जाने से नाराज थे लेकिन पार्टी नेतृत्व के समझाने पर उन्होंने इस निर्णय को स्वीकार कर लिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ह्वजो राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी का निर्णय है, वह स्वीकार है ! जल्द ही साथियों से बैठकर बात करेंगे। अतुल प्रधान को पूर्व में घोषित अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह का टिकट काटकर उम्मीदवार बनाया गया था लेकिन अब उनके स्थान पर सुनीता वर्मा को टिकट दिया गया है। सपा ने इससे पहले मुरादाबाद लोकसभा सीट के लिये भी नामांकन के अंतिम दिन गत 27 मार्च को मौजूदा सांसद एस.टी. हसन का टिकट काटकर वरिष्ठ सपा नेता आजम खां की करीबी सहयोगी पूर्व विधायक रुचि वीरा को उम्मीदवार बनाया था। इस बीच, राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष जयंत चौधरी ने सपा में प्रत्याशी बदले जाने पर चुटकी ली है। उन्होंने एक्स पर कहा, विपक्ष में कि स्मत वालों को ही कुछ घंटों के लिए लोकसभा चुनाव का टिकट मिलता है ! और जिनका टिकट नहीं कटा, उनका नसीब । मेरठ में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस चरण के लिये नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख चार अप्रैल है।

# हेमा मालिनी ने मथुरा सीट से भरा नामांकन

**मथुरा, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश की मथुरा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार हेमा मालिनी ने बृहस्पतिवार को नामांकन दाखिल किया। मथुरा से वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव में सांसद चुनी गई हेमा मालिनी को पार्टी ने लगातार तीसरी बार इस सीट से उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने दो बार में दो अलग-अलग सेट में नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सरकार में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यसभा सदस्य चौधरी तेजवीर सिंह, महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी, विधायक राजेश चौधरी और पूरन प्रकाश उपस्थित थे। नामांकन से पहले संवाददाताओं से बातचीत में हेमा मालिनी ने कहा, मैं यही कहूंगी कि जनता के लिए और अधिक विकास कार्य करने के वास्ते मैं यहां पर तीसरी बार आई हूं और जो-जो काम रह गये हैं उन सभी को पूरा करूंगी। सबके साथ मिलकर यहां का विकास होगा। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में मथुरा में यमुना की सफाई का काम पूरा करना, 84 कोसी परिक्रमा मार्ग का निर्माण और रेल पटरी का निर्माण जैसे मुद्दे प्रमुख हैं। इस सवाल पर कि पिछले 10 साल में यमुना साफ क्यों नहीं हो पाई, हेमा मालिनी ने कहा, यह इतना आसान नहीं है। 50 साल में भी तो किसी ने नहीं कियाङ्क. 10 साल में करना मुश्किल है। 10 साल क्या है, इसके लिए और भी 50 सालों की जरूरत है। फिर भी हम लोग हैं, मोदी जी हैं, योगी जी हैं, हम सब मिलकर जल्दी से यह काम कर लेंगे। मथुरा सीट पर लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख चार अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच पांच अप्रैल को होगी जबकि आठ अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

# विवाद निपटाने गयी पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने किया हमला, आठ महिलाओं समेत 11 गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, एजेंसी**

शाहजहांपुर जिले में खेत का विवाद निपटाने गए पुलिसकर्मियों पर ग्रामीणों ने हमला कर उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त कर दी। इस घटना में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। पुलिस ने आठ महिलाओं समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने बृहस्पतिवार को बताया कि निगोही थाना क्षेत्र के अलहादपुर गांव में जमीन संबंधी विवाद था। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने अदालत से अपने हक में फैसला होने के बाद राजस्व कर्मियों के देखरेख में पत्थर लगाकर अपने खेत पर कब्जा कर लिया था। उन्होंने बताया कि इसके बाद आरोपी पक्ष ने पत्थर को उखाड़ दिया था। सूचना पर बुधवार शाम पुलिस गांव पहुंची तो आरोपी पक्ष के लोगों ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया। इस घटना में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। ग्रामीणों ने पथराव कर पुलिस की गाड़ी भी क्षतिग्रस्त कर दी। कुमार ने बताया कि मामले में पुलिस ने देर रात 14 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आठ महिलाओं तथा तीन पुरुषों को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच की जा रही है।

# सुरजेवाला की टिप्पणी पर बोलीं हेमामालिनी : सिर्फ नाम वालों को ही निशाना बनाया जाता है

**मथुरा, एजेंसी**

मथुरा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद हेमा मालिनी ने कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला की अपने प्रति कथित अभद्र टिप्पणी का जवाब देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि निशाना उन्हीं लोगों को बनाया जाता है जो नाम वाले होते हैं। मथुरा लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करने पहुंचीं हेमा मालिनी ने संवाददाताओं से बातचीत में सुरजेवाला के कथित आपत्तिजनक बयान के बारे में पूछे जाने पर कहा, ह्वटारगेट उन्हीं लोगों को किया जाता है जो नाम वाले लोग हैं। जिनका नाम नहीं है उनको टारगेट करके फायदा क्या होगा? उन्होंने एक अन्य सवाल पर कहा कि उन्हें नहीं मालूम, कि कांग्रेस नेतृत्व ऐसे लोगों पर कार्रवाई क्यों नहीं करता? उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीखना चाहिए कि महिलाओं का सम्मान कैसे करना चाहिए। सुरजेवाला ने हरियाणा में एक चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए हेमा मालिनी को लेकर कथित तौर पर अभद्र टिप्पणी की थी। भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्ल पर सुरजेवाला का वह कथित वीडियो पोस्ट करते हुए इसकी आलोचना की है।

# मप्रः आईपीएल मैचों पर करोड़ों की सट्टेबाजी का खुलासा, आठ गिरफ्तार

**इंदौर, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के जारी क्रिकेट मैचों पर करोड़ों रुपये की सट्टेबाजी के खुलासे का दावा करते हुए राज्य पुलिस ने इंदौर में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अपराध निरोधक शाखा के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर लसूड़िया क्षेत्र की एक बहुमंजिला इमारत के फ्लैट से आठ लोगों को बुधवार रात उस समय पकड़ा गया, जब वे एक वेबसाइट के जरिये आईपीएल मैचों पर लोगों से सट्टे के ऑनलाइन दांव लगवा रहे थे। दंडोतिया ने बताया कि आरोपियों ने फर्जी नाम से मोबाइल फोन के सिम कार्ड ले रखे थे और वे लोगों से क्यूआर कोड के जरिये सट्टे की रकम लेते थे। उन्होंने बताया, ह्यआरोपियों से पूछताछ में पता चला कि उनकी ऑनलाइन सट्टेबाजी का नेटवर्क दिल्ली, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र तक फैला है। दंडोतिया ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से 22 मोबाइल फोन, 17 चेकबुक,पांच लैपटॉप, 21 बैंक पासबुक और 31 एटीएम कार्ड के साथ ऐसे रजिस्टर मिले, जिनमें ऑनलाइन सट्टेबाजी का करोड़ों रुपए का हिसाब-किताब दर्ज है। मामले में पुलिस की विस्तृत जांच जारी है।



# डायरेक्टर एटली संग फिर काम करेंगी सामंथा



सामंथा रुथ प्रभु को पिछली बार विजय देवरकोंडा के साथ कुशी मूवी में देखा गया था। अभी तक उन्होंने अपनी अगली फिल्म को लेकर कोई अनाउंसमेंट नहीं किया है। हालांकि, अब ये खबर सामने आ रही है कि वो एटली की फिल्म में काम करेंगी, जिसमें अल्लू अर्जुन हीरो हैं। सामंथा ने पहले अल्लू अर्जुन और एटली दोनों के साथ ही काम किया है। एटली अपनी अपकमिंग मूवी के लिए अल्लू अर्जुन का नाम फाइनल कर चुके हैं और अब वो हीरोइन के रूप में सामंथा को बोर्ड में लेना चाह रहे हैं। दोनों के बीच बातचीत चल रही है। अभी ऑफिशियल अनाउंसमेंट आना बाकी है। रिपोर्ट के मुताबिक एटली अब अल्लू अर्जुन के साथ धमाका करने के लिए तैयार हैं। दोनों अक्टूबर 2024 से इस फिल्म पर काम शुरू करेंगे। दोनों ने सब्जेक्ट को फाइनल कर लिया है और एटली ने इस प्रोजेक्ट के लिए कास्टिंग का प्रोसेस शुरू कर दिया है। प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि एटली अपनी फिल्म की हीरोइन के लिए सामंथा रुथ प्रभु से बातचीत कर रहे हैं। अगर ये खबर सही साबित होती है तो सामंथा और अल्लू एक बार फिर से साथ में स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे।

एटली और सामंथा थेरी में काम कर चुके हैं सूत्र का कहना है कि सामंथा और एटली के बीच पुराने समय से ही बहुत अच्छा रिश्ता रहा है। दोनों पहले थेरी फिल्म में साथ काम कर चुके हैं। अगर सामंथा, अल्लू अर्जुन और एटली की तिकड़ी साथ में काम करती है तो ये उनका री-यूनियन होगा।

### फिल्म में होगी एक और हीरोइन?

बताया जा रहा है कि इस फिल्म का बजट बहुत ज्यादा होने वाला है। दिलचस्प बात ये है कि इसमें सामंथा के अलावा एक और हीरोइन होगी, जिसकी कास्टिंग अभी बाकी है।

### पुष्पा 2 में बिजी हैं अल्लू अर्जुन

अल्लू अर्जुन इन दिनों अपकमिंग मूवी पुष्पा 2 की शूटिंग में बिजी हैं। फिल्म 15 अगस्त 2024 को थिएटर्स में रिलीज होने के लिए तैयार है। इसके बाद ही वो एटली की फिल्म पर काम शुरू कर पाएंगे। सामंथा की बात करें तो वो राज एंड डीके की वेब सीरीज हनी बनी में नजर आएंगी, जिसमें वरुण धवन भी हैं।



# सोशल मीडिया पर रील पोस्ट करने में शरमाती हैं सुहाना खान

बॉलीवुड में जहां दोस्ती से ज्यादा दुश्मनी के चर्चे होते हैं वहीं कुछ दोस्ती ऐसी होती है जिसकी मिसाल लोग देते हैं। शाहरुख खान की लाडली सुहाना खान और चंकी पांडे की बेटी अनन्या पांडे की दोस्ती भी कुछ ऐसी ही है। बचपन की सहेलियां आज पक्की दोस्त बन चुकी हैं। कई मौकों पर दोनों को एक साथ स्पॉट भी किया जाता है। हाल ही में सुहाना खान ने इंस्टग्राम से अपनी कुछ तस्वीरों को साझा किया जिस पर अनन्या पांडे ने कमेंट किया है। इंटरनेट पर दोनों सहेलियों की बातें वायरल हो रही हैं। सुहाना खान बॉलीवुड में द आर्चीज से अपना डेब्यू कर चुकी हैं। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस फिल्म में वे वेरोनिका के किरदार में नजर आई थीं। फिल्मों में काम करने के अलावा सुहाना खान सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं। वे अक्सर अपनी खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करती रहती हैं। सुहाना खान ने हाल ही में फ्लोरल मिडी ड्रेस में अपनी प्यारी सी तस्वीर को साझा किया। सुहाना ने फोटो के कैप्शन में लिखा था, द ड्रेस। अनन्या पांडे ने जैसे ही उस फोटो को देखा उन्होंने तुरंत कमेंट सेक्शन में जाकर लिखा, जो रील बनाया है उसे साझा करो। अनन्या पांडे के कमेंट के नीचे सुहाना खान ने उन्हें जवाब देते हुए लिखा, मुझे शर्म आ रही है, मैं नहीं उसे साझा कर सकती हूं। दोनों सहेलियों की बातें अब इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। अनन्या के कमेंट के नीचे उनकी मां भावना पांडे ने भी एक दिल वाला इमोजी से कमेंट किया है। बचपन की सहेलियां सुहाना खान और अनन्या पांडे एक साथ जनवरी में पेरिस और फ्रांस गई थीं। जहां अनन्या ने पेरिस फैशन वीक 2024 के दौरान अंतरराष्ट्रीय रनवे पर पहली बार रैंप वॉक किया था।

# जब तक जिंदा हूं श्रीदेवी पर बायोपिक नहीं बनने दूंगा



बॉलीवुड प्रोड्यूसर बोनी कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म मैदान की रिलीज के इंतजार में हैं। इस बीच उनसे एक इंटरव्यू के दौरान श्रीदेवी की बायोपिक को लेकर सवाल किया गया। उनसे पूछा गया कि क्या श्रीदेवी पर कभी कोई बायोपिक बनेगी तो उन्होंने कहा कि वो ऐसा कभी नहीं होने देंगे। बोनी बोले, श्रीदेवी काफी प्राइवेट पर्सन थीं और उनकी लाइफ प्राइवेट ही रहनी चाहिए। मुझे नहीं लगता जब तक मैं जिंदा हूं तब तक मैं ऐसा कभी होने दूंगा। बोनी इससे पहले 2019 में फिल्म श्रीदेवी बंगलो के मेकर्स को भी नोटिस भेज चुके हैं जिसके बाद फिल्म की रिलीज अटक गई और ये अब तक रिलीज नहीं हो पाई है। टीजर रिलीज होने के बाद से ही बोनी इस फिल्म में अपनी पत्नी के नाम और उनकी मौत के सीन को रिक्रिएट किए जाने से दुखी थे। बोनी की आपत्ति के बाद मेकर्स ने सफाई देते हुए कहा था कि श्रीदेवी बहुत कॉमन नाम है और उनकी फिल्म सस्पेंस थ्रिलर है। फिल्म से इंटरनेट सेंसेशन प्रिया प्रकाश वॉरियर डेब्यू करने वाली थीं।



# मृणाल ठाकुर को है ब्रांड से परहेज

सीता रामम और हाय नन्ना जैसी फिल्मों में काम कर तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाने वालीं अभिनेत्री मृणाल ठाकुर अगली बार विजय देवरकोंडा के साथ फैमिली स्टार में नजर आएंगी। मृणाल अपने बेबाक बयान को लेकर भी सुर्खियां बटोरती हैं। हाल ही में अभिनेत्री को इंडस्ट्री में होने वाले भेदभाव पर कटाक्ष करते देखा गया था। वहीं अब अभिनेत्री ने अपने आउटफिट पर खर्च किए जाने वाले पैसों का खुलासा कर हर किसी को हैरान कर दिया है। अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने कहा कि उनका मानना है कि कपड़े खरीदना पूरी तरह से पैसे की बर्बादी है और उन्होंने कभी भी आउटफिट पर दो हजार रुपये से ज्यादा खर्च नहीं किए हैं। एक इंटरव्यू के दौरान मृणाल ने खुलासा किया कि वह महंगे डिजाइनर कपड़ों पर पैसे खर्च नहीं करती हैं क्योंकि कोई उन्हें दोबारा नहीं पहनता है। इंटरव्यू के दौरान मृणाल ने अपनी पहनी हुई ड्रेस पर टिप्पणी करते हुए कहा, ये मेरे कपड़े नहीं हैं। मैं एक टॉप पर अधिकतम 2000 रुपये खर्च करती हूं। मुझे लगता है कि यह भी बहुत ज्यादा है। उन्होंने आगे कहा, क्योंकि जो भी चीज महंगी होती हैं, आप उसे बार-बार नहीं पहन सकते। हां, आपके वॉर्डरोब में एक क्लासिक स्टेटमेंट कलेक्शन रखना अच्छी बात है लेकिन इसके लिए एक ब्रांड पहनना पैसे की बर्बादी है। मृणाल ठाकुर ने अपनी बात में आगे जोड़ा, मैं उन पैसों को भोजन, कुछ पौधों, घर या ऐसी जमीन पर निवेश करना चाहूंगी जहां मैं खेती कर सकूं। अगर मेरी अलमारी में 1000 चीजें हैं तो उनमें से पांच चीजें स्टेटमेंट चीजें होंगी। अभिनेत्री ने आगे कहा कि वह स्टाइलिश रहने और महंगे कपड़ों पर खर्च करने से बचने के बीच संतुलन बनाकर चलती हैं।

# वरुण-जान्हवी ने बिना स्क्रिप्ट साइन की फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी

जान्हवी कपूर अपनी फिल्म देवरा के बाद अब वरुण शर्मा के साथ सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएंगी। वरुण और जान्हवी की जोड़ी ने इससे पहले बवाल में स्क्रीन पर खूब धमाल मचाया था। ऐसे में दर्शक एक बार फिर इस जोड़ी को साथ में देखने के लिए बेताब हैं। अब हाल ही में, फिल्म के निर्देशक शशांक खेतान ने दोनों कलाकारों को लेकर दिलचस्प खुलासे किए हैं और बताया है कि वरुण-जान्हवी ने बिना स्क्रिप्ट पढ़े ही फिल्म के लिए हां कह दिया था। शशांक ने अपने हालिया इंटरव्यू में खुलासा किया कि इस फिल्म के लिए पहली पसंद कौन थी। इसके अलावा निर्देशक ने मोस्ट अवेटेड दुल्हन फ्रेंचाइजी को लेकर भी चुप्पी तोड़ी है। फिल्म को लेकर शशांक ने कहा, इस फिल्म में मुझे एक बार फिर दर्शकों को प्यारी सी प्रेम कहानी सुनाने का मौका मिलेगा। मैं एक ऐसी दुनिया दिखाना चाहता हूं, जिससे मैं अच्छे वाकिफ हैं और इसके लिए मुझे हमेशा मेरे दर्शकों से खूब प्यार मिला था। निर्देशक ने आगे कहा, मुझे पूरा यकीन है कि इस फिल्म से कलाकारों को भी बहुत प्यार मिलेगा। वरुण और जान्हवी बवाल के बाद एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं और दर्शक भी उन्हें स्क्रीन पर साथ देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। बता दें कि साल 2022 में ओटीटी पर रिलीज फिल्म गोविंदा नाम मेरा के बाद शशांक 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का निर्देशन करेंगे। फिल्म की शूटिंग को लेकर शशांक बताते है, हमने फिल्म की रिलीज को लेकर कई योजनाएं बनाई हैं। हमारी उम्मीदों के हिसाब से इसे 18 अप्रैल 2025 को रिलीज हो जाना चाहिए। हालांकि, हम मई से इसकी शूटिंग शुरू कर देंगे। हमारी फिल्म की कहानी भारतीय पृष्ठभूमि पर आधारित होगी। शूटिंग को भी हम भारत के अलग-अलग हिस्सों में शूट करेंगे। फिल्म वरुण और जान्हवी को ध्यान में रखकर लिखी गई है।





# द केरल स्टोरी, सनफ्लावर 2 और बस्तर को लेकर अदा शर्मा ने जाहिर की खुशी

द केरल स्टोरी, सनफ्लावर 2 और बस्तर द नक्सल स्टोरी इन तीनों ही फिल्मों को ओटीटी पर दर्शकों द्वारा खूब प्यार मिल रहा है। इस दौरान अदा ने अपने किरदारों को लेकर भी बात की। वे इस बात से बेहद खुश हैं कि उनके हर किरदार को दर्शकों द्वारा सराहा जा रहा है। अभिनेत्री अदा शर्मा हाल ही में फिल्म बस्तर द नक्सल स्टोरी में दिखाई दी थीं। फिल्म मे अदा के किरदार को खूब पसंद किया जा रहा है। दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी अदा के किरदार की खूब सराहना की है। बस्तर से पहले अदा ने फिल्म द केरल स्टोरी में भी अपने किरदार के लिए खूब सुर्खियां बटोरी थीं। सनफ्लावर सीजन 2 में उनकी भूमिका को दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया है। अभिनेत्री ने हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ओटीटी पर एक महीने में अपनी सफल 3 रिलीज द केरल स्टोरी, सनफ्लावर सीजन 2 और बस्तर को लेकर बात की है। द केरल स्टोरी, सनफ्लावर सीजन 2 और बस्तर- द नक्सल स्टोरी इन तीनों ही फिल्मों को ओटीटी पर दर्शकों द्वारा खूब प्यार मिल रहा है। इस दौरान अदा ने अपने किरदारों को लेकर भी बात की। वे इस बात से बेहद खुश हैं कि उनके हर किरदार को दर्शकों द्वारा सराहा जा रहा है। इस दौरान अदा अपनी नानी की साड़ी में नजर आईं, उन्होंने बताया कि जब वह बहुत छोटी थीं, ये साड़ी तब की है और इस साड़ी की कीमत महज 15 रुपये है। उन्होंने कहा कि उनकी नानी ने जब ये साड़ी खरीदी तब पंद्राह रुपये भी काफी हुआ करते थे।

### अपने किरदारों पर बोलीं अदा

अदा ने अपने किरदारों पर बात करते हुए कहा, मैं खुश हूं कि अलग-अलग करिदारों में ऑडियंस मुझे पसंद करती है। फिल्म 1920 के बाद लोगों ने कहा था कि अभी तुम वैसे ही रोल करोगी। द केरला स्टोरी के बाद भी मुझे बहुत लोगों ने कहा कि नहीं अभी तुम केवल सीरियस किरदार ही करोगी और फिर मैंने सनफ्लावर की उसमें बहुत कॉमेडी है। इसके बाद बस्तर आई जो काफी सीरीयस है। अभिनेत्री ने कहा, मैं इंतजार करती हूं कि मुझे ऐसे किरदार मिलें जो अदा से अलग हों, जिनपर मैं मेहनत करूं। इसके साथ उन्होंने कहा, मैं लोगों को काफी ऑब्जर्व करती हूं, ताकि मैं अगर इस तरह का किरदार करूं, तो इससे कुछ ले सकूं। मैं अपने दिमाग में सब रिकॉर्ड करती हूं, इसके लिए दिमाग में एक फाइल रखती हूं। तो ऐसा कोई रोल होता है, तो उसी फाइल से मैं कुछ न कुछ लेती हूं। मैं इंसान जानवर सभी से कुछ न कुछ सीखती हूं।



# 8 साल से ऐक्टिंग कर रही, उस उम्र में करियर के बारे में नहीं सोच सकती थी

**20 साल की उम्र में 8 साल से टीवी में सक्रिय रहने वाली तृप्ति मिश्रा ने बाल कलाकार से लीड रोल तक पहुंचने के दौरान बहुत कुछ सीखा। उन्हें जब अहसास हो गया कि वह लीड रोल के लिए तैयार हो गई हैं तो तृप्ति ने सभी तरह के साइड रोल से तौबा कर ली। भले इसके लिए उन्हें कई महीनों का इंतजार करना पड़ा हो, लेकिन अपनी मंजिल उन्होंने पा ही ली। इन दिनों वह टीवी शो कयामत से कयामत तक में पूर्णिमा का किरदार निभा रही हैं।**

### 20 साल की हूं और 8 साल से ऐक्टिंग कर रही

मैं 20 साल की हूं और आठ साल से ऐक्टिंग कर रही हूं। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट मैंने काम करना शुरू किया था। मैं पढ़ाई में अच्छी नहीं हूं। बस, एवरेज हूं। मैं हमेशा से डांस करती और गाने गाती आई हूं। बचपन में एक सेट पर गई थी, जहां मेरी उम्र की लड़की ऐक्टिंग कर रही थी। सोचा कि मैं क्यों ऐसा नहीं कर सकती। वैसे, यह बहुत जल्दबाजी वाला फैसला था क्योंकि उस वक्त मैं महज 12 साल की थी। उस उम्र में करियर के बारे में नहीं सोच सकती थी, लेकिन मम्मी-पापा ने मुझे बहुत सपोर्ट किया। पापा ने मेरे करियर के लिए अपने काम को साइड पर रख दिया और मुझे ढेर सारे ऑडिशन दिलवाए। मैं पापा के साथ एक दिन में 10-10 ऑडिशन की लिस्ट बनाकर जाती थी। मैं मुंबई की हूं। बहुत सारे ऑडिशन देने के बाद मुझे पहला शो रश्मि शर्मा के साथ 'ससुराल सिमर का' मिला और मेरा पहला लीड शो रश्मि शर्मा के साथ 'पलकों की छांव में' था। मैं ऊपरवाले की शुक्रगुजार हूं कि उस मुकाम पर आ गई, जहां अपने सपने पूरे कर सकती हूं। पैरंट्स को गर्व महसूस करा सकती हूं कि जो मैंने फैसला लिया और उन्होंने जो सपोर्ट किया, उसमें मैं कामयाब हो गई।

### सोशल मीडिया फेक लगता है

मैं सोशल मीडिया पर ऐक्टिव रहती हूं, लेकिन ऐसा करने के लिए पापा कहते हैं। मुझे लगता है कि मैं इसके लिए नहीं बनी हूं। आप कलाकार हैं इसलिए आपको उस पर रहना पड़ेगा, लेकिन मैं अपना फोन बस बात करने के लिए इस्तेमाल करती हूं। पापा ने नवाबों के शहर आने से पहले कहा था कि फ्लाइट और लखनऊ की स्टोरी डालना। तस्वीरें खींचकर डालना और बताना कि वहां क्या चल रहा है। मुझे सोशल मीडिया पर फेक बनना पसंद नहीं इसलिए जब जरूरी लगता है तो खुद फोटो डाल देती हूं। मेरा सोशल मीडिया को लेकर अलग नजरिया है। मुझे लगता है कि इस पर सभी लोग फेक जिंदगी जीते हैं। यह सबके लिए नहीं कह रही पर ज्यादातर ऐसे ही हैं। वे भले जिंदगी में खुश ना हों, लेकिन मुस्कुराते हुए फोटो जरूर डालेंगे। मैं जब दुखी होती हूं तो सोशल मीडिया से गायब हो जाती हूं। मुझे दुनिया को झूठे तरीके से नहीं दिखाना कि मैं खुश हूं।

### बालिका वधू से बहुत कुछ सीखने को मिला

बालिका वधू से बहुत कुछ सीखने को मिला। उस शो के डायरेक्टर प्रदीप यादव थे। मैंने उनके जैसे बेहतरीन डायरेक्टर के साथ आज तक काम नहीं किया। उन्हें पता है कि एक ऐक्टर की क्षमता कितनी होती है। वह उससे कितना निकाल सकते हैं। उस शो में पता चला कि जो मैं अपना 100 पर्सेंट दे रही थी, वो 50 पर्सेंट ही था। फिर और मेहनत की। उस शो से यह भी सीखा कि डायलॉग ना होने के बावजूद स्क्रीन के सामने रहकर कितना कुछ किया जा सकता है। मैंने एक्सप्रेशन पर काम करना शुरू किया। उस शो ने एक व्यक्ति और ऐक्टर के तौर पर बहुत ग्रो किया।

### मैं जिंदगी में प्रैक्टिकल नहीं हूं

मुझे पूर्णिमा के किरदार में ढलने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी। दरअसल, जैसी पूर्णिमा है, वैसी तृप्ति बिल्कुल नहीं। तृप्ति बबली नेचर की है। उसे हमेशा हंसना और तेजी से बात करना पसंद है लेकिन पूर्णिमा बिल्कुल उलट है। मैं जिंदगी में बिल्कुल प्रैक्टिकल नहीं, लेकिन वह गंभीर है। जितनी जरूरत होती है, उतना ही बोलती है। मुझे पूर्णिमा के किरदार से जिम्मेदारी सीखने को मिली। मुझे ऐसा लगता है कि अगर आपकी जिंदगी में पैरंट्स जिम्मेदारियां नहीं डाल रहे तो आपको तब भी एक जिम्मेदार इंसान बनना पड़ेगा, ताकि आप परिवार को आगे बढ़ा सकें।




## संक्षिप्त समाचार

## भारत बनाएगा अपना वाणिज्यिक क्रूड रणनीतिक भंडार

### आपूर्ति संबंधी चुनौतियों से निपटने में मिलेगी सहायता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक भारत क्रूड का अपना पहला वाणिज्यिक रणनीतिक भंडार बनाने की योजना बना रहा है। इस कदम से किसी भी आपात स्थिति में आपूर्ति संबंधी चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। सरकार ने देश में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तैयार करने और उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई इंडियन



स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लि. (आईएसपीआरएल) का गठन किया है। इस इकाई ने कर्नाटक के पादुर में 25 लाख टन भूमिगत भंडारण बनाने के लिए बोलियां मंगाईहैं।

निविदा दस्तावेज के मुताबिक, आईएसपीआरएल ने पहले चरण में तीन स्थानों पर 53.3 लाख टन का भंडारण बनाया था। ये तीन जगह आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम (13.3 लाख टन) कर्नाटक में मंगलूरू (15 लाख टन) और पादुर (25 लाख टन) हैं। दूसरे चरण के तहत, पादुर-दो में 5,514 करोड़ रुपये की लागत से वाणिज्यिक सह-रणनीतिक भूमिगत पेट्रोलियम भंडार बनाने की योजना है। इसमें जमीन के ऊपर संबंधित सुविधाएं भी शामिल है। बोलीदाताओं से कहा गया है कि वे भंडारण के निर्माण के लिए आवश्यक वित्तीय अनुदान या उस प्रीमियम/शुल्क का बताएं, जो वे प्राधिकरण को देना चाहते हैं। बोलियां जमा करने की आखिरी तारीख 22 अप्रैल है। निविदा 27 जून तक प्रदान की जाएगी। भारत अपनी जरूरतों का 85 फीसदी से अधिक क्रूड आयात करता है।

## मजबूत मांग के कारण मार्च में सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर साढ़े 13 वर्ष के हाई पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मजबूत मांग के कारण मार्च में देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर साढ़े 13 साल की सबसे मजबूत वृद्धि दर में से एक रही। एचएसबीसी इंडिया सर्विर्सिज बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स फरवरी के 60.6 से बढ़कर



मार्च में 61.2 पर पहुंच गया।परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) की भाषा में सूचकांक का 50 से ऊपर रहना विस्तार को दर्शाता है जबकि 50 से नीचे रहना संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल द्वारा लगभग 400 सेवा क्षेत्र की कंपनियों के एक पैनल को भेजे गए प्रश्नावली के जवाबों से संकलित किया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है, भारत की सेवाओं का पीएमआई फरवरी में मामूली गिरावट के बाद मार्च में बढ़ा और मजबूत मांग के कारण बिक्री और कारोबारी गतिविधियों में तेजी आई। एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, उत्पादन क्षमता का विस्तार करने के लिए सेवा प्रदाताओं ने अगस्त 2023 के बाद से सबसे तेज गति से हायरिंग में वृद्धि की।

# सरकारी प्रोजेक्ट के लिए आमने-सामने हैं मुकेश अंबानी और रतन टाटा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ट्रांसपोर्ट सेक्टर में ग्रीन हाइड्रोजन के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। इसके लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन प्रमुख बोलीदाता होंगे। इसका मकसद अर्थव्यवस्था को कार्बन मुक्त करने, जीवाश्म ईंधन आयात पर निर्भरता कम करने और भारत को ग्रीन हाइड्रोजन टेक में भारत को लीडर बनाना है। इसके लिए बोली लगाने की डेडलाइन आज खत्म हो रही है। सूत्रों के मुताबिक रिलायंस, टाटा मोटर्स और आईओसी 496 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट को हासिल करने की होड़ में सबसे आगे हैं। यह नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन का हिस्सा है जिसे जनवरी 2023 में 19,744 करोड़ रुपये के बजट के साथ शुरू किया गया था।

इंडस्ट्री के सूत्रों के अनुसार रिलायंस ने इसके लिए बस और ट्रक निर्माता अशोक लीलैंड और डेमलर इंडिया कमर्शियल व्हीकल्स के साथ साझेदारी की है। टाटा मोटर्स ने भी आइओसीएल के साथ एक कंसोर्टियम बनाया है। अशोक लीलैंड भी इसके लिए एनटीपीसी के साथ साझेदारी कर रहा है। इस बारे में रिलायंस, एनटीपीसी और आइओसीएल ने उन्हें भेजे गए सवालों का जवाब नहीं दिया। अधिकांश ऑटो कंपनियां पिछले कुछ समय से रिलायंस और एनटीपीसी जैसी ऊर्जा कंपनियों के साथ मिलकर हाइड्रोजन-ईंधन वाले ट्रकों और बसों पर पायलट प्रोजेक्ट चला रही हैं। टाटा मोटर्स और अशोक लीलैंड के प्रवक्ता तुरंत टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे। डीआइसीवी के एक प्रवक्ता ने इस बात की पुष्टि की कि उसने परियोजना के लिए रिलायंस को लेटर ऑफ सपोर्ट दिया है।

### रिलायंस को फायदा

इस प्रोजेक्ट के लिए बोली लगाने वाली कंपनियों में केवल रिलायंस ही ऐसी कंपनी है जो एंड-टू-एंड सर्विस प्रोवाइडर हो सकती है। यह एच2 के निर्माण और ईंधन वितरण से लेकर एच2-संचालित वाहन चलाने तक में सक्षम है। कंपनी इलेक्ट्रोलाइजर और हरित एच2 के लिए पीएलआई योजना में भी भागीदार है। एक सूत्र ने कहा कि रिलायंस पिछले कुछ समय से न्यू एनर्जी बिजनस पर काम कर रही है और अगर वह यह बोली जीतती है तो उसे काफी फायदा होगा। इससे देश में आने वाले वर्षों में बड़े पैमाने पर हाइड्रोजन उत्पादन का मार्ग प्रशस्त करेगा। एच2 कॉरिडोर परियोजना का उद्देश्य देश में चरणबद्ध तरीके से हाइड्रोजन से चलने वाली बसों, ट्रकों और कारों को बढ़ावा देना है।



# 2 साल की उम्र में उठा पिता का साया

## गोदरेज में की नौकरी, अब करोड़ों के मसाला ब्रांड के मालिक!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ए.डी. पद्मसिंह इसाक ने जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। उनका जन्म तमिलनाडु के नाजरेथ में किसान परिवार में हुआ था। जब वह सिर्फ 12 साल के थे तब उनके पिता का निधन हो गया। इससे उन्हें और उनके चार भाई-बहनों को अपनी देखभाल खुद करनी पड़ी। पद्मसिंह ने एक समय गोदरेज में नौकरी भी की। उन्हें कंपनी में पाउडर हेयर कलर बेचने के लिए रखा गया था। उन्होंने 1995 में अपनी खुद की फूड कंपनी शुरू की। कंपनी का नाम था- आची मसाला। इसका मकसद इस्तेमाल के लिए तैयार बना-बनाया मसाला मिक्सचर उपलब्ध कराना था। आज यह कंपनी करोड़ों की बन चुकी है। आइए, यहां पद्मसिंह इसाक की सफलता पर नजर डालते हैं।



### 1995 में पेश किया करी मसाला पाउडर

साल 1995 में पद्मसिंह इसाक ने ग्रामीण क्षेत्रों में डेली वेज वर्कर्स के लिए करी मसाला पाउडर पेश किया था। इसकी कीमत सिर्फ 2 रुपये थी। उन्होंने आची मसाले का टैगलाइन द मदर ऑफ गुड टेस्ट रखा। इस टैगलाइन के जरिये आची मसाला के सार को पूरी तरह से समझाया। शुरुआती चुनौतियों के बावजूद आची मसाला की हर खरीद पर एक मुफ्त स्टेनलेस स्टील का गिलास देने की इसाक की रणनीति ने ग्राहकों को आकर्षित किया।

### क्वालिटी पर रखा फोकस

जैसे ही आची प्रोडक्ट्स की मांग बढ़ी, पद्मसिंह इसाक ने एक आधुनिक फैक्ट्री लगाई। यह रोजाना 120 टन मसाला मिश्रण का उत्पादन करने में सक्षम थी। फैक्ट्री ने हाई क्लवालिटी स्टैंडर्ड को सुनिश्चित करते हुए मसालों को पीसने और मिलाने के लिए जर्मन तकनीक को शामिल किया। इसाक ने मौसमी मसालों को सीधे विश्वसनीय आपूर्तिकर्ताओं से खरीदना शुरू किया। इससे प्रीमियम गुणवत्ता, सुगंध और रंग बरकरार रखना सुनिश्चित हुआ।

### ब्रांड ने छुईं नई ऊंचाइयां

क्वालिटी और इनोवेशन के प्रति आची मसाला की प्रतिबद्धता ने ब्रांड को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। 2011 तक कंपनी की बिक्री 500 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। इससे यह दक्षिण भारत में मार्केट लीडर बन गई। ब्रांड की सफलता लगातार बढ़ती गई। बिक्री एजेंट और हॉकर के विशाल नेटवर्क के जरिये यह 10 लाख से ज्यादा दुकानों तक पहुंच गई।

### टाटा और विप्रो ने भी दिखाई दिलचस्पी

ए.डी. पद्मसिंह इसाक को भारतीय उद्योग में योगदान के लिए कई पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया। इनमें 2016 में बेस्ट इम्प्लॉयर फॉर एमपावरिंग पर्सन्स विद डिसेबिलिटी का राष्ट्रीय पुरस्कार भी शामिल है। 2023 में टाटा और विप्रो ने आची मसाला में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने में दिलचस्पी जाहिर की थी। इसके लिए कंपनी का मूल्य 2,000 करोड़ रुपये आंका गया। हालांकि, सौदा आगे नहीं बढ़ा। लेकिन, यह पद्मसिंह इसाक के मसाला व्यवसाय के मूल्य और क्षमता का प्रमाण था।

## अगले दो दशकों तक कोयला ही भारत के ऊर्जा क्षेत्र की रीढ़ रहेगा, आईआईएम की रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोयला आने वाले दो दशकों तक भारत के ऊर्जा क्षेत्र की रीढ़ बना रहेगा। आईआईएम अहमदाबाद की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कोयले के इस्तेमाल को कम करने के लिए सही नीतियां बनाने की जरूरत होगी। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि परमाणु ऊर्जा और अक्षय ऊर्जा के बिना साल 2070 तक जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करना संभव नहीं होगा।

### कोयला अभी भी बना रहेगा भारत के ऊर्जा क्षेत्र का केंद्र

आईआईएम अहमदाबाद ने नेट जीरो के लक्ष्य को पाने के लिए ऊर्जा क्षेत्र में बदलाव और समन्वय पर अपनी रिपोर्ट तैयार की है। यह रिपोर्ट बुधवार को जारी की गई। इस रिपोर्ट को भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने कई गणमान्य लोगों जैसे नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके सारस्वत, परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. एके मोहंती और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में जारी किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि कार्बन उत्सर्जन नेट जीरो करना आसान नहीं है और इसके लिए कई रास्ते अपनाने पड़ेंगे।

### सरकार ने साल 2021 में दी थी इस रिपोर्ट को तैयार करने की मंजूरी

रिपोर्ट को स्टडी प्रोजेक्ट के तहत तैयार किया गया है और इसकी मंजूरी नवंबर 2021 में सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार द्वारा दी गई थी। इस स्टडी की फंडिंग परमाणु ऊर्जा कॉरपोरेशन द्वारा की गई थी। प्रोफेसर अजय सूद ने इस रिपोर्ट की तारीफ की और बताया कि इससे भारत के ऊर्जा सेक्टर की पूरी तस्वीर पता चली है।

## हाई-परफॉर्मेंस गेमिंग और क्रिएशन के लिए एचपी ने पेश किया एआई से लैस ओमेन ट्रांसेंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एचपी ने भारत में अपनी एआई-एनहांस्ड ओमेन ट्रांसेंड 14 लैपटॉप सीरीज पेश करने का एलान किया। गेम खेलने और कंटेंट क्रिएट करने जैसे दोनों क्षेत्रों में रुचि रखने वाले गेमर्स के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए ओमेन ट्रांसेंड 14 लैपटॉप में एनवीडिया0 जीईफोर्स0 आरटीएक्स 4060 ग्राफिक्स दिया गया है, जो बेहतरीन गेमप्ले एक्सपीरियंस और ग्राफिक्स के लिए एआई फीचर्स उपलब्ध कराता है। नए ओमेन में प्रयोग किए गए इंटेल कोर अल्ट्रा प्रोसेसर्स की मदद से गेमर्स लेटेस्ट गेम्स से जुड़ने या बहुत कम्प्यूट-इंटेंसिव टास्क करने में सुगमता का अनुभव करेंगे। ओमेन ट्रांसेंड 14 में इंटेल0 और एनवीडिया0 के माध्यम से लोकल एआई क्षमता के साथ-साथ ओटर डॉट एआई के साथ बिल्ट-इन एआई सपोर्ट भी दिया गया है, जिससे मीटिंग या क्लास के दौरान लाइव ट्रांस्क्रिप्ट एवं रियल-टाइम कैप्शन, ऑडियो ट्रांस्क्राइब के लिए रिकॉर्ड फंक्शन और एआई-जनरेटेड नोट्स जैसे फीचर्स मिलते हैं। एचपी इंडिया की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर इप्सिता दासगुप्ता ने कहा, एचपी में हमारा मिशन एआई की ताकत का इस्तेमाल करते हुए यूजर्स को सशक्त करना तथाउनके वर्किंग, लिविंग और गेमिंग एक्सपीरियंस को रीडिफाइन करना है। हमें एआई-एनहांस्ड पीसी के मामले में इंडस्ट्री का सबसे बड़ा पोर्टफोलियो पेश करते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है। एआई आधारित




पर्सनलाइजेशन के माध्यम से हम ज्यादा पर्सनलाइज्ड एवं मीनिंगफुल यूजर एक्सपीरियंस तैयार कर रहे हैं। और टेक्नोलॉजी के साथ उनके इंटरैक्ट करने के तरीके को क्रांतिकारी तरीके से बदल रहे हैं।ओमेन ट्रांसेंड 14 की बेहतरीन परफॉर्मेंस में मदद के लिए इसमें इंटेल के साथ मिलकर तैयार किया गया नया कूलिंग सिस्टम लगाया गया है। इस सिस्टम के तहत इसका चेसिस हवा को अंदर खींचता है और एक वैपर चैंबर का प्रयोग करते हुए प्रेशर जोन बनाता है, जिससे रियर वेंट के माध्यम से गर्म हवा बाहर निकल जाती है।

## बादाम की अच्छाइयों के साथ मनाएं वर्ल्ड हेल्थ डे!

**भोपाल।** जब यह कहा जाता है हेल्थ इज़ वेल्थ तो इससे सेहत के महत्व को प्राथमिकता देने का पता चलता है। दरअसल, यह हमारी सेहत और जीवन की गुणवत्ता को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। हर साल 7 अप्रैल को मनाए जाने वाले वर्ल्ड हेल्थ डे की थीम, माय हेल्थ, माय राइट है। इसमें बताया गया है कि अपनी सेहत का ख्याल रखना हमारी अपनी जिम्मेदारी और मूल अधिकार है। अच्छी सेहत बनाए रखने के लिए संतुलित आहार लेना जरूरी है क्योंकि पोषक तत्वों की अहम भूमिका होती है। इससे यह पता चलता है कि आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर हरी पत्तेदार सब्जियां, बादाम और मौसमी फलों को शामिल करना कितना जरूरी है। पौष्टिक बादाम को अपने आहार में शामिल करने से सेहत को काफी लाभ मिलते हैं, जैसे ब्लड शुगर नियंत्रित रहता है, दिल की सेहत बनी रहती है और वेट मैनेजमेंट में मदद मिलती है। अच्छी सेहत बनाए रखने के लिए बादाम कई सारे आवश्यक पौष्टिक तत्वों की एक पूरी श्रृंखला प्रदान करता है। विटामिन ई, मैग्नीशियम, प्रोटीन, राइबोफ्लेविन और जिंक जैसे 15 पोषक तत्वों से भरपूर बादाम संपूर्ण सेहत के लिए एक जरूरी सपोर्ट सिस्टम के रूप में काम करता है। बादाम में मौजूद मैग्नीशियम, प्रोटीन और विटामिन बी2 और ई, ऊर्जा के स्तर को बनाए रखता है, वहीं कॉपर, जिंक, फोलेट और आयरन इम्युनिटी को बेहतर बनाता है।

## रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी कंपनी बनी अदाणी ग्रीन एनर्जी



**अहमदाबाद एजेंसी।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने 10 हजार मेगावॉट (एमडब्ल्यू) से अधिक ऑपरेशनल पोर्टफोलियो का आंकड़ा पार कर लिया है, जो नेशनल ग्रिड को विश्वसनीय, किफायती और स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करता है। एजीईएल के ऑपरेशनल पोर्टफोलियो में 7,393 मेगावॉट सोलर, 1,401 मेगावॉट विंड और 2,140 मेगावॉट विंड-सोलर हाइब्रिड क्षमता शामिल है। यह माइलस्टोन 2030 तक 45 गीगावॉट रिन्यूएबल एनर्जी के लक्ष्य की ओर मजबूती से बढ़ रहे एजीईएल और उसके डेवलपमेंट पार्टनर्स का एक प्रमाण है।एजीईएल का 10 हजार 934 मेगावॉट का ऑपरेशनल पोर्टफोलियो 5.8 मिलियन से अधिक घरों को बिजली देगा और सालाना लगभग 2 करोड़ 10 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को रोकेगा।एजीईएल इस बात का उदाहरण पेश कर रहा है कि कैसे इनोवेटिव टेक्नोलॉजी, काम पूरा करने की कुशलता, डिजिटलीकरण, मजबूत सप्लाई चेन नेटवर्क और लॉन्ग-टर्म इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग, सभी को मिलाकर टिकाऊ तरीकों के साथ, बड़े पैमाने पर स्वच्छ ऊर्जा अपनाने और कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिल सकती है। अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने कहा, हमें रिन्यूएबल एनर्जी में भारत का पहला दस हजारी होने पर गर्व है। एक दशक से भी कम समय में, अदाणी ग्रीन एनर्जी ने न सिर्फ हरियाली भरे भविष्य की कल्पना की है बल्कि उसे साकार भी किया है।

# रियलमी ने एंट्री लेवल 5जी किलर रियलमी 12एक्स 5जी पेश किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सेवा प्रदाता रियलमी ने आज रियलमी 12एक्स 5जी लॉन्च किया। रियलमी नंबर सीरीज का यह नया स्मार्टफोन कंपनी के सफर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है जो जो इसके मेक इट रियल के सिद्धांत को जीवंत करके युवा आबादी की डायनामिक पसंदों के अनुरूप है।इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा हम रियलमी 12एक्स 5जी पेश करके बहुत उत्साहित हैं। यह हमारी नंबर सीरीज का सबसे नया स्मार्टफोन है। यह एक एंट्री-लेवल 5जी किलर है, जो अपनी आधुनिक विशेषताओं और बेहतरीन मूल्य के साथ एंट्री-लेवल



बाजार में हलचल मचा देगा। हमने युवा ग्राहकों को समर्थ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ रियलमी 12एक्स 5जी में कई इनोवेटिव फीचर्स दिए हैं। इसमें 5जी स्मार्टफोन में पहली बार 45वॉट सुपरवूक चार्ज और एयर जेस्चर कंट्रोल जैसी खूबियाँ 11,000 रुपये से कम मूल्य में दी गई हैं। हमारा मानना है कि टेक्नोलॉजी हर किसी तक पहुँचनी चाहिए, और रियलमी 12एक्स 5जी के साथ हम अपने इस उद्देश्य को पूरा कर रहे हैं।

एंट्री-लेवल 5जी किलर के रूप में रियलमी 12एक्स 5जी यूजर्स को अद्वितीय अनुभव प्रदान करेगा। यह 45वॉट सुपरवूक चार्जिंग और 5000एमएएच की शक्तिशाली बैटरी के साथ भारत में अपने सेगमेंट का पहला स्मार्टफोन है। इसमें एयर जेस्चर कंट्रोल अपने सेगमेंट में पहली बार दिया गया है।

## नई सुबह फाउंडेशन ने न्यूरोडायवर्सिटी से जुड़ी 'अद्वैत' प्रदर्शनी के दूसरे संस्करण की घोषणा की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूरोडायवर्स लोगों के सशक्तिकरण के लिए समर्पित और युवाओं की अगुवाई वाले सामाजिक स्टार्टअप नई सुबह फाउंडेशन ने विश्व ऑटिज्म दिवस के अवसर पर अपनी दूसरी वार्षिक




कला प्रदर्शनी 'अद्वैत' की घोषणा की है। पिछले साल की प्रदर्शनी की जबरदस्त सफलता के बाद 'अद्वैत' न्यूरोडायवर्स कलाकारों की असाधारण प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए दोबारा आपके सामने है। यह प्रदर्शनी 26 अप्रैल से 28 अप्रैल, 2024 तक नई दिल्ली के सफदरजंग एनक्लेव में आर्टसस्त्र गैलरी में लगाई जाएगी। 'अद्वैत' के दूसरे संस्करण का लक्ष्य उन न्यूरोडायवर्स कलाकारों को एक मंच उपलब्ध कराना है जिनका अनूठा नजरिया और कलात्मक अभिव्यक्ति मुख्यधारा के समाज में अक्सर सामने नहीं आ पाता।

## भारत के पहले फास्ट चार्जिंग इंटर ऑपरेबिलिटी सॉल्यूशंस बनाने के लिए सर्वोटेक पावर सिस्टम्स और इलेक्ट्रा ईवी ने साझेदारी की

**मुंबई, एजेंसी।** ईवी चार्जर और सोलर सॉल्यूशंस के डेवलपमेंट में लीडिंग सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड और भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक वाहन पावरट्रेन सॉल्यूशंस कंपनी इलेक्ट्रा ईवी ने संयुक्त स्वामित्व वाली रिवोल्यूशनरी ईवी चार्जर तकनीक के लिए सहयोग की घोषणा की है, जिसके लिए हाल ही में उन्होंने पेटेंट के लिए आवेदन किया है। ये ग्राउंड-ब्रेकिंग सॉल्यूशंस एक छोटे एडिशनल गैजेट का उपयोग करके कनेक्टर जोड़कर सीसीएस2 चार्जिंग नेटवर्क से किसी भी जीबी/टी भारत डीसी 001 व्हीकल (जो सब 200ड्ड डीसी प्लेटफॉर्म पर




हैं) की तेज डीसी चार्जिंग को समर्थ बनाते हैं। यह आवश्यकता इलेक्ट्रा ईवी द्वारा अपने ओईएम और फ्लीट कस्टमर्स को सेवा प्रदान करते हुए स्थापित की गई थी। यह इनोवेशन सीमलेस चार्जिंग कम्पैटिबिलिटी की राह दिखाता है, महंगे ड्यूल इंफ्रास्ट्रक्चर की तैनाती की आवश्यकता को समाप्त करता है, और जीबी/टी भारत डीसी 001 प्रोटोकॉल पर निर्भर पैसेंजर सर्विसेज़ और कमर्शियल व्हीकल्स दोनों को लाभ देता है।सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड के चीफ टेक्निकल ऑफिसर अरुण हांडा ने कहा कि, हम इलेक्ट्रा ईवी के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं, एक ऐसी कंपनी जो सस्टेनेबल और एक्सेसिबिलिटी ई-मोबिलिटी फ्यूचर के लिए हमारे दृष्टिकोण को साझा करती है।

# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से देशभर में प्राइमरी शिक्षकों के रिक्त पदों के मांगे आंकड़े



**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्राइमरी (कक्षा एक से पांच तक) शिक्षक पद पर भर्ती के लिए बीएड डिग्री धारकों को अयोग्य मानने के फैसले में संशोधन की मांग पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। कोर्ट के समक्ष विचार का मुख्य मुद्दा यह है कि पिछले वर्ष 11 अगस्त को दिया गया फैसला पूर्व प्रभाव से लागू माना जाएगा या बाद से।

मध्य प्रदेश सरकार और अन्य कई पक्षकारों ने अर्जी दाखिल कर यह भी मुद्दा उठाया है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बीएड डिग्री धारक प्राइमरी शिक्षकों का क्या होगा। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के बाद देश भर में बीएड डिग्री धारक प्राइमरी शिक्षकों की नौकरी पर संकट आ गया है और उनकी नौकरी जाने की नौबत है। बुधवार को कोर्ट ने मामले की सुनवाई सोमवार तक टालते हुए केंद्र सरकार से कहा कि वह सभी राज्यों के प्राथमिक शिक्षकों के कुल खाली पदों और ब्रिज कोर्स के आंकड़े कोर्ट में पेश करेगी। इस बीच उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र एसोसिएशन भी अर्जी दाखिल कर शिक्षामित्रों को भी नियमित किये जाने की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त 2023 को देवेश शर्मा मामले में दिये फैसले में कहा था कि प्राथमिक शिक्षक पद पर भर्ती के लिए बीएड डिग्री धारक योग्य नहीं हैं। कोर्ट ने माना था कि बीटीसी और डीएलईडी ही इसके योग्य हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसी व्यवस्था देने वाले राजस्थान हाई कोर्ट के फैसले को सही ठहराया था और हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दाखिल याचिकाएं खारिज कर दीं थीं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का देशव्यापी असर हुआ है और बीएड डिग्री धारक प्राथमिक शिक्षकों की नौकरी पर संकट आ गया है। मध्य प्रदेश सरकार ने और बहुत से प्रभावित लोगों ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट से आदेश में संशोधन करने और स्पष्टीकरण करने की गुहार लगाई है। बुधवार को न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और सुधांशु धूलिया की पीठ ने सुनवाई की। कोर्ट को बताया गया कि यहां मुख्य मुद्दा यह है कि सुप्रीम कोर्ट का 11 अगस्त 2023 का फैसला पूर्व प्रभाव से लागू माना जाएगा या बाद से। तभी डिप्लोमा इन इलेमेन्ट्री एजूकेशन (डीएलईडी) धारकों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायण ने मांग का विरोध करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट आ चुका है अब कोर्ट को इस तरह की अर्जियों पर सुनवाई करने की जरूरत ही नहीं है। क्योंकि यह तो एक तरह से आदेश का रिव्यू मांगा जा रहा है। शंकरनारायण ने कहा कि पटना, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड हाई कोर्ट कह चुके हैं कि सुप्रीम कोर्ट का वह फैसला पूर्व प्रभाव से लागू माना जाएगा। उधर, दूसरी और बंगाल, बिहार और राजस्थान के बीएड डिग्री धारकों की ओर से पेश वकील पीएस पटवालिया ने मामले में सुनवाई की मांग की। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र एसोसिएशन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अपराजिता सिंह और गौरव यादव ने भी अपनी अर्जी का जिक्र करते हुए कहा कि कोर्ट उनके मामले पर भी विचार करे।

## संक्षिप्त समाचार

### खेलते वक्त हादसे का शिकार हुआ दो साल का बच्चा, 16 फीट गहरे बोरवेल में जा गिरा



**विजयपुरा एजेंसी।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले के इंदी तालुका के लाचयान गांव में दो साल का एक बच्चा बोरवेल में गिर गया। यह हादसा बुधवार शाम तब हुआ जब बच्चा अपने घर के पास खेल रहा था। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बच्चा 16 फुट गहरे बोरवेल में गिर गया और उसे सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है। बच्चे को बचाने का अभियान कई घंटों से जारी है। मौके पर पुलिस दल, राजस्व अधिकारी, तालुक पंचायत के सदस्य और अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग के अधिकारी मौजूद हैं।

### दिल्ली के कश्मीरी गेट में दर्दनाक हादसा, डीटीसी बस ने सड़क पार कर रहे शख्स को रौंदा, मौत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी के कश्मीरी गेट इलाके में बुधवार सुबह एक बेलगाम डीटीसी बस ने सड़क पार रहे 50 वर्षीय कारी शाह नाम के एक शख्स को कुचल दिया। जख्मी हालत में पुलिस उन्हें लेकर सिविल लाइंस स्थित ट्रामा सेंटर पहुंची,जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। हादसे के बाद पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर आरोपी चालक संजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने यह खुलासा किया किएक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में हादसा हुआ। बहरहाल पुलिस पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिये मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह करीब 10 बजे पुलिस को कॉल मिली कि कश्मीरी गेट इलाके में मोरी गेट के खोया मंडी के पास बस ने एक शख्स को कुचल दिया है। मौके पीसीआर के अलावा स्थानीय पुलिस पहुंची और घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। दस्तावेजों के आधार पर हादसे में मारे गए शख्स की पहचान हुई। वह मूल रूप से बिहार के मधुबनी के थे। दिल्ली में कारी शाह कहां रहते थे, इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस उसके परिजनों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। शव को कब्जे में लेकर सब्जी मंडी मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है।

### शशि थरूर ने लोकसभा चुनाव के लिए तिरुवनंतपुरम से फिर दाखिल किया नामांकन



**तिरुवनंतपुरम एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तीन बार के लोकसभा सांसद शशि थरूर ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को लगातार चौथी बार तिरुवनंतपुरम निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। थरूर दोपहर में विधायक एम विंसेंट, वीएस शिवकुमार और तिरुवनंतपुरम डीसीसी अध्यक्ष पालोडे रवि और अन्य कार्यकर्ताओं सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ यहां जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे।

अपना नामांकन दाखिल करने से पहले थरूर ने श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर और पझावंगडी गणपति मंदिर सहित निर्वाचन क्षेत्र के प्रसिद्ध मंदिरों में पूजा-अर्चना की। वरिष्ठ सीपीआई नेता और तिरुवनंतपुरम के पूर्व सांसद पन्नियन रवींद्रन और भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर मैदान में थरूर के चुनौतीकर्ता हैं। केरल में 26 अप्रैल को राज्य की सभी 20 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा।

## गोवा पुलिस ने बेटे की हत्या के मामले में सूचना सेठ के खिलाफ दाखिल किया आरोपपत्र

**पणजी, एजेंसी।** गोवा पुलिस ने कैंडोलिम के एक अपार्टमेंट में अपने चार साल के बेटे की हत्या की आरोपित एवं एक स्टार्टअप की सीईओ सूचना सेठ के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। सेठ को सात जनवरी की रात को कर्नाटक के चित्रदुर्ग से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के समय वह अपने बेटे के शव को बैग में डालकर टैक्सी से यात्रा कर रही थी।

आरोप है सेठ अपने बच्चे की हत्या करने के बाद छह जनवरी की रात को गोवा छोड़कर चली गई थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि कैलंगुट पुलिस ने इस सप्ताह सूचना सेठ के खिलाफ 642 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया है। आरोपपत्र में उल्लेख किया गया है कि बच्चे की मौत सदमे और गला घोंटने के कारण हुई।



## एक महिला, कई से रिश्ते: पति के घर से गहने-नगदी व कार लेकर फरार, खुद को अनाथ बता की थी शादी

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में एक महिला की चापलूसी का गजब मामला सामने आया है। तीन-तीन बच्चों की मां होने के बाद भी खुद को अविवाहित और अनाथ बता इंजीनियर से शादी कर ली। अपने और परिचितों के खातों में लाखों रुपये डलवाए। इतना ही नहीं शादी के करीब चार साल बाद गहने, नगदी, एसी व कार समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गई।

थाने में सुनवाई न होने पर पति ने एडिशनल पुलिस कमिश्नर के आदेश पर महिला और उसके सात परिचितों के खिलाफ बजरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कर्नलगंज बजरिया निवासी शानू सोनकर इंजीनियर हैं और वर्तमान में टाटा कंपनी में नौकरी करते हैं। शानू ने बताया कि वर्ष 2018 में उनकी मुलाकात औरैया के बिधूना ऊसराहार निवासी श्रेया उर्फ प्रीति दुबे से हुई थी। तब वह घर-घर सामान बेचने का काम करती थी। श्रेया ने खुद को अनाथ बताकर उससे नजदीकियां बढ़ाईं। इसके बाद 28 नवंबर 2019 को दोनों ने शादी कर ली। शादी के बाद श्रेया ने 7.50 लाख रुपये अपने खाते में जमा करवाए। इसके बाद कन्नौज के सतौर निवासी गणेश, शिवम व विनय बाजपेई को अपना रिश्तेदार बताकर उन्हें 3.50 लाख रुपये दिलवा दिए।

**करीब डेढ़ लाख रुपये दिलवा दिए:** कुछ दिन बाद उसने भाई दुर्गेश, मयंक, पिता अरुण, मां कुसुम, बहन प्रियंका व बहनोई पुनीत से भी मुलाकात कराई। फिर उन्हें भी करीब डेढ़ लाख रुपये दिलवा दिए। शानू ने बताया कि जब उसने श्रेया से कहा कि तुम तो खुद को अनाथ बता रहीं थीं और अब ये घर वाले कहां से आ गए, तो वह विवाद करने लगी।

## तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, 4 की मौत

**संगारेड्डी (तेलंगाना)।** संगारेड्डी जिले के चंदुर गांव में एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने के बाद भीषण विस्फोट हुआ है। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 1 गंभीर रूप से घायल हुआ है। बता दें कि यह आग एसबी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड में लगी है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच चुकी है। हदनूर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि एक केमिकल फैक्ट्री एसबी ओरेगनिक्स प्राइवेट लिमिटेड में विस्फोट से आग लग गई। इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गई है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने संगारेड्डी जिले की एक फैक्ट्री में हुई आग दुर्घटना की समीक्षा की है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को समझाया कि आग रिएक्टर फटने से लगी है। मुख्यमंत्री कार्यालय के हवाले से बताया गया कि सीएम ने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को तुरंत बचाव कार्य तेज कर आग पर काबू पाने का आदेश दिया।

## गृह मंत्रालय ने कानून उल्लंघन को लेकर एनजीओ पर लिया एक्शन, पांच गैर सरकारी संगठनों का किया एफसीआरए रद्द




**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के कथित उल्लंघन के लिए पांच गैर सरकारी संगठनों का पंजीकरण रद्द कर दिया है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मिली जानकारी के अनुसार, जिन एनजीओ का पंजीकरण रद्द किया गया है उनमें सीएनआई सिनोडिकल बोर्ड ऑफ सोशल सर्विस , वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया इंडो-ग्लोबल सोशल सर्विस सोसाइटी , चर्च ऑक्जिलरी फॉर सोशल एक्शन और इवेंजेलिकल फेलोशिप ऑफ इंडिया शामिल हैं।

ये सभी एनजीओ विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण रद्द होने के साथ अब विदेशी योगदान प्राप्त नहीं कर पाएंगे और न ही मौजूदा उपलब्ध धन का उपयोग कर पाएंगे। सूत्रों ने कहा कि गृह मंत्रालय ने कथित तौर पर उन कार्यों के लिए धन का उपयोग करने के लिए गैर सरकारी संगठनों का एफसीआरए पंजीकरण रद्द कर दिया जो उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं थे। उन्होंने कहा कि एनजीओ ने एफसीआरए के प्रावधानों के विपरीत गतिविधियों में शामिल होकर कानूनों का उल्लंघन किया है। 17 जुलाई, 2023 तक वैध एफसीआरए लाइसेंस वाले 16,301 एनजीओ थे। केंद्र ने कानून के उल्लंघन के लिए पिछले पांच वर्षों में 6,600 से अधिक गैर सरकारी संगठनों के एफसीआरए लाइसेंस रद्द किए गए हैं। कुल मिलाकर, पिछले दशक में 20,693 एनजीओ के एफसीआरए लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं।

## बाइडन को पीछे छोड़ते दिखाई दे रहे ट्रंप, सात में से छह राज्यों की पसंद बने पूर्व राष्ट्रपति



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। इसके लिए मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ी टक्कर है। इस बीच सामने आए एक ओपिनियन पोल ने चौंकाने वाला दावा किया है। बताया जा रहा कि बाइडन सात में से छह राज्यों में अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी ट्रंप से पीछे चल रहे हैं।

वॉल स्ट्रीट जर्नल द्वारा कराए गए सर्वे में पता चला है कि मतदाता बड़ी संख्या में राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को लेकर संतुष्ट नहीं हैं। इसके अलावा, यहां के लोगों को बाइडन की क्षमता पर भी संदेह हैं। डोनाल्ड ट्रंप छह राज्यों पेंसिल्वेनिया, मिशिगन, एरिजोना, जॉर्जिया, नेवाडा और नॉर्थ कैरोलिना में दो से आठ प्रतिशत अंकों से आगे चल रहे हैं। हालांकि, विस्कॉन्सिन में बाइडन तीन अंक आगे चल रहे हैं।

इतना ही नहीं सर्वे में सामने आया है कि हर राज्य में राष्ट्रपति बाइडन के काम को पसंद नहीं करने वाले ज्यादा लोग हैं। वहीं, इसके उलट ट्रंप जब राष्ट्रपति थे तब उन्हें केवल एक राज्य एरिजोना में पसंद नहीं किया जाता था। रियल क्लियर पॉलिटिक्स के अनुसार, ट्रंप और बाइडन के बीच कड़ी टक्कर है। प्रमुख राष्ट्रीय सर्वेक्षणों के औसत से पता चलता है कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप बाइडन से 0.8 प्रतिशत अंक आगे हैं।

एक अखबार का कहना है, बाइडन और ट्रंप दोनों पिछले महीने आसानी से अपनी पार्टी के संभावित उम्मीदवार बन गए थे, लेकिन प्रत्येक उम्मीदवार को 2020 के मुकाबले में एक लंबे और कठिन अभियान का सामना करना पड़ेगा। इससे पहले, ओहायो के डायटन में एक रैली को संबोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था, हम सीमा पार आने वाली हर कार पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने जा रहे हैं और अगर मैं चुना जाता हूं तो आप उसे बेच नहीं पाएंगे। अगर अब मैं चुना नहीं जाता हूं तो यहां खून-खराबा होगा। कम से कम यह होगा ही। खून-खराबा देश के लिए होने जा रहा है।

हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप के इस बयान का क्या आशय था। दरअसल, जिस समय उन्होंने यह चेतावनी दी उस सनय वह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति वाहन उद्योग के बारे में शिकायत कर रहे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर वह फिर से चुने जाते हैं तो चीन अमेरिका में आयातित किसी भी वाहन को बेचने में सक्षम नहीं होगा।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रचार अभियान के प्रवक्ता जेम्स सिंगर ने डोनाल्ड ट्रंप के बयान की निंदा की थी। साथ ही इस बात पर जोर दिया था कि अमेरिका की जनता उन्हें राष्ट्रपति चुनाव नहीं जिताएगी। सिंगर ने कहा था, अमेरिकी जनता उन्हें नवंबर में एक और चुनावी हार देने जा रही है क्योंकि वे उनके चरमपंथ, हिंसा के प्रति उनका व्यार और बदला लेने की उनकी आदत को खारिज करते रहेंगे।

## कच्चाथीवू पर श्रीलंका बोला- मसला 50 साल पहले सुलझ चुका

**कोलंबो , एजेंसी।** कच्चाथीवू पर विवाद के बीच श्रीलंका की तरफ से पहला आधिकारिक बयान सामने आया है। श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने बुधवार को कहा, यह मुद्दा 50 साल पहले सुलझा लिया गया था। इसे दोबारा उठाने की कोई जरूरत नहीं है।

इफ्तार डिनर के दौरान एक सवाल के जवाब में साबरी ने कहा, कच्चाथीवू पर कोई विवाद नहीं है। भारत में सिर्फ राजनीतिक बहस चल रही है कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है। लेकिन इस पर अधिकार को लेकर कोई बात नहीं हुई है।

वहीं भारत में 2018-20 के दौरान श्रीलंका के हाई कमिश्नर रहे ऑस्टिन फेर्नांडो ने कहा, भारत में अभी भले ही सिर्फ वोट हासिल करने के लिए कच्चाथीवू का मुद्दा उठाया गया है, लेकिन चुनाव होने के बाद भारत सरकार के लिए इससे पीछे हटना मुश्किल हो जाएगा। भाजपा को इस बारे में सोचना चाहिए। पूर्व डिप्लोमैट ने इंडियन एक्सप्रेस से कहा, अगर भारत सरकार ने श्रीलंका की समुद्री सीमा पार की, तो इसे हमारी संप्रभुता के उल्लंघन के तौर पर देखा जाएगा। अगर पाकिस्तान गोवा के पास समुद्र के रास्ते घुसपैठ करेगा तो क्या भारत इसे बर्दाश्त करेगा। अगर बांग्लादेश ऐसा ही कुछ बंगाली की खाड़ी में करता है तो भारत की क्या प्रतिक्रिया होगी? फेर्नांडो ने कहा, तमिलनाडु के वोटरों को खुश करने के लिए भारत के विदेश मंत्री कह सकते हैं कि कच्चाथीवू में भारतीय मछुआरों को मछली पकड़ने का हक दिलवाएंगे। लेकिन यह हकीकत में कितना मुमकिन है, यह एक अलग मुद्दा है। अगर इस दौरान कोई विवाद हुआ तो उसे कौन संभालेगा। भारत के कोस्ट गार्ड को यह जिम्मेदारी नहीं दी जा सकती।करीब 2 दिन पहले श्रीलंका के एक मंत्री ने कहा था, भारत ने कच्चाथीवू पर अधिकार लौटाने को लेकर श्रीलंका से कोई बात नहीं की है।

## बाइडेन की इफ्तार में नहीं आए मुस्लिम, गाजा जंग में इजराइल के समर्थन पर जताई नाराजगी, व्हाइट हाउस को कैंसिल करना पड़ा रमजान सेलिब्रेशन



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** गाजा में चल रही जंग में इजराइल का समर्थन करने से अमेरिका के मुस्लिम नेता बाइडेन प्रशासन से नाराज हैं। इसका असर व्हाइट हाउस के रमजान सेलिब्रेशन पर भी पड़ा है। अमेरिका के मुस्लिम नेताओं ने बाइडेन की इफ्तार पार्टी का न्योता ठुकरा दिया। इसके चलते बाइडेन को रमजान सेलिब्रेशन कैंसिल करना पड़ा।

जबकि पिछले साल व्हाइट हाउस में हुई रमजान पार्टी में लोगों ने बाइडेन को आई लव यू कहा था। इस बार हालात बिल्कुल उलटे हैं। मुस्लिमों ने विरोध जताते हुए व्हाइट हाइस के बाहर नमाज पढ़ी। बाइडेन को अपने रमजान डिनर के लिए व्हाइट हाउस में ही काम करने वाले मुस्लिम अधिकारियों को जुटाना पडा। हालांकि, इन अधिकारियों के साथ डिनर से पहले बाइडेन ने कुछ मुस्लिम नेताओं से मीटिंग की। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक इस मीटिंग में मुस्लिम नेताओं ने गाजा में जंग पर अपनी बात रखी। कुछ तो मीटिंग को बीच में ही छोड़कर निकल गए। बाइडेन से मुलाकात करने वालों में फिलिस्तीनी मूल के अमेरिकी डॉक्टर थायर अहमद भी थे। उन्होंने कहा कि डिनर टेबल पर खाना खाते हुए आप भुखमरी की बात कैसे कर सकते हैं। डॉक्टर अहमद ने बाइडेन से कहा कि इजराइल गाजा में कत्लेआम मचा रहा है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति को राफा में रह रही एक 8 साल की बच्ची का खत दिखाया। जिसमें उसने लिखा है कि वो रोज रात इस डर में सोते हैं कि न जाने कब इजराइली टैंक उनके टेंटों को कुचल देंगे। लेटर में बच्ची ने लिखा था कि गाजा के बच्चे भी दुनिया के बच्चों की तरह शांति में जीना चाहते हैं। बाइडेन से 6 मिनट की चर्चा के बाद ही अहमद मीटिंग से निकल गए। अहमद के अलावा फिलिस्तीनी में लोगों का इलाज कर आए 3 और डॉक्टरों ने बाइडेन से मुलाकात की। बाइडेन के अलावा मुस्लिम नेताओं के साथ हुई मीटिंग में अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस और अमेरिका की फर्स्ट लेडी जिल बाइडेन और अमेरिकी नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर जेक सुलिवन भी मौजूद थे। बुधवार को जब सुलिवन से मीटिंग के अपडेट्स के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया।

## प्रेमी के साथ मिलकर बच्चे का दुष्कर्म करने वाली शिक्षिका पर लगा प्रतिबंध, अब कभी नहीं पढ़ा सकेगी

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन की जेल में बंद एक पूर्व शिक्षिका को बड़ी सजा सुनाई गई है। अब वह फिर से कभी पढ़ा नहीं सकेगी। उसे स्थायी रूप से शिक्षण पेशे में लौटने से रोक दिया गया है। दरअसल, एक प्राथमिक स्कूल में उप प्रमुख के रूप में काम करने के दौरान शिक्षिका ने एक बच्चे का दुष्कर्म किया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जूली मॉरिस उस वक्त टाइल्डस्ले में सेंट जॉर्ज सेंट्रल प्राइमरी स्कूल में सेफगार्डिंग लीड के तौर पर काम करती थी, जब उसने अपने प्रेमी डेविड मॉरिस के साथ मिलकर इस कृत्य को अंजाम दिया था।

मॉरिस को दोषी ठहराए जाने और सजा सुनाए जाने के बाद इस मामले को टीचिंग रेगुलेशन एजेंसी (टीआरए) को भेजा गया था। मामले की समीक्षा के लिए इस साल 19 फरवरी को तीन व्यक्तियों का एक पैनल बुलाया गया था। वहीं, जूली ने कार्यवाही को सार्वजनिक न कराने का अनुरोध किया था। इस पर उसके बिना उपस्थित हुए कार्यवाही हुई। पैनल ने निष्कर्ष निकाला कि मॉरिस की हरकतें एक शिक्षक होने के साथ मौलिक रूप से असंगत थीं। इसके बाद फैसला लिया गया कि वह अब फिर कभी शिक्षण पेशे में नहीं लौट सकती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129